RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 144
नई दिल्ली, शुक्रवार, 31 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




धोनी ने बाएं घुटने में चोट के कारण नहीं किया अभ्यास

स्पोर्ट्स-12

# इंदौर में रामनवमी पर बड़ा हादसा

● मंदिर की बावड़ी की छत धंसी, 12 की मौत और हवन कर रहे 30 लोग 40 फुट नीचे गिरे, 17 को बचाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** इंदौर, भोपाल



इंदौर में बावड़ी की छत धंसने से गिरी महिला को निकालते बचावकर्मी

**इंदौर** के एक मंदिर में रामनवमी पर बृहस्पतिवार को आयोजित हवन के दौरान पुरातन बावड़ी की छत धंसने से 11 महिलाओं समेत 12 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, स्थानीय लोगों का दावा है कि हादसे के दौरान मंदिर में मौजूद कम से कम 15 लोग अब भी लापता हैं।

उधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख जताते हुए मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए दिए जाएंगे और घायलों को पचास-पचास हजार रुपए दिए जाएंगे। जिलाधिकारी डॉ. टी. इलैयाराजा ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की मदद से चलाए गए बचाव अभियान के तहत करीब 20 लोगों को बावड़ी से बाहर निकालकर बचाया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मंदिर में हुए हादसे की मजिस्ट्रेट जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे में मारे गए सभी लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन ऐसे सार्वजनिक स्थानों को चिह्नित करेगा, जहां इस तरह के हादसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर के संकरी जगह में बने होने के कारण बचाव कार्य में बाधा आई और इस दौरान मंदिर की एक दीवार तोड़ कर पाइप इसके भीतर डाला गया और बावड़ी का पानी मोटर से खींचकर बाहर निकाला गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर में पुरातन बावड़ी की छत पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी और छत ज्यादा लोगों का बोझ नहीं सहन कर सकी। रहवासियों ने बताया कि मंदिर पुरातन बावड़ी पर छत डालकर बनाया गया था। हादसे के बाद मंदिर के आस-पास उन चिंतित लोगों की भीड़ जुट गई जिनके परिजन हादसे के वक्त मंदिर में मौजूद थे। पटेल नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष कांतिभाई पटेल ने इस बात पर नाराजगी जताई कि हादसे की सूचना दिए जाने के बाद भी एक घंटे तक मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची थी। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान लक्ष्मी पटेल (70), भारती कुकरेजा (58), जयवंती खूबचंदानी (84), दक्षा पटेल (60), मधु भम्मानी (48), मनीषा मोटवानी (40), गंगा पटेल (58), कनक पटेल (32), पुष्पा पटेल (49), भूमिका ख़ानचन्दानी (31) और इंद्र कुमार हरवानी (53) के रूप में हुई है। चौहान (शेष पेज 9)

## गुजरात, महाराष्ट्र व बंगाल में झड़प-आगजनी

**पीएनएस/एजेंसी।** औरंगाबाद/वडोदरा/हावड़ा

**रामनवमी** के मौके पर देश के कई हिस्सों में झड़प और आगजनी की सूचना मिली है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में कुछ युवाओं के बीच झड़प होने के बाद 500 से अधिक लोगों की भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर हमला कर दिया। भीड़ के हमले में 10 पुलिसकर्मियों समेत 12 लोग घायल हो गए। पश्चिम बंगाल के हावड़ा शहर में जुलूस निकालने के दौरान गुटों में झड़प हो गई। इस दौरान कई वाहनों को आग लगा दी गई तथा दुकानों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात के वड़ोदरा शहर में दो स्थामों पर राम नवमी के जुलूस पर बृहस्पतिवार को पथराव किया गया। औरंगाबाद में पुलिस ने जब हालात पर काबू पाने का प्रयास किया तो लोगों ने पथराव किया और पेट्रोल से भरी बोतलें फेंकी। अधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर (शेष पेज 9)

## भगवान राम हमारी पहचान हैं: राजनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भगवान राम भारत की पहचान हैं, केवल पत्थर या लकड़ी की मूर्ति भर नहीं हैं। सिंह ने कहा कि सरकार अस्पताल बनाएगी, स्कूल बनाएगी, उद्योग लगाएगी और साथ में मंदिर भी बनाएगी। वह यहां आयोजित एक कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। राम नवमी के अवसर पर उन्होंने कहा, जब राम मंदिर निर्माण की बात आई तो कई लोगों ने इस बारे में अपनी राय देनी शुरू कर दी। कुछ लोगों की राय थी कि उस जगह अस्पताल बनाया जाए, तो कुछ ने कहा कि एक स्कूल बनाया जा सकता है। (शेष पेज 9)

# ललित मोदी ने राहुल गांधी पर ब्रिटेन में मुकदमे की धमकी दी

मोदी सरनेम विवाद

● भाजपा की निष्क्रियता के चलते विदेश में शानो शौकत की जिंदगी जी रहा है भगोड़ा ललित मोदी: कांग्रेस

**पीएनएस/एजेंसी।** लंदन/नई दिल्ली





**भारत** में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व प्रमुख ललित मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया और मोदी सरनेम वाली टिप्पणी के लिए उन पर ब्रिटेन की अदालत में मुकदमा चलाने की धमकी दी।

वहीं कांग्रेस ने ललित मोदी की धमकी पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि अब ऐसे वैश्विक घोटालेबाज लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचाव में सामने आ रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि क्या अब नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, विजय माल्या आदि पर भी राहुल गांधी पर मामला दायर करने का दबाव डाला जाएगा? कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, ललित मोदी करोड़ों डॉलर का गबन करने वाला भगोड़ा है। वह भाजपा की निष्क्रियता के चलते विदेश में शानो-शौकत की जिंदगी जी रहा है। अगर वह सोचता है कि उसे लोग गंभीरता से लेंगे तो यह हास्यास्पद बात है। यह प्रधानमंत्री मोदी के लिए और भी शर्मनाक है कि एक वैश्विक घोटालेबाज उनके बचाव में आगे आ रहा है।

ललित मोदी (59) ने अब तक किसी आरोप के लिए दोषी नहीं ठहराए जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा भगोड़ा बताने के लिए भी निशाना साधा। सिलसिलेवार ट्वीट में ललित मोदी ने खुद को इस दुनिया में सबसे बड़े खेल आयोजन के पीछे की शख्सियत बताते हुए दावा किया कि इससे 100 अरब डॉलर की कमाई हुई है। ललित ने अपने दादा-दादी की तस्वीरें पोस्ट कर कहा कि उसके परिवार ने गांधी परिवार की तुलना में भारत के लिए अधिक योगदान दिया है। ललित ने ट्वीट में कहा, मैं लगभग हर टॉम, डिक और गांधी के सहयोगियों को बार-बार यह कहते हुए देखता हूं कि मैं भगोड़ा हूं। क्यों? कैसे? और मुझे कब इसके लिए दोषी ठहराया गया। ललित ने कहा, पप्पू उर्फ राहुल गांधी की तरह नहीं हूं, एक आम नागरिक और ये कह रहा हूं कि ऐसा लगता है कि विपक्षी नेताओं के पास करने के लिए कुछ नहीं है। उनके पास या तो गलत जानकारी है या फिर वे बदले की भावना से बोलते रहते हैं।

उसने कहा, मैंने राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटेन की अदालत में जाने का फैसला किया है। मुझे विश्वास है कि वह कुछ ठोस सबूत लेकर आएंगे। मैं उन्हें पूरी तरह से बेवकूफ बनते देखने के लिए उत्सुक हूं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर ललित मोदी का हमला ऐसे वक्त हुआ है जब कुछ दिन पहले, मोदी सरनेम वाली टिप्पणी को लेकर (शेष पेज 9)

# यूपी निकाय चुनाव की आरक्षण सूची जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● छह अप्रैल तक दी जा सकेंगी आपत्तियां, निस्तारण के बाद जारी होगी अंतिम सूची

**उत्तर** प्रदेश नगर निकाय में आरक्षण का दोबारा ऐलान गुरुवार को हो गया। यूपी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण संबंधी संशोधन अध्यादेश पर बीती देर रात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मंजूरी मिल जाने के बाद प्रदेश की योगी सरकार ने निकाय चुनाव में नगर निगम मेयर की 17, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की 544 और नगर पंचायत अध्यक्ष की 199 सीटों पर चुनाव के लिए आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना गुरुवार की शाम जारी कर दी।

इसके साथ ही पांच दिसंबर 2022 को सीटों के आरक्षण की जारी की गई अनंतिम अधिसूचना को रद्द कर दिया गया है। नई अधिसूचना के बाद महिलाओं की 33 प्रतिशत सीटें बढ़ी हैं। ओबीसी की सीटों में कोई बदलाव नहीं आया है जबकि एससी की आठ सीटें बढ़ी हैं। इस सबंध में जानकारी देने के लिए बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि यह अनंतिम सूची है। छह अप्रैल तक इस पर आपत्तियां दी जा सकती हैं। आपत्तियां आने और उनका निस्तारण के बाद अंतिम सूची जारी होगी। 17 नगर निगमों में से 8 अनारक्षित हैं।

नगर निगम को पहले की तरह राज्य स्तर पर आरक्षित किया गया है। नगर परिषद में मंडल स्तर से आरक्षण की व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत में जिला स्तर पर आरक्षण की व्यवस्था हुई है। यूपी में 545 नगर पंचायत हैं लेकिन एक का मामला कोर्ट में फंसा है इसलिए 544 सीटों के लिए आरक्षण जारी किया गया है। इसी तरह 199 नगर पालिका परिषद और 17 नगर निगमों के लिए आरक्षण की (शेष पेज 9)

## पुरोहित को आरोपमुक्त करने की याचिका उच्चतम न्यायालय ने खारिज की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोप मुक्त किए जाने का अनुरोध करने वाली लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित की याचिका खारिज कर दी है। बंबई उच्च न्यायालय ने आरोप मुक्त करने का अनुरोध करने वाली पुरोहित की याचिका दो जनवरी को खारिज कर दी थी। पुरोहित ने इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। सितंबर 2008 में हुए विस्फोट के इस मामले में पुरोहित के अलावा भारतीय जनता पार्टी की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत छह आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। इन सभी आरोपियों को फिलहाल जमानत मिली हुई है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय के जिस आदेश को चुनौती दी गई है, उसमें कहा गया है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीआरपीसी (शेष पेज 9)

# जर्मनी ने राहुल मामले का लिया संज्ञान

● भाजपा ने कांग्रेस पर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा और कांग्रेस में रार





**राहुल** गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच जर्मनी ने इस मामले पर संज्ञान लिया है जिसके बाद दोनों प्रमुख दलों ने एक-दूसरे पर नए सिरे से वार-पलटवार किए।

भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने का आरोप लगाया तो विपक्षी दल ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अडाणी मुद्दे से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त निशाना साधा जब उसके वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय का आभार जताया। दिग्विजय सिंह ने ट्वीट किया, राहुल गांधी को परेशान करके भारत में लोकतंत्र से समझौता किया जा रहा है और इसका संज्ञान लेने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्रालय तथा डॉयचे वैले के मुख्य अंतरराष्ट्रीय संपादक रिचर्ड वाकर का शुक्रिया।

सिंह ने वाकर का एक ट्वीट टैग किया जिसमें राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता से अयोग्यता पर प्रतिक्रिया देते हुए जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का एक वीडियो है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, हमने भारत में विपक्षी नेता राहुल गाधी के खिलाफ फैसले और उनकी संसदीय सदस्यता निलंबित किए जाने का संज्ञान लिया है। प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हमारी जानकारी के मुताबिक, गांधी फैसले को चुनौती दे सकते हैं। तब यह स्पष्ट होगा कि क्या यह फैसला टिक पाएगा और क्या निलंबन का कोई आधार है?

प्रवक्ता ने कहा कि जर्मनी को उम्मीद है कि न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत समान रूप से राहुल गांधी के खिलाफ कार्यवाही पर लागू होंगे। भाजपा के कई नेताओं ने कांग्रेस और दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित (शेष पेज 9)

# रिश्वत मामले में सफदरजंग अस्पताल के न्यूरोसर्जन समेत पांच गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सीबीआई ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी की और आरोपी डॉ. मनीष रावत को तड़के पकड़ा

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो ने सफदरजंग अस्पताल में इलाज के नाम पर रिश्वत लेने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ कर अस्पताल के न्यूरो सर्जन डा. मनीष रावत समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में नई दिल्ली के जंगपुरा इलाके में सर्जिकल उपकरण की दुकान चलाने वाला एक दुकानदार भी शामिल है। बाकी आरोपी बिचौलिए के रूप में काम कर रहे थे।

सभी के खिलाफ रिश्वतखोरी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई ने इन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। इस बीच, सफदरजंग अस्पताल ने बयान जारी कर डा. मनीष रावत के गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की है। साथ ही यह भी बताया अस्पताल में उनका मेडिकल परीक्षण हुआ। सीबीआई को एक शिकायत मिली थी जिसमें कहा गया था कि सफदरजंग अस्पताल में तैनात न्यूरो सर्जन डा. मनीष रावत नियमों की अवहेलना कर सर्जरी के नाम पर रिश्वत ले रहे है। वह कई मामलों में भ्रष्टाचार में लिप्त है। इनमें नई दिल्ली में कनिष्क सर्जिकल के नाम से दुकान चलाने वाला दीपक खट्टर भी शामिल है।

रिश्वत के इस खेल में तीन बिचौलिए भी उनका साथ दे रहे हैं। जो मरीजों को बहला फुसला कर सर्जरी के लिए रुपये देने को मजबूर करते थे। जांच ने रावत के अपने मरीजों को एक बिचौलिए के बैंक खाते में 30,000 रुपये से लेकर 1.15 लाख रुपये तक की रिश्वत जमा करने के निर्देशों का खुलासा किया है। यह भी आरोप है कि हाल ही में तीन अलग-अलग (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,960 | |
| निफ्टी | 17,080 | |
| सोना | 58,740 | /10g |
| चांदी | 70,100 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दुर्लभ रोगों की दवाओं को सीमा शुल्क से मिली छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दुर्लभ रोगों के उपचार के संबंध में निजी उपयोग के लिए विशेष चिकित्सा उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयातित सभी औषधियों व खाद्य सामग्रियों को सीमाशुल्क से पूरी छूट दे दी है। यह छूट एक अप्रैल से प्रभाव में आएगी। सरकार ने भिन्न-भिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाले पेमब्रोलीजूमाब (केट्रूडा) को भी बुनियादी सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया है। दवाओं/औषधियों पर आम तौर से 10 प्रतिशत बुनियादी सीमा शुल्क लगता है, जबकि प्राणरक्षक दवाओं/टीकों की कुछ श्रेणियों पर रियायती दर से पांच प्रतिशत या शून्य सीमा शुल्क लगाया जाता है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति 2021 के तहत सूचीबद्ध सभी दुर्लभ रोगों के उपचार के संबंध में निजी उपयोग के लिए विशेष चिकित्सा उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आयातित सभी औषधियों व खाद्य सामग्रियों को सीमाशुल्क से पूरी छूट दे दी है।

## एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी अमेरिका में कर सकेंगे काम

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया है कि एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी अमेरिका में काम कर सकते हैं। अमेरिका की जिला न्यायाधीश तान्या चटकन ने सेव जॉब्स यूएसए द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के विनियम को खारिज करने का अनुरोध किया गया था।

इस विनियम के तहत कुछ श्रेणी के एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथियों को रोजगार अधिकार कार्ड दिया जाता है। सेव जॉब्स यूएसए एक ऐसा संगठन है, जिसमें आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) कर्मचारी भी शामिल हैं, जो दावा करते हैं कि एच- 1बी वीजा धारकों की वजह से उनकी नौकरी चली गई है। अमेजन, एप्पल, गगूल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने मुकदमे का विरोध किया था। इस विनियम के तहत अमेरिका ने अब तक लगभग 1,00,000 एच- 1बी वीजा धारी कर्मचारियों के जीवनसाथियों को काम का अधिकार दिया है, जिनमें बड़ी संख्या में भारतीय शामिल हैं।

न्यायाधीश तान्या चटकन ने अपने आदेश में कहा कि सेव जॉब्स यूएसए का पहला तर्क यह है कि कांग्रेस (अमेरिकी संसद) ने डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी को कभी एच-4 वीजा धारकों जैसे विदेशी नागरिकों को अमेरिका में रहने के दौरान काम करने की अनुमति नहीं दी है। न्यायाधीश ने कहा कि कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से और सोच-समझकर अमेरिका सरकार को अधिकार दिया है कि वह अमेरिका में एच-4 वीजा धारकों के जीवनसाथी के रहने की अनुमेय शर्त के रूप में रोजगार को अधिकृत करे। (शेष पेज 9)

## अजय बंगा विश्व बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष बनने की राह में

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय** मूल के अमेरिकी कारोबारी अजय बंगा निर्विरोध विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष बनने की राह में आगे बढ़ रहे हैं। इस पद के लिए नामांकन करने की आखिरी तारीख खत्म हो गई है और किसी भी देश ने वैकल्पिक उम्मीदवार का नाम आगे नहीं बढ़ाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरवरी में कहा था कि अमेरिका विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा का नामांकन कर रहा है, क्योंकि वह इतिहास के इस नाजुक क्षण में वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह योग्य हैं। विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष के लिए नामांकन की आखिरी तारीख बुधवार को खत्म हो गई। इस दौरान 63 वर्षीय बंगा के मुकाबले में कोई नाम नहीं आया। मास्टरकार्ड इंक के पूर्व प्रमुख बंगा इस समय जनरल अटलांटिक में वाइस चेयरमैन के (शेष पेज 9)

# मोदी ने द एलीफेंट व्हिस्पर्स की टीम से की मुलाकात



लघु वृत्तचित्र श्रेणी में ऑस्कर विजेता 'द एलीफेंट व्हिस्पर्स' फिल्म की टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मोदी ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में ऑस्कर विजेता फिल्म की सराहना की

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट (लघु वृत्तचित्र विषय) श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले वृत्तचित्र 'द एलीफेंट व्हिस्पर्स' के निर्माण से संबंधित टीम के सदस्यों से मुलाकात की। मोदी ने गोंजाल्विस और मोंगा सहित तमिल वृत्तचित्र की टीम के कुछ सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि द एलीफेंट व्हिस्परर्स की सिनेमाई प्रतिभा और सफलता ने वैश्विक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ प्रशंसा भी हासिल की है। आज मुझे इससे जुड़ी शानदार टीम से मिलने का मौका मिला। उन्होंने भारत को बहुत गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही मोदी ने टीम और उनकी ऑस्कर ट्राफियों के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं।

द एलीफेंट व्हिस्परर्स ने 95वें अकादमी पुरस्कारों में डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया था। 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' की निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस इस फिल्म के निर्माण के लिए 5 साल तक मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में रहीं थीं। इस फिल्म की निर्माता गुनीत मोंगा हैं। इस फिल्म की शूटिंग मुदुमलाई टाइगर के एलिफेंट कैंप में की गई है। यह वृत्तचित्र नेटफ्लिक्स पर हिन्दी, इंग्लिश, तेलुगु और तमिल भाषा में मौजूद है. क्या आप जानते हैं कि इस मूवी को जिस जगह पर शूट किया गया है, वो जगह बहुत खूबसूरत है और घूमने के शौकीन लोगों के लिए एक बेस्ट टूरिस्ट स्पॉट है।

### हाथी के बच्चे और मनुष्यों के बंधन की कहानी

**कार्तिकी** गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित और गुनीत मोंगा द्वारा निर्मित तमिल भाषा के 39 मिनट के लघु वृत्तचित्र द एलीफेंट व्हिस्पर्स तमिलनाडु के एक अभयारण्य में मनुष्यों और एक परित्यक्त हाथी के बच्चे के बीच के बंधन की कहानी है। इसमें इंसान और जानवर के बीच के प्यार और उनके बंधन को खूबसूरती से दर्शाया गया है।

### मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में हुई शूटिंग

**ऑस्कर** अवॉर्ड्स में अपनी जीत का रंग बिखेरने वाली 39 मिनट की लघु वृत्तचित्र फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' की शूटिंग नीलगिरि की पहाड़ियों के बीच ऊटी के हरे-भरे सुंदर जंगलों के पास मौजूद मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में मौजूद थेप्पाकडू एलीफेंट कैंप हुई है। जो जंगली हाथियों (शेष पेज 9)

# बिल्डरों पर 26 हजार करोड़ बकाया, खाली फ्लैट होंगे सील

## नोएडा में 22 हजार फ्लैट बायर्स को रजिस्ट्री का इंतजार, रि-शिड्यूलमेंट स्कीम आज खत्म

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग का करीब 26 हजार करोड़ बिल्डरों के यहां फंसा हुआ है। ये पैसा अब तक वापस जा जाना चाहिए था लेकिन बिल्डरों ने जमा नहीं किया।

इसे वापस लाने के लिए प्राधिकरण ने बिल्डरों को कई मौके व विकल्प दिए। लेकिन इसका फायदा बिल्डरों ने नहीं लिया। नोएडा में 116 प्रोजेक्ट है। जिसमें 1 लाख 66 हजार 878 यूनिट सेंक्शन है। जिसमें से 99 हजार 39 यूनिट का ओसी जारी हो चुका है।

61 हजार 699 यूनिट की सब लीज हो चुकी है। और 22 हजार 576 का ओसी जारी हो चुका है लेकिन इनकी सब लीज नहीं हो सकी है। क्योंकि बिल्डर ने प्राधिकरण में पैसा जमा नहीं किया है। हालांकि प्राधिकरण ने दावा किया कि उनके दिए गए विकल्प के बाद 10 मार्च 2023 तक यानी एक साल में 3475 सबलीज की गई। प्राधिकरण ने बिल्डरों के लिए रि शिड्यूलमेंट स्कीम निकाली थी। इसकी आखिरी तिथि 31 मार्च है।

हालांकि हाल ही में क्रेडाई और प्राधिकरण के बीच हुई बैठक में बिल्डरों ने स्कीम को छह महीने के लिए बढ़ाने और हरियाणा की तर्ज पर ओटीएस स्कीम लाने के लिए कहा था। प्राधिकरण ने इसे मना कर दिया। अब 10 ऐसे ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट व बिल्डर चिह्नित हो गए हैं। इनकी आरसी जारी करने की प्रक्रिया भी प्राधिकरण में शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि हर प्रोजेक्ट में बकायादार बिल्डर के खिलाफ आरसी नहीं जारी होगी। अगर प्रोजेक्ट में बिल्डर के गैर बिके फ्लैट या व्यवसायिक संपत्तियां हैं तो उनको सील करवाया जाएगा। अगर जमीन खाली पड़ी हुई है तो उसे चिह्नित कर वापस कब्जे में लेगी। यह दोनों विकल्प जहां नहीं होंगे उनको आरसी की सूची में डाला जाएगा।

### डूबने की कगार पर ये 15 बिल्डर

नोएडा की 15 बिल्डर परियोजनाएं दिवालिया होने की प्रक्रिया चल रही है। इनके मामले एनसीएलटी में चल रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण का भी करीब 3996.96 करोड़ रुपए फंस गए हैं। पैसे लेने के लिए प्राधिकरण सख्ती भी नहीं बरत पा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 15 में से चार ऐसी परियोजनाएं हैं जिनके कुल स्वीकृत फ्लैट में से एक की भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। रजिस्ट्री के अलावा सोसाइटी से जुड़े आईएफएमएम का पैसा समेत सभी काम आईआरपी के जरिए होंगे। इनमें सुपरटेक लिमिटेड, सेक्टर.74, अजनारा इंडिया सेक्टर.74, रेड फोर्ट जहांगीर प्रॉपर्टीज, सेक्टर.100, ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज सेक्टर-110, आईवीआरसीएल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट, सेक्टर-119, शुभकामना बुल्डटैक सेक्टर.137, लॉजिक्स सिटी सेक्टर.143, थ्री सी प्रोजेक्ट सेक्टर-168, टुडे होम्स नोएडा सेक्टर.135, सुपरटेक लिमिटेड सेक्टर.137, जीएसएस प्रोकॉन सेक्टर.143बी, ऑप्यूलेंट इंफ्राडेवलपर्स सेक्टर-168, हेसिंडा प्रोजेक्ट सेक्टर.107, लॉजिक्स इंफ्राटेक सेक्टर-143, डोसाइल बुल्डटेक सेक्टर-143 है।

### बिल्डरों पर बकाया विभिन्न मदों में

1. आम्रपाली प्रोजेक्ट पर बकाया 3580.78 करोड़ कोर्ट केस
2. यूनिटेक प्रोजेक्ट पर बकाया 9760.06 करोड़ कोर्ट केस
3. एनसीएलटी प्रोजेक्ट 15 प्रोजेक्ट पर 3996.96 करोड़
4. कंपलीट प्रोजेक्ट पर बकाया 1529.73 करोड़
5. इनकंपलीट प्रोजेक्ट पर बकाया 7140.68 करोड़

# किसी और को परीक्षा में बैठाकर बना बैंक मैनेजर , मुकदमा दर्ज

● ट्रेनिंग के दौरान बैंक को हुआ शक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एक युवक फर्जी तरीके से बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद के लिए परीक्षा पास कर गया। वह बैंक में नौकरी के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित एक इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग पर आया।

ट्रेनिंग के दौरान उस पर शक हुआ तथा बैंक वालों ने इस बाबत जांच की। उन्होंने जब जांच की तो पता चला कि युवक ने अपनी जगह किसी और को बैठाकर परीक्षा पास किया था। इस बाबत आईडीबीआई बैंक के मैनेजर ने थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित आईडीबीआई बैंक के मैनेजर अमित राणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक युवक प्रिंस कुमार निवासी बिहार ने बैंक के वाराणसी और लखनऊ मैं असिस्टेंट मैनेजर के पद के लिए परीक्षा में दिया था। उसने अपनी जगह किसी और को बैठाकर परीक्षा दिलवाया तथा पास हो गया।

युवक की नौकरी आईडीबीआई बैंक में लग गई। उसे ट्रेनिंग के लिए एक संस्थान में भेजा गया। वहां पर वह काफी डल दिखाई दिया। शक होने पर उसका बायोमेट्रिक आदि मैच करवायाए तब पता चला कि उसने अपनी जगह किसी और को बैठाकर परीक्षा पास किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# कोरोना के 3 नए केस मिले, 11 मरीज हुए ठीक

● एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 56 हुई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोविड के मामलों में गुरुवार को थोड़ी राहत मिली है। विगत 24 घंटे में तीन नए मामले सामने आए। वहीं 11 मरीज ठीक हुए हैं। अब सक्रिय मामलों की संख्या 56 हो गई है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर जांच संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। विगत दिनों कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चार एल-1 और चार एल-2 स्तर के अस्पताल अलर्ट मोड कर दिया गया है। हालांकि जो मरीज मिल रहे है उनमें अधिकतर असिम्प्टोमेटिक है। किसी भी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल पुराना कोविड अस्पताल के तृतीय तल पर कोविड डेडिकेटेड वार्ड तैयार है। जनपद में 17 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हैं।

इनमें 11 सरकारी और 6 निजी संयंत्र हैं। विभाग के पास बड़ी संख्या में 10 लीटर के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि उपचार से बेहतर है बीमारी से बचाव। इसलिए लोगों को चाहिए कि वह कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करें। लापरवाही से समस्या बढ़ा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर जाएं तो मास्क जरूर पहनें। घर आने पर और कुछ भी खाने पीने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन पानी से धोएं। मौसम बदलने की वजह से खांसी जुकाम-बुखार की शिकायत हो जाती है।

इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस आईएलआई और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन सारी के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से परामर्श लें और कोविड की जांच कराएं। उप जिला सर्विलांस अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा अमित कुमार ने बताया कि जनपद में कोविड से निपटने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सर्विलांस सिस्टम को मजबूत किया गया है।

# राम नवमी पर महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब

● उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला व एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने मेले में व्यवस्था बनाने की कमान संभाली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में नवमी पर प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मेले में बुधवार को भी अव्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालूओं का बोलबाला रहा। दो किलोमीटर तक पैदल चलकर श्रद्धालू मंदिर तक पहुंच रहे है।

मंगलवार की घटना से सबक लेते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्ट पर रहे। गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में गुरुवार को नवमी पर भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंगलवार को हुई मंदिर परिसर में बेहोश हुई महिलाओं की घटना से सबक लेते हुए बुधवार को पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्टपर रहे। उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला व एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने मेले में व्यवस्था बनाने की कमान अपने हाथ में ले ली। इसके बाबजूद भी मंदिर परिसर में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। गुरुवार सुबह को प्रसाद चढ़ाने के लिए लाइन में लगी एक युवती अचानक बेहोश हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरन्त युवती को प्राथमिक उपचार दे दिया गया। अधिक भीड़ होने के कारण बुजुर्ग एदिव्यांग व बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को अधिक भीड़ होने के कारण एक बीमार व्यक्ति की मौत हो गई और छह महिला बेहोश हो गई थी। मामला सोशल मीड़िया पर वायरल हो गया। देर रात को पुलिस कमिशनर अजय मिश्रा, एडनिशल कमिशनर दिनेश कुमार एडीसीपी ग्रामीण रवि कुमार सीकरी मेले में पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस कमिशनर सुबह चार बजे तक मेले परिसर में रहे है। एसडीएम शुभांगी शुक्ला ने बताया मेला सुचारु रुप से संचालित हो रहा है। महामाया देवी मंदिर में भी प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालु आराम से आ जा रहे है।उमस होने के चलते कुछ लोगों को चक्कर आ गए। उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयां दिला दी गई। महामाया देवी मंदिर सीकरी खुर्द मुख्य पुजारी देवेन्द्र शास्त्री ने बताया नवमी के दिन गुरुवार को सुबह चार बजे से लेकर शाम तक 90 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया है। देर रात तक भीड़ बढ़ने की सम्भावना है। अब मंदिर परिसर की व्यवस्था पूरी तरह कंट्रोल में है।

## संक्षिप्त समाचार



महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संदेश लेकर विंध्याचल धाम से प्रारंभ हुई महिला सशक्तिकरण रैली का पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने स्वागत किया।

### निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा मे आग की दूसरी घटना सामने आई है। इसमें सेक्टर.62 में निर्माणाधीन बिल्डिंग में आग लग गई। ये आग बिल्डिंग में रखे थर्माकोल में लगी थी। आग तेजी से फैली। हालांकि मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है। हालांकि शटरिंग को नुकसान हुआ है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि रात के समय बिल्डिंग में निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान शटरिंग को वैल्डिंग करते समय चिनगारी ये पास रखे थर्माकोल पर जा गिरी। जिससे उसने आग पकड़ ली। थर्माकोल ज्वलन शील होता है ऐसे में तेजी से आग फैली। इस दौरान सभी मजदूर सुरक्षित बाहर आ चुके थे। इसकी जानकारी फायर विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची गाड़ी और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में आधे घंटे का समय लगा। हालांकि जन हानि नहीं हुई। लेकिन नुकसान कितना हुआ साइट मैनेजर इसका आकलन कर रहे है।

### कथित समाजसेवी पर कसा पुलिस ने शिकंजा

**गाजियाबाद।** अस्पताल, लैबोरेट्री और विभिन्न तरह का कारोबार करने वाले कारोबारियों की कमियां ढूंढने के बाद आरटीआई डालकर उनके साथ ब्लैकमेलिंग करने वाले एक कथित आरटीआई एक्टिविस्ट पर कमिश्नरेट पुलिस ने शिकंजा कसान शुरु कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस कथित आरटीआई एक्टिविस्ट की ब्लैकमेलिंग का ताजा मामला उस समय उजागर हुआ जब उसने पैथेलॉजी लैब के संचालक सहित दो लोगों ने तीस लाख की रंगदारी मांगी। इतना ही नहीं यह ठग रंगदारी की उगाही करने के लिये कारोबारी के पास भी चला गया। उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कथित आरटीआई एक्टिविस्ट को धर दबोचा। अधिकारी का कहना है कि पुलिस जालसाज से पूछताछ करके यह पता लगा रही है कि अब उसने कितने लोगों के साथ ब्लैकमेलिंग की है।

### अवकाश के दिन निगम ने वसूला 50 लाख का टैक्स

**गाजियाबाद।** अवकाश के दिन भी नगर निगम के सभी जोनल ऑफिस खोले गए हैं। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा का कहना है कि काफी लोग जो टैक्स जमा कराना चाहते हैं उनकी सुविधा के लिए यह कदम उठाया गया है। नगर निगम ने कल भी अवकाश के दिन सभी जोनल ऑफिसों में टैक्स जमा करने के लिए कैश काउंटर को खोला था। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि अवकाश के दिन कल कैश काउंटर पर ही सभी जोन एरिया में करीब 50 लाख से अधिक का हाउस टैक्स जमा कराया गया है। इसमें काफी लोगों ने स्वयं ही टैक्स जमा कराया है। कुछ टैक्स नगर निगम की टीम ने स्पेशल अभियान चलाकर रिकवर किया है।

### यूपी- दिल्ली बॉर्डर पर प्रजापति समाज का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** प्रजापति समाज के लोगों ने गुरुवार को दिल्ली बॉर्डर पर जमकर हंगामा किया। वे मेरठ से पदयात्रा निकालकर दिल्ली के जंतर मंतर जा रहे थे। उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद वे नाराज हो गए। उन्होंने दिल्ली बॉर्डर पर जाम लगा दिया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बाद में ये तय हुआ कि प्रदर्शनकारियों को बसों से भेजा जाएगा। उन्हें दिल्ली पुलिस की बसों में बैठाकर जंतर,मंतर के लिए रवाना किया गया, तब जाकर मामला शांत हो सका।

# पीएफ का करोड़ों गबन करने वाला कंपनी डायरेक्टर गिरफ्तार

● आरोपियों ने 23 महीने यानी अक्टूबर 2020 से सितंबर 2022 तक का पीएफ फंड जमा नहीं कराया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



पुलिस गिरफ्त में कंपनी का डायरेक्ट ऋषभ सिंघवी। इसी ने कामगारों का पैसा जमा नहीं कराया। जिसके चलते पीएफअस्सिटेंट कमिश्नर ने शिकायत की। कर्मचारियों के भविष्य निधि के पैसों के गबन करने के मामले में पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है।

कंपनी के कर्मचारियों की शिकायत पर पीएफ असिस्टेंट कमिश्नर ने इसके खिलाफ थाना फेज.2 पुलिस से शिकायत की थी। आरोपी की पहचान ऋषभ सिंघवी पुत्र स्व रविन्द्र कुमार हुई हैं। इसे सी.4 होजरी कंप्लैक्स के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ऋषभ नोएडा के होजरी कंप्लैक्स में इंटरनेशनल प्रिंट ओपेक लिमिटेड नाम से कंपनी संचालित कर रहा था। कंपनी में सैकड़ों की संख्या में कामगार शिफ्ट में काम करते थे। आरोपी उनका कामगारों का पैसा उनके पीएफखाते में जमा नहीं कराता था।

इस तरह कर उसने कई करोड़ रुपए का गबन किया। कामगारों ने अपने पीएफ की जानकारी विभाग से की। वहां कोई रिकार्ड नहीं मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत पीएफ ऑफिस से की। इसके बाद पीएफ असिस्टेंट कमिश्नर ने थाना फेज-2 से शिकायत की।

शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने 23 महीने यानी अक्टूबर 2020 से सितंबर 2022 तक का पीएफ फंड जमा नहीं कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी ऋषभ सिंघवी को गिरफ्तार कर लिया है।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा था अवैध बार, कोरियन नागरिक धरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे अवैध बार का आबकारी विभाग और पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान एक कोरियन नागरिक को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने रेस्टोरेंट्स से कई ब्रांड की बीयर और शराब बरामद की है। दरसअल, आबकारी विभाग को सूचना मिली कि बीटा 2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओमेक्स एनआरआई कंपलेक्स में एक कोरियन रेस्टोरेंट में अवैध रूप से बार चलाया जा रहा है। जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम और बीटा 2 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मीमो रेस्टोरेंट पर छापेमारी की। पुलिस ने छापेमारी के दौरान पाया कि रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मौके से बियर और शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से एक कोरियन नागरिक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध बार से 2 बोतल चिमोसून बियर, 2 बोतल कोरियन बियर और 8 बोतल किंगफिशर स्ट्रिंग बरामद की।

# गाजियाबाद को 25 वां पुलिस स्टेशन मिला

● धीरे.धीरे इन स्टेशनों की संख्या 40 करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को एक और नया थाना मिला है। इसका नाम अंकुर विहार होगा। ये थाना, लोनी और ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के कुछ हिस्सों को काटकर बनाया गया है। अंकुर विहार थाना क्षेत्र में 72 मोहल्ले, गांव और कॉलोनियां आएंगे। इसकी सूची भी जारी कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर का दावा है कि जल्द ही नया थाना शुरू हो जाएगा। इस प्रकार गाजियाबाद में अब कुल पुलिस स्टेशनों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है।

धीरे- धीरे इन स्टेशनों की संख्या 40 करने की तैयारी है। इससे एक दिन पहले गाजियाबाद में नया सर्किल शालीमार गार्डन बनाया गया है। इस सर्किल में थाना शालीमार गार्डन और थाना टीला मोड़ को जोड़ा गया है। हालांकि अभी इस सर्किल में नए अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। दावा है कि अप्रैल माह के अंत तक ये सर्किल चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद साहिबाबाद सर्किल में अब तीन से घटकर सिर्फ दो पुलिस स्टेशन साहिबाबाद और लिंक रोड रह जाएंगे।

शालीमार गार्डन को नया सर्किल बनाने से पहले शालीमार गार्डन नाम से ही एक नया पुलिस स्टेशन भी दो दिन पहले खोला गया है।

28 मार्च की रात 12 बजे से ये थाना अस्तित्व में आ चुका है। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने बताया कि आबादी और पुलिस कमिश्नरेट के हिसाब से यहां पर 40 पुलिस स्टेशन होने चाहिए। अब यहां कुल पुलिस स्टेशनों की संख्या 25 हो चुकी है। ज्ञात हो गाजियाबाद पुलिस शहर की सुरक्षा के लिए सतर्क है।

## इंदिरापुरम में बुजुर्ग दंपति को चाकू मारे, गंभीर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में काम मांगने के बहाने घर में घुसे महिला, पुरुष ने एक बुजुर्ग दंपति को चाकू मार दिए।

इस हमले में बुजुर्ग दंपति घायल हो गए। पुलिस ने हमलावरों को लेकर आने वाले ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है, वहीं हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित कर दी गई हैं। अभी तक लूटपाट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। गुरुवार दोपहर ये वारदात इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अभय खंडदूएक में हुई। स्वतंत्र कुमार ने बताया, रविकांत शर्मा और उनकी पत्नी गीता शर्मा चाकू लगने से घायल हुए हैं।



सेक्टर-62 पर विपरीत दिशा में चलने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान चालान काटे गए।

# बीच सड़क पर बने एफओबी के पिलर को हटाया जाएगा

● सेक्टर-52 में ट्रैफिक जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन डीएमआरसी के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बाहर एफओबी का एक पिलर सड़क के बीच में है। इससे ट्रैफिक जाम रोड एक्सीडेंट और जाम का खतरा रहता है।

इस पिलर को हटाने का काम दो अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि पिलर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन हटाएगा। पहले एफओबी को सपोर्ट दिया जाएगा। इसके लिए यातायात डायर्वजन जारी कर दिया गया है। इसके बाद बीच सड़क पर बने पिलर को हटाया जाएगा। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया ने बताया कि डीएमआरसी ने 41 लाख का एक प्रपोजल नोएडा प्राधिकरण को दिया है। प्रपोजल के अनुसार से पैसा उनको दिया जाएगा। इसके बाद वे अपना काम शुरू कर देंगे। इस दौरान यातायात डायवर्ट किया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक विभाग ने एडवाइजरी भी जारी कर दी है। इस पिलर को लेकर नोएडा प्राधिकरण और डीएमआरसी ने एक दूसरे पर काफी आरोप प्रत्यारोप लगाए थे।

डीएमआरसी ने कहा था कि एफ ओबी का पिलर 5.91 मीटर ऊंचाई का है। एफ ओबी का निर्माण साथ वाली सड़क के अंडरपास के बनने से काफी पहले 2019 में ही पूरा कर लिया गया और तब से उपयोग में है। इसे सार्वजनिक उपयोग में लाने से पहले सभी संबद्ध सरकारी एजेंसियों से आवश्यक अप्रूवल ली गई थी।

इस फुटओवर ब्रिज का निर्माण पूरे होने तक ये पिलर सड़क के वाहन मार्ग कैरेज-वे के मध्य से दूर किनारे वाली सर्विस लेन और कैरेज.वे के बीच में था। और तब किसी तरह का ट्रैफिक व्यवधान नहीं था।

बाद में, वर्ष 2021 में अंडरपास के निर्माण के बाद नोएडा प्राधिकरण ने इस कैरेज-वे के पुनर्निर्माण की वजह से अब उक्त पिलर मुख्य सड़क के बीचों बीच हो गया है जिससे ट्रैफिक बाधित होता है।

फिलहाल इस पिलर को हटाने का काम शुरू होने जा रहा है। जिससे यहां से निकलने वाले यातायात को काफी राहत मिलेगी।

# गाजियाबाद की फिजा खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई: एसीपी

● मिसलगढ़ी गांव स्थित मंदिर में चोरी व मूर्ति खंडित करने का मामला


पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिसलगढ़ी गांव में स्थित मंदिर में हुई चोरी के बाद फिजा को खराब करने की कोशिश में लगे तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। यह कहना है एसीपी मसूरी निमीष पाटिल का।

पाटिल ने बताया कि मिसलगढ़ी गांव में स्थित मंदिर में चोरी व मूर्ति खंडित किये जाने की आपराधिक घटना को गंभीरता से लेते हुए मसूरी थाना पुलिस ने दो चोरों को मात्र कुछ घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करके उनके पास से चुराई गई पीतल की मूर्ति, बैटरा और धार्मिक पुस्तकों के अलावा अन्य सामान बरामद कर लिया था। श्री पाटिल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जहां चोरों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया, वहीं पुलिस अब यह पता करने में भी जुट गई है कि इस वारदात की आढ़ में ऐसा कौन है जो फिजा खराब करना चाहता था। इसका पता लगने पर ऐसे तत्वों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दिपांशु जाटव व हसन उर्फ हसीन ने बताया कि वो नशा करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कोविड- 19: संक्रमण दर बढ़ने से घबराने की जरूरत नहीं : सौरभ



## हर स्थिति से निपटने के लिए सरकार तैयार, कोरोना, इनफ्लुएंजा या फ्लू के लक्षण दिखने पर मास्क पहनने की सलाह

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों साथ आज करेंगे समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड–19 का खतरा एक बार फिर मंडरा रहा है। कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार में हरकत में आ गई है। दिल्ली सरकार ने दावा किया कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। दिल्ली में संक्रमण दर 10 फीसद से ज्यादा जरूर है, मगर अभी जांच बहुत कम संख्या में कराए जा रहे हैं, इसलिए पॉजिटिविटी रेट के चलते लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्हें सिफ सतर्क और जिम्मेदार रहना है।

कोरोना, इनफ्लुएंजा या फ्लू के लक्षण दिखें तो मास्क जरूर पहनें। कोरोना के ताजा हालात पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों साथ शुक्रवार उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद इस संबंध में राज्य सरकार को दिशा-निर्देश देंगे।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि बुधवार देर रात मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से फोन पर कोरोना के सन्दर्भ में बातचीत हुई थी। उन्होंने बृहस्पतिवार को आपातकालीन बैठक बुलाकर हालात पर चर्चा करने की सलाह दी थी। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक बुलाई गई।

इसमें वायरोलॉजिस्ट, जीनोम सीक्वेंसिंग के विशेषज्ञ, डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज, स्पेशल सेक्रेट्री हेल्थ सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय राजधानी की ताजा हालात पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वास्थ्य विभाग के साथ कोरोना की स्थिति को लेकर एक समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सीएम को पिछले दिनों हुई मॉक ड्रिल के परिणाम का प्रेजेंटेशन दिखाए जाएगा। साथ ही अन्य राज्यों में कोरोना को लेकर अभी तक की तैयारियों और वहां किस तरीके से केस बढ़ रहे है, उसका लोगों पर क्या असर है, इसे लेकर भी सीएम को जानकारी दी जाएगी।



स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज

### फ्लू के लक्षण दिखें तो मास्क जरूर पहनें

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने परामर्श दिया है कि जिन लोगों को भी इनफ्लुएंजा या फ्लू जैसे लक्षण है, वे लोग मास्क जरूर पहनें। अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीज भी अस्पताल के अंदर मास्क जरूर लगाएं। केंद्र सरकार की तरफ से मॉक ड्रिल को लेकर एडवाइजरी आई है, मगर केजरीवाल सरकार द्वारा पहले ही एक मॉक ड्रिल करा ली गई थी। जिसके तहत ऑक्सीजन सिलेंडर और एलएमओ को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया था।

### राजधानी के अस्पताल कोरोना से लड़ने के लिए पूरी तरह हैं तैयार

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग रोजाना सीवेज के अंदर टेस्ट करता है। ताकि कोरोना के बारे में कुछ संकेत मिल सकें। इसे देखते हुए सीवेज के अंदर पिछले दो–तीन हफ्ते से कोरोना के संकेत मिल रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी में 6 राज्यों के बारे में कहा गया है, जहां कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। इसमें महाराष्ट्र गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक शामिल हैं। यह देखा गया है कि महाराष्ट्र में कोरोना के मामले बढ़ने के दो–तीन सप्ताह के बाद दिल्ली में भी केस बढ़ने शुरू हो जाते हैं। जिस तरह से मुंबई में अंतरराष्ट्रीय उड़ाने ज्यादा आती है, उसी तरह दिल्ली में भी अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स का आना–जाना बहुत अधिक होता है।

### बृहस्पतिवार को 295 नए मामले आए



*बृहस्पतिवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना के 295 नए मामले सामने आए। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस के नमूनों की जोनोम अनुक्रमण किया जा रहा है ताकि वायरस के बदलते रूपों की पहचान हो सके। मालूम हो कि 28 मार्च को 214 नए मामले सामने आए थे। वहीं, बुधवार को यह बढ़कर तीन सौ हो गया है। मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही संक्रमण दर 11.82 प्रतिशत से बढ़कर 13.89 प्रतिशत पहुंच गई है। 24 घंटे में 163 मरीज ठीक हुए लेकिन दो की मौत हो गई। यह चिंता की बात है। इस समय कोरोना के 506 सक्रिय मरीज हैं जिसमें से 54 अस्पतालों में भर्ती हैं। 21 मरीज आक्सीजन सपोर्ट पर हैं। इनमें से तीन मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। दिल्ली में करीब पांच माह बाद 23 मार्च को कोरोना के सौ से अधिक 116 मामले आए थे। छह दिन में ही यह संख्या तीन सौ तक पहुंच गई।*

# किसानों और वकीलों की बिजली सब्सिडी रोकना चाहते है उपराज्यपाल : आतिशी

- जब तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं किसी भी उपभोक्ता की बिजली सब्सिडी नहीं होगी बंद : बिजली मंत्री



प्रेस वार्ता में बिजली मंत्री आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार और उपराज्यपाल के बीच अब मुफ्त बिजली के मुद्दे पर नई जंग छिड़ गई है। बिजली मंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर किसानों और वकीलों को मिलने वाली बिजली सब्सिडी रोकने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि जब तक मुख्यमंत्रीअरविंद केजरीवाल हैं किसी भी उपभोक्ता की बिजली सब्सिडी नहीं रुकेगी। दिल्ली सरकार और एलजी के बीच अदावत जगजाहिर है। अब दोनों फिर से आमने–सामने आ गए हैं।

आतिशी ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपराज्यपाल और भाजपा नेता बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगातार दबाव बनाकर किसानों और वकीलों को दिल्ली सरकार द्वारा मिलने वाली बिजली सब्सिडी पर रोक लगाना चाहते है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से नफरत करते करते एलजी अब अन्नदाताओं और वकीलों से भी नफरत करने लगे है। यही कारण है कि अब वह किसानों और वकीलों को मिलने वाली बिजली सब्सिडी रोकना चाहते है। आतिशी ने कहा कि बतौर बिजली मंत्री उनके पास बिजली विभाग से एक फाइल आई। उस फाइल में बिजली विभाग ने यह प्रस्तावित किया है कि जो बिजली सब्सिडी केजरीवाल सरकार किसानों व वकीलों को देती है। उसे बंद कर दिया जाए। उन्होंने सवाल किया कि न तो मुख्यमंत्री और न ही बिजली मंत्री ने इसको लेकर कोई आदेश दिया कि किसानों और वकीलों के चैम्बर में मिलने वाली बिजली सब्सिडी रोकनी है तो आखिर यह प्रस्ताव कहां से आया। इस बाबत उन्होंने जब बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने एक ही सुर में जबाव दिया कि उन सभी के ऊपर एलजी का और भाजपा नेताओं का बहुत ज्यादा दबाव है। एलजी और भाजपा नेता बार-बार दबाव बना रहे है कि किसी न किसी तरह से अरविन्द केजरीवाल सरकार द्वारा लोगों को मिल रही मुफ्त बिजली को रोका जाए।

बिजली मंत्री ने यह भी दावा कि अधिकारियों ने बताया कि भाजपा नेता एलजी दफ्तर में बैठे होते है वहां से रोजाना एलजी अधिकारियों को बुलाते है और उन पर मुफ्त बिजली को बंद करना का दबाव बनाया जाता है। आतिशी ने किसानों और वकीलों को आश्वस्त करते हुए कहा कि,चाहे कोई कितना भी साजिश कर ले और एलजी और भाजपा नेता अधिकारियों पर कितना भी दबाव बना ले लेकिन जब तक केजरीवाल सरकार है। किसी भी नागरिक की फ्री बिजली रुकने नहीं देंगे।

### आतिशी ने खुद ही अधिकारियों से प्रस्ताव बनवाया : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बिजली मंत्री आतिशी का दावा की उपराज्यपाल ने किसानों और वकीलों की मुफ्त बिजली बंद करने का दबाव बना कर इस संदर्भ में अधिकारियों से प्रस्ताव बनवाया है पूरी तरह झूठ है। उनकी जानकारी अनुसार उपराज्यपाल कार्यालय ने ऐसा कोई सुझाव अधिकारियों को नहीं दिया बल्कि अतिशि ने खुद ही अपने बिजली विभाग अधिकारियों से प्रस्ताव बनवाया और फिर उसका दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सच तो यह है दिल्ली सरकार किसानों को एक यूनिट भी बिजली मुफ्त नहीं देती है बल्कि गरीब किसानों से प्रति ट्यूबवेल 10 से 20 किलोवाट पर लोड चार्ज वसूलती है। आज किसान की स्थिति यह है की वह बिजली इस्तमाल करे ना करे उसे लगभग 1800 रुपए प्रतिमाह का बिल देने ही पड़ता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की इसी तरह वकीलों को बिजली सब्सिडी देने का दावा भी गुमराह करने वाला है।

## रामनवमी पर जहांगीरपुरी में जुलूस निकालने के बाद बढ़ी सुरक्षा



रामनवमी की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अप्रिय घटना की आशंका को टालने को दंगा रोधी बल तैनात

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी में बृहस्पतिवार को राम नवमी के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने नियमों के खिलाफ मार्च निकाला, जिसके बाद इलाके में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को टालने के लिए दंगा रोधी बल को तैनात करना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने एक समूह के लोगों को राम नवमी महोत्सव के तहत जहांगीरपुरी में श्री राम भगवान प्रतिमा यात्रा निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पिछले साल हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में इलाके में निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान वहां दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के मद्देनज़र पुलिस ने यह कदम उठाया था।

हालांकि, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनुमति न दिए जाने के बावजूद समूह के लोग जहांगीरपुरी में एकत्र हुए और एक पार्क में पूजा–अर्चना की। अधिकारी ने कहा कि हमने स्थानीय पुलिस और दंगा रोधी बल के साथ–साथ बाहरी बलों की चार कंपनियों को तैनात किया है, ताकि क्षेत्र में कानून–व्यवस्था बनी रहे और कोई अप्रिय घटना न हो।

स्थिति नियंत्रण में है और लोग भी सहयोग कर रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि रमजान के दौरान जहांगीरपुरी में एक पार्क में नमाज अदा करने की अनुमति देने का अनुरोध भी ठुकरा दिया गया था।

16 अप्रैल 2022 को जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में आठ पुलिसकर्मी और एक स्थानीय व्यक्ति घायल हो गया था।

### प्रधानमंत्री ने नए संसद का किया औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार शाम यहां नए संसद भवन का औचक दौरा किया और विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया तथा निर्माण श्रमिकों से बातचीत की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने भवन के अंदर एक घंटे से अधिक समय बिताया। सूत्रों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने साथ मोदी ने संसद के दोनों सदनों के लिए सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के साथ साथ भी बातचीत की।

# दिल्ली-एनसीआर में आंधी के साथ तेज बारिश, पड़े ओले

- पमान में भी 10 से 13 डिग्री की गिरावट आई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



बुधवार के बाद बृहस्पतिवार को भी मौसम ने अचानक करवट ली। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। कई जगह ओलावृष्टि भी हुई।

इसका नतीजा यह रहा कि तापमान में भी 10 से 13 डिग्री की गिरावट आ गई। इससे जहां गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है, तो वहीं किसानों के चेहरे पर एक बार फिर से मायूसी छा गई है। बारिश के कारण उनकी फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में इस स्थिति की जरा भी संभावना नहीं जताई गई थी। मौसम विभाग ने कहीं–कहीं फुहार पड़ने की संभावना जताई थी। शुक्रवार को भी 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा के साथ वर्षा, ओलावृष्टि के भी आसार है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट कर दिया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को दिन भर सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी चली। हालांकि धूप भी खिली रही। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 33.4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम सामान्य स्तर पर 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 37 से 94 प्रतिशत रहा। बीच बीच में कहीं कहीं हल्की वर्षा भी होती रही।

अपराहन चार बजे के करीब एकाएक काली घटा छा गई। कुछ ही देर में अंधेरा सा छाने लगा और देखते ही देखते बारिश भी शुरू हो गई। बरसात हालांकि बहुत तेज नहीं थी, लेकिन तेज हवा के साथ होने की वजह से इसका प्रभाव काफी रहा। आलम यह था कि सफदरजंग पर जहां चार बजे अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस था वहीं शाम छह बजे यह 13 डिग्री गिर गया।

## दिल्ली दंगा मामले में दो दोषी करार, 11 को सजा का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- दंगाईयों ने दुकान में लगाई थी आग

दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 में खजूरी खास में हुए दंगों और आगजनी के लिए दो व्यक्तियों को दोषी करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष ने उनके खिलाफ आरोपों को बिना किसी संदेह के साबित कर दिया है।

अदालत ने मिट्ठन सिंह और जॉनी कुमार को दोषी ठहराया, जो उस वर्ष 25 फरवरी को शिकायतकर्ता आमिर हुसैन की दुकान में आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने मंगलवार को पारित एक फैसले में कहीमुझे लगता है कि अभियोजन पक्ष ने उचित संदेह से परे साबित कर दिया है कि दोनों आरोपी व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 का उल्लंघन कर गैर कानूनी रूप से जमा हुई दंगाई भीड़ में शामिल थे, जिसने अभियोजन गवाह नंबर 9 (हुसैन) की दुकान में आग लगा दी।

न्यायाधीश ने हलफनामे दाखिल करने के लिए मामले को 11 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध कर दिया, जिसके बाद सजा पर दलीलें सुनी जाएंगी।

### राहुल गांधी के समर्थन में एनएसयूआई का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस समर्थित छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने लोकसभा की सदस्यता से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ बृहस्पतिवार को मध्य दिल्ली में प्रदर्शन किया।


इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और एक डमी अर्थी (जिस पर लोकतंत्र की अर्थी लिखा हुआ था) लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

दिल्ली एनएसयूआई के अध्यक्ष कुणाल सहरावत ने कहा कि आज, हमने गांधी की अयोग्यता के खिलाफ शव यात्रा निकाली है। राहुल गांधी, जनता द्वारा चुने गए संसद सदस्य के रूप में चुने गए थे।

## आप ने देश भर में शुरू किया पोस्टर अभियान

- अलग अलग भाषाओं में 22 राज्यों में लगाए गए बैनर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) ने मोदी हटाओ, देश बचाओ नारे के साथ बृहस्पतिवार को पोस्टर अभियान शुरू किया और देश भर में 22 राज्यों में अलग–अलग भाषाओं में बैनर लगाए जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल राय ने यह जानकारी दी।

राय ने कहा कि अभियान का उद्देश्य देश भर में यह संदेश भेजना है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नागरिकों से जो वादे किए थे वे अब तक पूरे नहीं किए गए हैं।उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य देश भर में भाजपा के बारे में यह संदेश देना है कि पार्टी अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रही है।

किसानों से जो वादे किए गए वह अब तक पूरे नहीं हुए हैं। समस्याओं को सुलझाने के बजाय भाजपा केवल लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रही है। अब तक 22 राज्यों में अलग–अलग भाषाओं में ये पोस्टर लगाए गए हैं।

राय ने कहा कि इस अभियान के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए 10 अप्रैल से इसी तरह के पोस्टर देश भर के विश्वविद्यालयों में लगाए जाएंगे।

### आप विश्वसनीयता के संकट से जूझ रही : भाजपा

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल हों या मंत्री गोपाल राय एवं उनकी पार्टी आज वह विश्वासनियता के संकट से जूझ रहे हैं।

# स्कैन-एंड-शेयर सेवा ने बचाया मरीजों का समय, लंबी कतारों से राहत

## एनडीएमसी के चरक पालिका अस्पताल ने देशभर के 443 अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध कराने में दूसरा स्थान हासिल किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्कैन–एंड–शेयर सेवा के इस्तेमाल से मरीजों और तीमारदारों को अस्पतालों में लगने वाली लंबी कतारों से निजात मिली है। इस सेवा के अंतर्गत रोगियों को ओपीडी टोकन दिए जाते हैं, ऐसे में रोगियों को चेकअप के लिए एक तय समय आवंटित कर दिया जाता है जिससे उन्हें लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

स्कैन–एंड–शेयर एक ऐसी सेवा है, जिससे ओपीडी में मरीजों का तुरंत पंजीकरण हो जाता है। सेवा के शुरुआती छह महीने के भीतर ही यह संख्या 10 लाख पंजीकरण को पार कर गई है। मोती बाग स्थित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के चरक पालिका अस्पताल देशभर के 443 अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर टोकन सुविधा में मुहैया कराने के मामले में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह जानकारी एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने साझा किया। सतीश उपाध्याय के अनुसार, मेट्रोपॉलिटन सिटी में विश्व स्तरीय सुविधा प्रदान करने के मकसद से एनडीएमसी के चरक पालिका अस्पताल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के पोर्टल को स्कैन एंड शेयर टोकन सुविधा को अपनाया है, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया और आयुष्मान भारत योजना के विजन के तहत मरीजों के लिए त्वरित ओपीडी पंजीकरण प्रदान किया जा सके।

एनडीएमसी चरक पालिका अस्पताल ने वर्तमान में इस सेवा का इस्तेमाल कर रहे देश के सभी अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर टोकन की दूसरी सबसे बड़ी संख्या उत्पन्न की है। सबसे अधिक संख्या में टोकन उत्पन्न करने वाली शीर्ष 10 सुविधाओं की सूची में एम्स, लेडी हार्डिंग, सर सीवी रमन, एलबीआरएन संयुक्त, तेज बहादुर, यूएचएम अस्पताल आदि शामिल हैं। एनडीएमसी चरक पालिका अस्पताल ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को अपनाने में काफी उत्साह दिखाया है। इस सुविधा से मरीजों को डिजिटल इंडिया के तहत स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में बहुत मदद मिली है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) के तहत बेहतर ऑनलाइन बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार की सेवाएं नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं।





### क्यूआर प्रतीक्षा और पंजीकरण क्षेत्र में प्रदर्शित होते हैं

क्यूआर कोड प्रतीक्षा और पंजीकरण क्षेत्र में कई स्थानों पर प्रदर्शित होते हैं। मरीज उन्हें आसानी से पहचान सकते हैं और तेजी से ओपीडी पंजीकरण के लिए अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके उन्हें स्कैन कर सकते हैं। इसके बाद उसका विवरण स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है, काउंटर पर आता है, ऑपरेटर टोकन नंबर के आधार पर सिस्टम से जनसांख्यिकीय विवरण प्राप्त करता है और ओपीडी कार्ड प्रिंट करता है। यह प्रक्रिया रोगियों के लिए प्रतीक्षा समय को काफी कम कर देती है, सटीक डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित करती है, जिससे रोगी को लगातार लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होती है। मरीज किसी भी लागू भुगतान के लिए काउंटर पर जाते हैं और अपने ओपीडी कार्ड का लाभ उठाते हैं।

## दिल्ली में बनेंगे 12 स्कूल ऑफ एप्लाइड लर्निंग : शिक्षा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- छात्रों को रटने वाली पढ़ाई के बजाय व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के बाद अब आने वाले वर्षों में 12 स्कूल ऑफ एप्लाइड लर्निंग (एसओएएल) बनाए जाएंगे, जहां रटने वाली पढ़ाई के बजाय व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली सरकार के बजट में शिक्षा क्षेत्र को सबसे अधिक राशि आवंटित की गई।

वित्त मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा हाल ही में पेश किए बजट में वर्ष 2023–24 के लिए शिक्षा विभाग के लिए 16,575 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, जो सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक है। आतिशी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल जब से मुख्यमंत्री बने हैं, तब से हर बजट में शिक्षा को सबसे अधिक राशि आवंटित की गई है। पहले कुछ वर्षों में, बुनियादी ढांचों का दुरुस्त करने, स्कूलों में साफ–सफाई, शिक्षकों के उचित प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया, लेकिन अब ध्यान इस बात पर दिया जा रहा है कि कक्षाओं में किस तरह से पढ़ाया जाना चाहिए।

# 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का विधायक सिंगला ने किया शुभारंभ

## सेक्टर-4 क्षेत्र में बनाई जाएगी यह सड़क

### विधायक सुधीर सिंगला ने जनता के बीच गिनाए विकास कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-4 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**विधायक** सुधीर सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-4 क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ये सड़कें करीब 80 रुपये की लागत से तैयार होंगे। टूटी सड़कों को लेकर क्षेत्र के लोगों ने विधायक से गुहार लगाई थी।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम का विकास पूरे हरियाणा में सरकार विशेष तौर पर कर रही है। शहर के भीतर के क्षेत्र में और बाहरी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण का युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। अच्छी सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर से बहुत फायदे होते हैं। व्यापार का काम अच्छा होता है और अन्य कार्य तय समय में पूरे होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला मूलभूत सुविधाओं के लिहाज से जहां हरियाणा में पहले नंबर पर है, वहीं दूसरे राज्यों के बड़े शहरों की तुलना में भी इसकी विशेषता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष फोकस गुरुग्राम पर है। सबसे अधिक राजस्व देने वाला यह जिला है। इसलिए जरूरी भी है कि यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो। उन्होंने निकट भविष्य में होने वाले नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के चुनावों को लेकर भी जनता से आग्रह किया है कि विकास का पहिया थमे नहीं, इसलिए भाजपा को ही चुनें। जैसा विकास अभी तक हुआ है, इससे भी कहीं बढ़कर आगे विकास के काम होंगे।

उन्होंने कहा कि नेक नीयति से सरकार काम कर रही है। सरकार का हर कदम, हर निर्णय प्रदेश की जनता के हित में होता है। व्यापारियों के हित में होता है। सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ के दौरान विधायक सुधीर सिंगला के साथ निवर्तमान पार्षद सीमा पाहुजा, मनोज भारद्वाज, महेंद्र वियानी, अरशू पाल, प्रशांत माहेश्वरी, मनीष खटाना, आनंद कश्यप, पूनम रोहिल्ला, रूचिका शर्मा, मल्लिका नौटियाल, योगिता कटारिया, देवेन्द्र गोयल, आशीष सैनी, खंडेलवाल जी, दीपक रोहिल्ला, ब्रजेश सैहरा, शालू रोहिल्ला व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सेवा भाव से किए गए काम सदा याद रखते जाते हैं : सुधीर सिंगला

## सेक्टर-4 राम मंदिर में विधायक ने किया चैरिटेबल आयुर्वेदिक क्लीनिक का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सेवा भाव से किए गए काम हमारे समाज में सदा याद किये जाते हैं। गुरुग्राम में समाजसेवियों की निस्वार्थ सेवा भावना से लाखों लोगों को फायदा मिल रहा है। विशेषकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में यहां संस्थाओं का अहम कार्य नजर आता है। यह बात उन्होंने सेक्टर-4 क्षेत्र के राम मंदिर में चैरिटेबल आयुर्वेदिक क्लीनिक का शुभारंभ करते हुए कही।

इस क्लीनिक के माध्यम से डा. मोहित अग्रवाल व दीप्ति कौशिक अग्रवाल लोगों को सेवार्थ भाव से



गुरुग्राम के सेक्टर-4 राम मंदिर में चैरिटेबल आयुर्वेदिक क्लीनिक का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

इलाज मुहैया कराएंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि समाजसेवा के कई रूप होते हैं। किसी की सेहत के लिए नि:स्वार्थ भाव से की गई सेवा अपने आप में बहुत बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि डा. मोहित अग्रवाल व दीप्ति कौशिक अग्रवाल का यह प्रयास गुरुग्राम के लोगों के लिए काफी फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति जिस भी प्रोफेशन में हो, वह समाजसेवा के क्षेत्र में जरूर आए। डॉक्टर हों तो वे लोगों को परामर्श व चिकित्सा सेवाएं दे सकते हैं। शिक्षक हों तो वे गरीब बच्चों को पढ़ा सकते हैं। इस तरह से अगर समाज का हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में अपनी सेवाएं देगा तो लाखों लोगों को इसका फायदा पहुंचेगा। ऐसे व्यक्तियों को समाज में उचित मान और सम्मान भी मिलता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि अपने काम में हर कोई माहिर होता है। हमें इस धारणा को त्यागकर सेवाओं का लाभ लेना चाहिए। जिन वंचित लोगों को हम जानते हैं, उन्हें यहां का रास्ता जरूर दिखाएं, ताकि हमारे प्रयासों से उनका भला हो सके। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष नितिन शांडिल्य, राजेन्द्र शर्मा प्रधान, मनोज भारद्वाज, श्याम सुंदर दत्त, विनोद अग्रवाल, अमिताभ गुप्ता, आरपी शर्मा, राम अवतार कौशिक, जीआर गुप्ता, प्रमोद शर्मा, सतीश वत्स व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# रोजगारपूरक उद्योग स्थापित करके रोजगार सृजित करें उद्योगपति



गुरुग्राम स्थित एक होटल में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से हुई इंडस्ट्रियल मीट मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आरसी बिढान को स्मृति चिन्ह देते उद्योगपति।

## फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से हुई इंडस्ट्रियल मीट

**गुरुग्राम।** मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने कहा कि उद्योगपति रोजगारपूरक उद्योग स्थापित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक रोजगार पहुंच सके। उद्योगों का देश के विकास में अहम योगदान है। प्रशासनिक स्तर पर उद्योगों से संबंधित सभी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। यह बात उन्होंने फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित इंडस्ट्रियल मीट कार्यक्रम में कही।

इंडस्ट्रियल मीट की अध्यक्षता एफआईआई के डीजी दीपक जैन ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर वरिष्ठ उद्योगपति व आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के संरक्षक हरीश घई, गुरुग्राम श्रम विभाग के डिप्टी लेबर कमिश्नर भगत प्रताप सिंह व दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में काफी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारीगण भी विशेष तौर पर शामिल रहे। मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने कहा कि आद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का निपटारा प्राथमिक तौर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों से संबंधित समस्या का समाधान सभी सरकारी विभाग आपस में तालमेल करके निपटाएं। उन्होंने कहा कि चाहे एमसीजी, एचएसआईडीसी, बिजली विभाग, श्रम विभाग या अन्य सम्बंधित विभागों की एक तालमेल कमेटी बने। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों में चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक कोहली, उद्योग विहार इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिमेश सक्सेना, मानेसर इंडस्ट्रीयल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन मानेसर के अध्यक्ष अतुल मुखी, हरियाणा इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन कपूर, दौलताबाद इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन जिंदल, पायनियर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से महासचिव कंवर सिंह जून, जीआईए के महासचिव सुमित राव ने अपने-अपने एरिया की रोड, ट्रैफिक, संसाधनों से सम्बंधित समस्याओं से मंडलायुक्त को अवगत करवाया। जिनका शीघ्र ही समाधान करवाने का उन्होंने आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान एफआईआई हरियाणा के महासचिव व आयोजक दीपक मैनी ने सेक्टर-37 से सम्बंधित समस्याओं का एक ज्ञापन पत्र मंडलायुक्त को सौंपा। जिसमें सीवर, साफ-सफाई, मेट्रो ओर ईएसआई डिस्पेंसरी की समस्या शामिल रही। दीपक मैनी ने औद्योगिक क्षेत्रों से सम्बंधित समस्यायों के बारे में सुझाव भी दिए। कार्यक्रम को एफआईआई के डीजी दीपक जैन ने कहा कि सरकार उद्योगो के लिए सकारात्मक रूप से काम कर रही है और हरियाणा प्रदेश पूरे देस में निवेशकों की पहली पसंद है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उद्योगपति हरीश घई व श्रम विभाग के दोनों डीएलसी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एफआईआई के जीएसटी काउंसिल के चेयरमैन अतुल गुप्ता ने जीएसटी से संबंधित बहुत ही महत्वपूर्ण और अक्सर नजरंदाज किए जाने वाले पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# समानता की भावना को मजबूत करता है भंडारा

## बोधराज सीकरी ने सनातन पुरातन वैदिक अनुष्ठान में दिखाई आस्था

### हमारी सनातन संस्कृति में है भंडारों का विशेष महत्व

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में राम नवमी पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते बोधराज सीकरी।

**हमें** सभी पर्व, त्योहार और उत्सव समभाव से मनाने चाहिए। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए बोधराज सीकरी ने अपने निवास के नजदीक विशाल भंडारा आयोजित कि। इसमें बिना किसी भेदभाव के लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस पुनीत कार्य में सुशांत लोक वासियों ने भी पूरा सहयोग किया। अनिल आरती यादव पार्षद ने भी सेवा की। इसके अतिरिक्त भारत विकास परिषद लाल बहादुर शास्त्री शाखा के सभी पदाधिकारी भी इस आयोजन में पहुंचे। महिलाओं की ओर से श्रीमती सुरेश सीकरी, नीलम ओबरॉय ने सेवाभाव से चार घंटे तक निरंतर सेवा की। भंडारा होने के उपरांत बोधराज सीकरी ने यह सुनिश्चित किया कि जगह की ढंग से सफाई हो। भंडारे में एक हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद लिया। बोधराज सीकरी ने कहा कि हिन्दू शास्त्रों के अनुसार अन्नदान को महादान माना गया है। भंडारे का आयोजन ईश्वरीय कृपा पाने के साथ-साथ समाज को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने मैरियट होटल सुशांत लोक के आगे पहले उस स्थान की सफाई करवायी, जिसमें विष्णु खन्ना अध्यक्ष आरडब्ल्यूए, दीपक वर्मा, संजय टंडन, राजीव छाबड़ा, बिनू छाबड़ा व अन्य लोगों ने अपना-अपना सहयोग दिया। सेवा का बीड़ा अजय भार्गव, सतीश चावला, रमेश नरूला, मोहित वत्स, रोहित चौरसिया, संतोष कुमार, उदय कुमार, सतीश खन्ना आदि ने बखूबी निभाया।

# भूमि की उत्पादन क्षमता बनाए रखना किसानों की सबसे बड़ी चुनौती



## एसजीटी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आईसीएआर**-सीएसएसआरआई (करनाल) के निदेशक डॉ. आरके यादव ने कहा कि भूमि की उत्पादन क्षमता बनाए रखना किसानों की सबसे बड़ी चुनौती है। वर्ष 2050 तक 450 लाख टन अन्न प्रतिवर्ष उगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में किसानों की उपलब्धियों की सराहना की, वहीं किसानों को आने वाले समय की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। यह बात उन्होंने एसजीटी यूनिवर्सिटी में उत्तर भारत के सबसे बड़े कृषि सम्मेलन इनोवेटिव अपरोचेस इन एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर एण्ड अलाएड साइन्सेज (आईएएएचएएस) 2023 के तीन दिवसीय सम्मेलन में बोलते हुए कही।

समारोह की अध्यक्षता एसजीटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. राकेश कुमार शर्मा व प्रो. वाइस चांसलर (एकेडमिक) डॉ. विकास धवन ने की। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहायक महानिदेशक (एचआरएम) डॉ. एसके शर्मा ने शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

# अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण पर कार्रवाई न होने पर देंगे नोटिस : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## कहा, तोड़फोड़ टीम के ड्यूटी मजिस्टेट समेत नप अधिकारियों को जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

### मांग पर डीसी ने चिह्नित करीब 27 फार्म हाउसों को गिराने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और टीम की थी गठित

**नगर** परिषद द्वारा अरावली पहाड़ी में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों के प्रति की जाने वाली तोड़फोड़ को नजरअंदाज किए जाने पर प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आ गए हैं। जल्द ही तोड़फोड़ के लिए नियुक्त किए गए ड्यूटी मैजिस्टेट समेत परिषद अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी होंगे।

नगर परिषद प्रशासन ने वार्ड-1 के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में चल रहे अवैध निर्माणों कार्यों की सर्वे करते हुए करीब 27 फार्म हाउसों को चिंहित किया था। जिन्हें धराशाही करने के लिए जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर ड्यूटी मजिस्टेट और पुलिस बल की की मांग की गई थी। जानकारी के अनुसार परिषद अधिकारियों की इस मांग पर 20 मार्च को ड्यूटी मजिस्टेट नायब तहसीलदार सोहना लछीराम को नियुक्त करते हुए परिषद कार्यालय को सूचित कर दिया था और 27 मार्च को अरावली में चल रहे अवैध निर्माणों को गिराने की अनुमति प्रदान कर दी गई थी। लेकिन परिषद प्रशासन की तरफ से निरधारित दिन पर अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिससे परिषद प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान उठ रहे है।

**24 फरवरी को भी हुई खानापूर्ति:** इससे पहले नगर परिषद प्रशासन ने अरावली पहाड़ी के रायसीना क्षेत्र में करीब 15 अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ का अभियान चलाया था, लेकिन परिषद प्रशासन मात्र 3-4 फार्म हाउसों में ही अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करके मात्र खानापूर्ति कर दी गई थी। जब परिषद द्वारा की गई खानापूर्ति को लेकर ड्यूटी मैजिस्टेट नायब तहसीलदार लछीराम से जानकारी प्राप्त की गई। ड्यूटी मैजिस्टेट लछीराम को परिषद अधिकारियों ने जेसीबी खराब होने की बात कहते हुए अभियान को बीच में ही छोड़ दिया था।

> “ **अरावली** में अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ न करने में नियुक्त ड्यूटी मजिस्टेट समेत परिषद के अधिकारियों को जल्द ही कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। जिसमें लिखित जबाव मांगा जाएगा। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **प्रदीप मलिक**
> **एसडीएम सोहना**

**ऐसा कहना है ड्यूटी मजिस्टेट का :** 27 मार्च को अरावली में होने वाली अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड में ड्यूटी मजिस्टेट नायब तहसीलदार लछीराम का कहना है कि उन्होंने 27 मार्च को परिषद के एसडीओ राजपाल को फोन करके तोड़फोड़ करने के लिए कहा गया था। तब एसडीओ राजपाल ने उन्हें इस विषय की जानकारी पहले से न होने तथा तुरन्त प्रभाव से तोड़फोड के लिए संसाधन जुटाने में असमर्थता जताई थी।

# बॉक्सिंग में मेडल लेकर आई दृष्टि को कैनविन फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**गुरुग्राम।** गाड़ौली में आयोजित श्रीराम मेमोरियल टूर्नामेंट के बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर पदक जीतने वाली उम्दा खिलाड़ी दृष्टि शर्मा पुत्री विनीत शर्मा को यहां कैनविन टावर में सम्मानित किया गया।

खिलाड़ी के साथ उसके कोच भूषण सैनी को कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। इस अवसर अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारे गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। गुरुग्राम व प्रदेश के खिलाड़ी देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों, युवाओं को खेलों में अधिक रुचि लेनी चाहिए। इस क्षेत्र में भी करियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। हमारे गुरुग्राम के युवा आगे बढ़ें, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमें किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि हर क्षेत्र में महारत हासिल होनी चाहिए। यह खुशी की बात है कि हमारे हरियाणा ने अच्छे डॉक्टर, अच्छे इंजीनियर, अच्छे पायलट, अच्छे सैनिक, अच्छे खिलाड़ी दिए हैं। सभी ने अपने हरियाणा का नाम रोशन किया है।

# गेहूं की सरकारी खरीद बिना आढ़ती, मार्केट कमेटी बनेगी बिचौलिया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## हेफेड और हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी मिलकर गेहूं और सरसों की खरीद करेंगी

**स्थानीय** अनाज मंडी में आढ़तियों के बिना एक अप्रैल से गेंहू व सरसों की सरकारी खरीद एक साथ होगी। गेहूं व सरसों को एजेंसियों या मार्केट कमेटी के माध्यम से खरीद करा दी जाएगी। हेफेड और हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी मिलकर खरीद करेंगी।

स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की 14 मार्च से सरकारी खरीद शुरू की थी, लेकिन यह खरीद मात्र पांच दिन ही चल कर रह गई। हेफेड ने छह दिन में मात्र 85 क्विंटल ही सरसों की खरीद की। वह भी एक ही दिन 16 मार्च को की गई। उसके बाद 19 मार्च तक सरसों का एक भी दाना सरकार के खाते में नहीं खरीदा गया। जिसका कारण बरसात होने से सरसों में नमी की मात्रा अधिक होना बताया जा रहा है।

जबकि हेफेड सरसों में अधिकतम नमी 8 फीसदी तक ही कर सकती है। इससे अधिक नमी वाली सरसों की ढेरियों को फेल कर दिया गया। 19 मार्च के बाद किसानों की सरसों को सरकार के खाते में खरीद करना बंद कर दिया गया।

**समर्थन मूल्य से कम दाम पर खरीद :** इस वर्ष बीते लगभग एक माह में सरसों की स्थानीय मंडी में मात्र 6600 क्विंटल सरसों की आवक हुई। जिसमें करीब 6500 क्विंटल सरसों को आढ़तियों ने निजी स्तर पर खरीदा।

आढ़ती ने सरसों को प्रदेश सरकार के समर्थन मूल्य से कम कीमत पर खरीदा है। किसानों की सरसों को आढ़तियों ने अपने स्तर पर अधिकतम कीमत 5200/-प्रति कुंटल तथा कम से कम 4800 रुपये पर खरीद की गई। जबकि प्रदेश सरकार का समर्थन कीमत 5450 रुपये है।

**गेहूं की खरीद से अनभिज्ञ बने हैं आढ़ती :** हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी, लेकिन मार्केट कमेटी या सरकारी एजेंसी द्वारा स्थानीय आढ़तियों को इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी है। जबकि गेहूं की सरकारी खरीद शुरु होने में एक दिन मात्र शेष रह गया है। स्थानीय मंडी में हर बार 22 से 23 आढ़ती गेहूं की सरकारी खरीद में सहयोग देते हैं।



सोहना की अनाज मंडी में किसान द्वारा लाई सरसों की सफाई करतीं महिला मजदूर।

> “ **प्रदेश** सरकार गेहूं की सरकारी खरीद किस शर्त पर किसानों से खरीद करेगी। इसकी जानकारी आढ़तियों को अभी तक नहीं दी है। सरकार गेहूं ही खरीद पर क्या नियम बना रही है। सरकार जब भी आढ़तियों से गेहूं या सरसों की खरीद में जो भी सहयोग मांगेगी।
>
> **महेश आर्य, प्रधान आढ़ती एसोसिएशन।**

> “ **सरकार** चाहती है कि गेहूं की खरीद को मार्केट कमेटी के माध्यम से एजेंसी को खरीदवाया जाएगा। जिससे आढ़तियों को मिलने वाला कमिशन की बचत होगी। एक अप्रैल से 30 मई तक एक माह गेहूं व सरसो की खरीद एक साथ होगी।
>
> **मुकेश कुमार खरीद निरीक्षक, हेफेड।**

# अनाज मंडी में दिन दहाड़े दो इको हुईं चोरी

**सोहना।** अनाज मंडी परिसर में दिन दहाड़े इको कार चोरी हो गई। तीन दिन में दो इको शहर में से चोरी हुई हैं। थाना भोंडसी का गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी पप्पू ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह बुधवार को अपनी इको कार को लेकर आया था।

उसने अपनी कार को अनाज मंडी परिसर में सुबह साढ़े 10 बजे खड़ा किया था। करीब सवा घंटा के बाद वह वापस अनाज मंडी में आया तो उसकी कार मौके से गायब थी। शहर में इको चोरी की वारदातें बढ़ने लगी है। सोमवार की रात को शहर के वार्ड-7 में घर के बाहर खड़ी इको रात के अंधेरे में चोरी हो गई।

मालिक के पुत्र ने मंगलवार की सुबह उठकर देखा तो इको मौके से नहीं थी। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों से आम नागरिकों में रोष पनपने लगा है। बाइक व स्कूटी चोरी होना शहर में आम बात हो गई है।

# लैंक्सेस इंडिया ने प्रतिष्ठित सीआईआई वेस्टर्न रीजन एसएचई एक्सिलेंस एंड इनोवेशन पुरस्कार 2022 जीता

## वाइस प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक नमितेश रॉय चौधरी ने अपनी सफलता पर बात रखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**लैंक्सेस** इंडिया ने अपनी झागड़िया साइट के लिए निर्माण श्रेणी (वृहद) के लिए प्रतिष्ठित 17वां सीआईआई वेस्टर्न रीजन सेफ्टी, हेल्थ और एनवॉयरमेंट (एसएचई) एक्सिलेंस और इनोवेशन पुरस्कार 2022 हासिल किया।

यह पुरस्कार सुरक्षा स्वास्थ्य और बेहतर पर्यावरण में लीक से हटकर तरीकों को लागू करने के लिए नेतृत्व, विजन और प्रयासों की श्रेणी में लैक्सेंस को दिया गया। यह पुरस्कार लैंक्सेंस के प्रयासों को सीआईआई की मान्यता का प्रतीक है। यह एसएचई की सर्वोत्कृष्टता के प्रति इंडस्ट्री की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है। इससे सभी कर्मचारी सुरक्षा स्वास्थ्य और बेहतर पर्यावरण के प्रति बेहद जागरूक रहते हैं। इसे हासिल करने के लिए वह बेहतरीन तरीकों का इस्तेमाल करते हैं।

इसके मूल्यांकन के मानदंडों में संस्थानों द्वारा अपनाया गया नवाचार, विशिष्टता, जन भागीदारी, प्रेरक कारक, प्रतिकृति या क्षैतिज तरीके से लागू की गई योजना और पर्यावरण की स्थिरता की पहल शामिल है। कार्यक्रम में लैंक्सेस इंडिया की ओर से यह पुरस्कार पीटीएसई के पूर्ण कालिक निदेशक और हेड बालाराम खोट, एचएसई की झागड़िया साइट के हेड नरेश मुडे और कार्यस्थलों पर सुरक्षा, एक्सएक्ट, जिम्मेदारी पूर्ण देखभाल और ट्रेड कॉम्प्लायंस के लिए पीटीएसई के जनरल मैनेजर भरत मीसाला ने ग्रहण किया। लैंक्सेस इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक नमितेश रॉय चौधरी ने अपनी सफलता पर अपनी बात रखते हुए कहा, लैंक्सेस में सुरक्षा को हम सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। एक संस्थान के रूप में हम अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा को हर हाल में बरकरार रखने के लिए वचनबद्ध हैं।

# बरसात ने बढ़ाई मुश्किलें : कोरोना के साथ अन्य रोग भी बढ़े

## बरसात से हुए जलभराव के कारण शहर में छाया मच्छरों का प्रकोप

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में कभी बारिश तो कभी उमस और गर्मी के चलते बार-बार मौसम में आने वाले बदलाव ने इन दिनों नवजात, बच्चों व बुजुर्गों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। आमजन को इन दिनों कई बीमारियों ने जकड़ रखा है। जहां एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ डेंगू व मलेरिया का खतरा भी पनप रहा है, क्योंकि शहर में मच्छर भी लगातार बढ़ रहे हैं। शहर में मच्छरों की बढ़ती संख्या से मलेरिया व डेंगू के डंक का खतरा उत्पन्न हो गया है।

ऐसे में खतरे की आशंकाओं को खारिज नहीं किया जा सकता। बीके सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता का कहना है कि ऐसे मौसम में कोरोना के अलावा डेंगू, डायरिया और अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ओपीडी में प्लेटलेट्स कम होने के मरीज भी सामने आ रहे हैं।

**कर रहे हैं जागरूक:** बायोलॉजिस्ट पीके अरोड़ा ने बताया कि बारिश के बाद पैदा होने वाले मच्छरों ने डेंगू को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ठहरे पानी में पनपने वाले मच्छरों के काटने से डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारी फैल रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों की रोकथाम के लिए जागरूकता और जांच अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा।



घरों में भरे ड्रम के पानी में लार्वा की जांच करता स्वास्थ्य कर्मी, जागरूकता कार्यक्रम में महिलाएं।

**बढ़ रहा खतरा:** डॉ. योगेश ने बताया कि मच्छर डेंगू व मलेरिया जैसे रोगों के संवाहक होते हैं। बारिश के मौसम में इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शहरी क्षेत्र में पाए जाने वाले एडीज डेंगू जैसी बीमारी का कारण बनते हैं। बारिश के ठहरे हुए पानी, पानी की टंकी, टायर और सड़कों पर जलभराव में लार्वा तेजी से पनपते हैं। बारिश के मौसम में संक्रमण से होने वाली बीमारियां बढ़ जाती है। इन दिनों डायरिया, सर्दी-खांसी, गले में इंफेक्शन के साथ ही कॉमन वायरल की समस्या भी बढ़ गई है।

**लिख रहे जांच:** बदलते मौसम में चिकित्सक वायरल बुखार के मरीजों को एहतियातन जहां एक तरफ कोरोना की जांच लिख रहे हैं, वहीं डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की जांच लिख रहे हैं। जिससे कि मरीज का सही इलाज हो सके। वहीं दूसरी तरफ जिला डेंगू/मलेरिया विभाग की तरफ से डोर टू डोर अभियान चलाकर भी घरों में मौजूद पानी की जांच की जा रही है।

# सेक्टर-56 की समस्याओं को लेकर विधायक ने किया अधिकारियों संग दौरा

## छह करोड रुपये की लागत से बनने वाले समुदायिक भवन के लिए किया जगह का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-56** में मौजूद विभिन्न तरह की समस्याओं को लेकर इलाके के लोग पिछले लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं। जिसे देखते हुए एनआइटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराया था। वहीं इस सेक्टर में सामुदायिक भवन बनवाने के लिए एचएसवीपी की प्रशासक को पत्र लिखा था। इसे लेकर विधायक नीरज शर्मा ने एचएसवीपी की प्रशासक गरिमा मित्तल और अन्य अधिकारियों के साथ सेक्टर 56 का दौरा किया था। इस दौरान समस्याओं का जायजा लेने के साथ यह बनने वाले सामुदायिक भवन के लिए जमीन का चयन भी किया गया। साथ ही एचएसवीपी प्रशासक ने समस्याओं का जल्दी ही समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया है।



सामुदायिक भवन के लिए जगह का निरीक्षण करते एमएलए नीरज शर्मा व अन्य अधिकारीगण।

एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा छह फरवरी 2022 को मुख्यमंत्री, मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग, प्रधान सचिव, नगर एंव ग्राम आयोजन विभाग, प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्रधिकरण फरीदाबाद को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया था कि उनके विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ दो सेक्टर 55 और 56 आते है। जिसमें सिर्फ सेक्टर-55 में सामुदायिक केन्द्र बना हुआ है।

जोकि कई वर्ष पुराना है और जर्जर हो चुका है। इसलिए लोगों की मांग अनुसार एवं जनहित को देखते हुए सेक्टर-56 में सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाएं। विधायक नीरज शर्मा ने मौके पर गरिमा मित्तल को मौके पर स्थान दिखाया था। उसके उपरांत सामुदायिक भवन का एस्टीमेंट बनाकर भेज दिया गया था। अब मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग द्वारा लगभग छह करोड रुपये की राशि 12 अगस्त 2022 को जारी कर दी गई है। अब जल्द ही इस कार्य का टेंडर लगाकर समुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।

इसके साथ ही विधायक नीरज शर्मा ने प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, फरीदाबाद की प्रशासक गरीमा मित्तल को सेक्टर 56 का दौरा कराया। सेक्टर 56 की टूटी सड़कों एवं पार्कों की बदतर स्थिति से अवगत कराया। सेक्टर 56 सीआईए दफ्तर के साथ जो पानी का तालाब बना पड़ा है, उसको दिखाया। गरीमा मित्तल ने आश्वासन दिया है कि जल्दी इन सभी कामों को कराया जाएगा।

# चौथे दिन भी जारी रही क्रमिक भूख हड़ताल



कर्मचारियों को सम्बोधित करते नरेश शास्त्री।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**निगम** के सैकड़ों कार्यकर्ताओं तथा कर्मचारियों ने चौथे दिन भी बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन की अध्यक्षता में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। छुट्टी के बावजूद भी कर्मचारी निगम मुख्यालय पर भारी संख्या में मौजूद रहे।

भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का मनोबल उस वक्त और अधिक बढ़ गया। जब सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह व हरियाणा बिजली वितरण निगम के राज्य के नेता विनोद कुमार ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार को चेतावनी दे डाली, यदि सरकार पालिका कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं करती है तो अन्य विभागों के कर्मचारी भी इस आंदोलन में कूद पड़ेंगे। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री उपाध्यक्ष कमला उप महासचिव सुनील चंडालिया राज्य ऑडिटर प्रधाना भी उपस्थित रहे। कर्मचारियों को संघ के कार्यकारी जिला प्रधान सुदेश कुमार, जिला सचिव नानक चंद, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या, रघुवीर चौटाला, वेद भढ़ाना, मनोज शर्मा, अजय शास्त्री, अनिल चिंडालिया ने फूल मालाएं पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया।

# अहिंसा रन को किरेन रिजिजू दिखाएंगे हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों और विश्व के कई देशों में JITO के जरिए अहिंसा रन का आयोजन किया जाएगा । 2 अप्रैल को देश में करीब 55 से ज्यादा जगहों पर और दुनिया में करीब 22 से ज्यादा देशों में JITO की ओर से अहिंसा रन का आयोजन किया जाएगा। वहीं जीतो नई दिल्ली चैप्टर के जरिए जेएलएन स्टेडियम में अहिंसा रन की शुरुआत होगी। जीतो नई दिल्ली चैप्टर के तहत अहिंसा रन को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू मुख्य अतिथि के तौर पर हरी झंडी दिखाएंगे।

वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला समेत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी सरीखे नेताओं के साथ ही पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और अजय जडेजा के अलावा कई बॉलीवुड कलाकारों के जरिए भी अहिंसा रन का समर्थन किया गया है। JITO पूरे भारत में 2 अप्रैल 2023 को 55+ शहरों में 1,10,000+ प्रतिभागियों के साथ और 22 देशों में अहिंसा की बढ़ावा देने के लिए अहिंसा रन का आयोजन कर रहा है। सभी एक ही समय में, एक ही दिन चलेंगे।

साथ ही जीतो को एक हफ्ते में विश्व भर से अहिंसा रन के लिए सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन के लिए आधिकारिक तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने भी मान्यता दी है। विश्व भर से 1 लाख से ज्यादा लोगों ने इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। सिर्फ दिल्ली-एनसीआर में ही 5 अलग-अलग जगहों पर 15000 से ज्यादा प्रतिभागी इस दौड़ में हिस्सा लेंगे। वहीं 2 अप्रैल को इस दौड़ में हिस्सा लेने के लिए लोगों के लिए एंट्री भी ओपन है। जीतो नई दिल्ली चैप्टर के मुताबिक अहिंसा रन के जरिए इस वैश्विक मैराथन का आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका (SA) और यूनाइटेड किंगडम (UK) सहित कई देशों में किया जाएगा। भगवान महावीर की जयंती से पहले जियो और जीने दो के इरादे के साथ आयोजित होने वाली शांति और अहिंसा का संदेश देने के लिए यह सबसे बड़ी दौड़ है। साथ ही विश्व भर में करीब 1 लाख से ज्यादा लोग अहिंसा रन में शामिल होने वाले हैं।



इस दौड़ का उद्देश्य लोगों को शांति और अहिंसा के पथ पर अग्रसर करना है। अहिंसा रन में तीन श्रेणियां होंगी- 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर, जो कि सुबह 5.30 बजे से शुरू होगी। वहीं दौड़ में जीतने वाले प्रतिभागियों को नकद प्राइज भी दिया जाएगा। साथ ही उम्मीद है कि अहिंसा रन के बाद भी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में जीतो के ओर से कई अहम कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।

# ट्रांसपैरेंसी से मनाया विश्व इडली दिवस का जश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे इनोवेटिव फ्रेश फूड ब्रांड, आईडी फ्रेश फूड ने आज अपने अनूठे लाइव स्ट्रीमिंग अभियान-ट्रांसपैरेंसी के साथ विश्व इडली दिवस मनाया। दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी फैक्ट्री में घंटे भर चला रीयल-टाइम, नो-फिल्टर डेको, दुनिया भर के हजारों दर्शकों को एक आम आभासी मंच पर एक साथ लाया। पिछले विश्व इडली दिवस के मौके पर ट्रांसपैरेंसी कैंपेन को लॉन्च किया गया था। इसके माध्यम से कर्नाटक के अनेकल में 80,000 वर्ग फीट में बनी आईडी फ्रेश की पूरी तरह से ऑटोमेटेड व आधुनिक फैक्ट्री को दिखाया गया, जिसे घर की बड़ी रसोई भी कहा जाता है।

इस साल कैंपेन के तहत सीईओ एवं सह-संस्थापक पीसी मुस्तफा ने चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर जीएलएन मूर्ति के साथ दोपहर 12 से 1 बजे तक लाइव सत्र का आयोजन किया। दर्शकों को सीधे कच्चे माल से उनकी पसंदीदा इडली एवं डोसा के बैटर को बनते देखने का मौका मिला। लाइव सत्र में ग्राइंडिंग एरिया, पैकेजिंग सेगमेंट और फर्मेंटेशन एवं कोल्ड रूम भी दिखाया गया। दोनों अधिकारियों ने दर्शकों द्वारा पूछे जा रहे लाइव सवालों के जवाब भी दिए। इनमें फैक्ट्री की शुरुआत, मशीन, सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियां, हाईजीन स्टैंडर्ड आदि के बारे में पूछे गए सवाल शामिल थे। आईडी फ्रेश ने हर पखवाड़े में स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के लिए फैक्ट्री विजिट की सुविधा भी शुरू की है। आईडी फ्रेश फूड के सीईओ एवं सह-संस्थापक पीसी मुस्तफा ने ट्रांसपैरेंसी के



दूसरे संस्करण के बारे में कहा, 'पिछले साल दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए हम विश्व इडली दिवस के मौके पर इस सालाना कैंपेन को पुन: आयोजित करने के लिए उत्सुक थे। पिछले साल पांच दिन में कैंपेन को 25 करोड़ व्यू मिले थे। लोगों के इसी उत्साह ने हमें प्रेरित किया।'

बिना केमिकल, प्रिजर्वेटिव, आर्टिफिशियल कलर और फ्लेवर के बैटर तैयार करने का 100 प्रतिशत प्राकृतिक एवं घरेलू तरीका आईडी फ्रेश की सबसे बड़ी खूबी है। यहां उत्पाद किसी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि एक बड़ी रसोई में तैयार होते हैं। आईडी फ्रेश फूड के चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर जीएलएन मूर्ति ने कहा, 'आईडी फ्रेश में पारंपरिक भारतीय भोजन के प्रति हमारे प्रेम को इनोवेशन का साथ मिलता है। बेहतरीन कच्चे माल से इडली और डोसा का बैटर तैयार किया जाता है। ट्रांसपैरेंसी एक पहल है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहकों को पूरी प्रक्रिया को लाइव देखने का मौका मिलता है।' 2005 में अपनी शुरुआत से ही आईडी फ्रेश को ग्राहकों का प्यार मिला है, जो इन वर्षों में एक भरोसे का संबंध बन गया है।

# नौ दिन चलाया कन्या भ्रूण हत्या जागरूकता अभियान




**फरीदाबाद।** सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक की आरडब्ल्यूए सदस्यों ने कीर्तनों में जाकर कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूक किया। जिसमें वूमेन वैलफेयर एसोसिएशन क्यू ब्लॉक और सतत फाउंडेशन फरीदाबाद द्वारा नौ दिनों तक दुर्गापूजा के दौरान कन्या भ्रूण हत्या बंद कराने को अभियान चलाया गया।

महिला एसोसिएशन की सेक्रेटी और अभियान संयोजिका कविता अहलावत ने बच्चियों के संग मिलकर लघु नाटक के जरिये प्रस्तुति दी। आरडब्ल्यू क्यू ब्लॉक और सतत फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा भारद्वाज ने बताया कि नाटक द्वारा बच्चियों ने समाज से अपील की कि आपको नवरात्रि के भोज में पड़ोसी की बेटी चाहिए और अपने घर में पुत्र। बच्चियों ने हरियाणा में लिंगानुपात पर करारी चोट की। जब तक स्वयं मां बनने वाली महिला इसका विरोध नहीं करेंगी। नाटक में वारिश, कासवीं और लक्षिता ने भाग लिया। बच्चियों ने नाटक में अपनी भूमिका से सबकी आंखों को नम कर दिया। इसके साथ ही महिलाओं को शपथ दिलाई कि जिस भी परिवार में भ्रूण हत्या का पाप हुआ हो, वहां महिलाएं अपनी बेटियों को नवरात्रि के भोज में न भेजें। इस मौके पर सीमा भारद्वाज, कविता अहलावत, अरूणिमा सिंह, मिथलेश शर्मा, विनीता, माया शर्मा, सुष्मिता मोहंती, रेखा, पूनम डागर की भूमिका अहम रही।

# अनुसूचित एवं विमुक्त जाति परिवार बेटी की शादी पर लें आर्थिक सहायता : उपायुक्त

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीकरण करवाना है जरूरी

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कल्याण विभाग के माध्यम से गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों में बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीकरण करवाना जरूरी है।

बता दें कि विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होता है। डीसी ने बताया कि जिला में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत



उपायुक्त विक्रम सिंह।

जो पात्र लाभार्थी परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के छह महीने पूरे होने से पहले 'शादी डॉट ई दिशा डाट जीओवी डॉट ईन' पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान धनराशि का लाभ दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये की धनराशि का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। वहीं बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये की धनराशि का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उनको 31 हजार रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि विवाहित युगल चालीस प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपए की धनराशि और पति-पत्नी में से एक जन चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी।

# झपटमारी में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी की टीम ने स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में संदीप उर्फ कोबरा तथा कृष्ण और अंडा का नाम शामिल है। आरोपी फरीदाबाद के फतेहपुर चंदीला गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपियों को विवेकानंद पार्क फतेहपुर चंदीला गांव से थाना एनआईटी के चोट मारकर स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने के मामले में गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपियों ने 22 मार्च 2023 को एक मोबाइल फोन और 3000 रुपये छीने थे। आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपियों से पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन ओप्पो, लोहा रोड एवं बेसबॉल का डंडा बरामद हुए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## नि:शुल्क नेत्र जांच और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** शहर की संस्था संभार्य फाउंडेशन द्वारा संचालित चैरिटेबल हेल्थ क्लिनिक संभार्य मेडिकल हेल्थ सेंटर द्वारा पलवल के गांव दुर्गापुर के ओडी मेमोरियल स्कूल में छात्र छात्राओं के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच व निशुल्क चश्मा वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में स्कूल में 114 बच्चों का चेकअप हुआ। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया कि अप्रैल के बाद लगातार पूरे जिले में प्रत्येक स्कूल में ये कैम्प लगवाए जाएंगे। संभार्य फाउंडेशन के सदस्य पुनीत ने बताया कि इस कैम्प में विजन स्प्रिंग की टीम ने काम किया और सदस्य दीपक डगर व साहिल देशवाल ने आयोजन में हम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान दुर्गापुर गांव के नवनिर्वाचित सरपंच मंजीत जैलदार व प्रिंसिपल जय जैलदार के साथ स्टाफ भी मौजूद रहा।

## कोरोना के 11 पॉजिटिव मिले, 17 मरीज हुए स्वस्थ्य

**फरीदाबाद।** शहर में कोरोना का कहर कम नहीं हो रहा है। बृहस्पतिवार को कोरोना के 11 नए मामले सामने आए है, लेकिन राहत की बात यह रही कि 17 मरीजों की ठीक होने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने कर दी है। जिसमें अस्पताल में भर्ती दो मरीजों के अलावा बाकि 15 होम आइसोलेशन में रह रहे मरीज शामिल हैं। वहीं 11 नए संक्रमित आने से जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 63 पर पहुंच गया है। जिसमें 60 होम आईसोलेशन में हैं और अन्य तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं जिले में रामनवमी के अवकाश के कारण कुल 114 सैम्पल ही जांच किए गए। वहीं सरकारी अस्पताल के 59 और निजी अस्पतालों के 34 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## खोया हुआ आईफोन 12 पुलिस ने किया मालिक के हवाले



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज थाना सेक्टर-8 प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने खोए हुए आईफोन-12 की तलाश कर फोन के मालिक (सोनाली) तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सोनाली का फोन खरीदारी करते समय 26 मार्च को सेक्टर 7-10 की मार्केट में गुम हो गया था। जिसकी सूचना थाना सेक्टर 8 में दी गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मोबाइल फोन को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 4 के एरिया मथुरा रोड के पास से बरामद किया है। मोबाइल फोन को सोनाली को सूचना देकर हवाले कर दिया है। सोनाली ने मोबाइल फोन पाकर खुशी जाहिर करते हुए तुरंत कार्रवाई को देखते हुए पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

## सात दिन से लापता व्यक्ति को पुलिस ने तलाशा



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने 39 वर्षीय गुमशुदा व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि व्यक्ति 23 मार्च को अपने घर के बिना बताए निकल गया था। जिसकी सूचना परिजनों ने थाना डबुआ को दी। सूचना पर थाना डबुआ में मामला दर्ज कर गुमशुदा व्यक्ति की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुमशुदा व्यक्ति को अजरौंदा चौक फरीदाबाद से सकुशल तलाश कर बरामद किया गया है। व्यक्ति से घर वालों के सामने पूछताछ की गई तो व्यक्ति ने बताया कि वह किसी बात को लेकर नाराज था। जिसको लेकर वह घर से निकल गया था। परिजनों को हिदायत देते हुए व्यक्ति को हवाले किया। व्यक्ति के परिजनों ने पुलिस टीम का तहेदिल से धन्यवाद किया।

## राम नवमी पर दिलाई कन्या रक्षा की शपथ



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रामनवमी के पर्व पर पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी इंचार्ज मनोज कुमार ने चौकी में कन्या रक्षा की शपथ दिलाते हुए पर्व को मनाया है। पर्वतीय कालोनी चौकी के पुलिसकर्मियों ने चौकी परिसर में पूजा-अर्चना की व कन्या पूजन किया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है कि क्षेत्र प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करें लेकिन महिला के प्रति हो रहे अपराध को देखते हुए बालिकाओं की रक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को आदेश दिए कि रात्रि ड्यूटी के समय अगर कोई महिला या बालिका आपको मिलती है तो उसे तुरंत सरकारी गाड़ी में सुरक्षा के साथ उसकी मंजिल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है।

## मानव को सिखाने के लिए मर्यादा में बंधे श्रीराम : पुरुषोत्तमाचार्य



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण दिव्यधाम (श्री सिद्धदाता आश्रम) में श्रीराम नवमी का पर्व बड़े ही जोर शोर और भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि मानव को मर्यादा सिखाने के लिए भगवान ने श्रीराम के रूप में जन्म लिया और लीलाएं कीं। उन्होंने कहा कि भगवान तो सब कुछ कर सकते हैं लेकिन उन्होंने मानव को मर्यादा में रहना सिखाया। उन्होंने करके दिखाया कि मानव को क्यों श्रेष्ठ कहा जाता है। उन्होंने करके दिखाया कि कैसे चरित्र को समाज में स्थान मिलता है। उन्होंने स्वयं के चरित्र द्वारा समाज को संदेश दिया कि हमें कैसे जीना चाहिए। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने बताया कि भगवान श्रीरामचंद्र ने एक राजा के घर जन्म लेने के बाद भी कभी अहंकार नहीं किया और उन्होंने परिवार और समाज के हिसाब से आचरण किया। हमें उनसे सीखने के लिए, बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि यदि हम श्रीराम के चरित्र को देखेंगे तो पाएंगे कि वहां पर सुधरे चरित्र की बात हो रही है। इसे बनाए रखने के लिए व्यक्ति को कीमत भी चुकानी पड़ेगी लेकिन उसका अंत हमेशा सुखदायी होगा। पुरुषोत्तमाचार्य ने कहा कि हमें भगवान पर भरोसा रखना चाहिए लेकिन भगवान के घर की सीढ़ी दिखाने वाले गुरु पर विश्वास जरूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो गुरु के दर पर जाता है, भगवान उसके दर पर जाते हैं। उन्होंने राजा दशरथ व अन्य उदाहरणों के माध्यम से बताया कि जीवन में हर रुकावट गुरुकृपा से दूर हो सकती है। भगवान भी उनको पसंद करते हैं जो अपने गुरु की बात को मानते हैं। इससे पूर्व उन्होंने दिव्यधाम, समाधि स्थल पर पूजन अर्चन किया और भगवान श्रीराम चंद्र के मूर्तरूप का नाना प्रकार से अभिषेक किया।

## साइबर सुरक्षा

### अच्छी शुरुआत

**अहमदाबाद,** चंडीगढ़, गोहाटी, हैदराबाद, जामतारा, मेवात व विशाखापट्टनम वैसे तो पूरे देश में फैले हैं, पर वे 'साइबर अपराध' नामक एक प्रकार के फलते-फूलते कुटीर उद्योग से आपस में जुड़े हैं। साइबर अपराध के इन गढ़ों से निपटने के लिए केन्द्र सरकार ने सात संयुक्त साइबर क्राइम कोआरडिनेशन टीमों का गठन किया है। हालांकि, उपरोक्त सात कस्बे और शहर ही आनलाइन अपराधियों का एकमात्र ठिकाना नहीं हैं। द पायनियर में प्रकाशित एक खबर के अनुसार दिल्ली से आंध्र प्रदेश तथा गुजरात से असम तक 9 राज्यों के तीन दर्जन से अधिक कस्बों व गांवों में साइबर अपराधियों के गढ़ बन गए हैं, लेकिन इन पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कड़ी नजर है। भारत की वित्तीय व्यवस्था तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से दुश्मन देश भी इस खेल में शामिल हो गए हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि विदेशी साइबर अपराधी मुख्यतः चीन, पाकिस्तान व तुर्किये से हैं। सभी जानते हैं कि साइबर अपराधी अनेक प्रकार की चालबाजियां कर लोगों से उनका पैसा चुरा लेते हैं। वे भोलेभाले लोगों को 'लाटरी' का पैसा स्वीकार करने के नाम पर उनसे एक या दूसरे बहाने से क्रेडिट या डेबिट कार्ड के विस्तृत विवरण प्राप्त कर लेते हैं अथवा लोगों को आकर्षक प्रस्ताव, आदि दिए जाते हैं। हालांकि, साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई होती रहती है, पर अधिकारियों ने अक्सर समन्वय की आवश्यकता अनुभव की है। इसका कारण समझना कठिन नहीं है। चूंकि आनलाइन कनेक्टिविटी पुलिस अधिकार क्षेत्रों तक सीमित



नहीं है, इसलिए पुलिस अधिकारियों के लिए इनकी जांच करना व अपराधियों को पकड़ना कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में आनलाइन धोखाधड़ी के अपराधी को पकड़ने के लिए झारखंड के जामतारा जाना पड़ सकता है। जामतारा साइबर अपराध का गढ़ व प्रतीक इसलिए बन गया है क्योंकि इस पर एक वेब सीरीज़ बनाई गई है।

केन्द्र सरकार को चिन्ता है कि साइबर अपराधियों के नए हाटस्पाट बनने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि अतीत में साइबर अपराधियों से निपटने के समन्वित प्रयास नहीं हुए हैं। 2020 में गृह मंत्रालय के आधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र का गठन किया गया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराध के नए-नए गढ़ उभरे हैं। इसके साथ ही साइबर अपराध के शिकार लोगों की संख्या कई गुना बढ़ी है तथा उनमें विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। अब केवल निरक्षर या सूचनाओं से अधिकांशतः अपरिचित व्यक्ति ही आनलाइन ठगों का शिकार नहीं होते हैं, बल्कि इनमें उच्च शिक्षित व काफी सीमा तक तकनीक का प्रयोग करने वाले लोग भी शामिल हैं। उनको अपना पैसा गंवाना पड़ा है। इसलिए इन साइबर अपराधियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समुचित समन्वित प्रयास समय की आवश्यकता हैं। इस संबंध में कुछ बिंदुओं पर गौर करना उचित होगा। पहला, सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों को आम जनता को साइबर अपराध के खतरों और उसके प्रकारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। जैसे ही साइबर ठगों की किसी चाल का पता चले, जनता को इसके बारे में सूचना दी जानी चाहिए। दूसरा, कानून के लंबे हाथों को न केवल अपराधियों तक पहुंचना चाहिए, बल्कि यह काम इतनी तेजी से होना चाहिए कि उनको ज्यादा मासूम लोगों को निशाना बनाने का मौका न मिले। तीसरा, संयुक्त टीमों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को सजा मिले। अभियोजन की उच्च दर लोगों को अपराध संलिप्तता से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इसके साथ ही केन्द्र व राज्य सरकारों को आनलाइन ठगी करने वालों के खिलाफ विशेष अदालतों के गठन पर विचार करना चाहिए। साइबर अपराधियों के अधिकांश शिकार आम लोग होते हैं और उनको भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

# अपराध नहीं है बैंकों का एनपीए

बैंकों के एनपीए-गैर निष्पादित परिसंपत्तियों को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। यह सामान्य बैंकिंग प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं।



**दिनेश कुमार त्यागी**
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएएस हैं)



मुझे 1999 में बोर्ड आफ इंडियन बैंक में सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया था। उस समय इसकी स्थिति अच्छी नहीं थी। यदि यह सार्वजनिक क्षेत्र बैंक न होता तो नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने इसे बंद करने का आदेश दे दिया होता। इस तथ्य को देखते हुए कि आखिरकार भारत सरकार उनकी कर्जदाता होती है, इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को अपना कामकाज जारी रखने की अनुमति थी। हालांकि, उनको समय-समय पर सरकार से पूंजी समर्थन की जरूरत पड़ती थी। इसी कालखंड में योजना आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इसका गठन एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ की अध्यक्षता में हुआ था जो बाद में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने। इस समति ने तीन कमजोर बैंकों-इंडियन बैंक, यूको बैंक व पंजाब एंड सिंध बैंक की पहचान कर उनको बंद करने की संस्तुति की थी। इस तथ्य के बावजूद कि योजना आयोग के कार्यक्षेत्र में ऐसी संस्तुति करना नहीं आता था, विशेषज्ञ समिति की संस्तुतियों को सुर्खियों में स्थान मिला और विभिन्न मंचों पर इन पर चर्चा हुई। इनको भारतीय बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक आवश्यकता के रूप में देखा गया। यहां तक कि सरकार द्वारा बैंकिंग क्षेत्र के लिए नियुक्त नरसिम्हन समिति ने इस प्रकार कमजोर बैंकों को बंद करने का सुझाव नहीं दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा वित्त मंत्रालय ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की और इसे अनदेखा किया। यह निर्णय उचित था।

सरकार ने कमजोर बैंकों की कार्यक्षमता सुधारने के लिए उनको बोर्डों को सीधे अपने आधीन कर दिया। उस समय इंडियन बैंक में केवल चार निदेशक थे जिनमें एक आरबीआई का प्रतिनिधि, एक सरकार का प्रतिनिधि, एक सीएमडी व एक ईडी शामिल थे। इन बैंकों में सचेतन रूप से एक गैर-स्थानीय सीएमडी भी नियुक्त किया गया था। नवगठित व कम शक्ति वाले बोर्डों को एक निश्चित समयसीमा में बैंकों को पुनर्जीवित करने का खास लक्ष्य दिया गया था। इंडियन बैंक बोर्ड की पहली बैठक में सूचना दी गई कि बैंक उच्च गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए के कारण कर्ज नहीं दे रहा है और बैंक का बोर्ड लगभग निष्क्रिय था। बैंकों का कर्ज उसकी परिसंपत्तियां तथा जमा दायित्व होता है। बैंक केवल दायित्वों पर जीवित नहीं रह सकते हैं। संकुचित बैंकिंग, यानी पहले से चली आ रही या नवगठित पेमेंट बैंकों की व्यवस्था अभी प्रभावित सिद्ध नहीं हुई है। बोर्ड की बैठक में जब पूछा गया कि एनपीए खातों को सुधारा क्यों नहीं गया तो सूचना दी गई कि अधिकांश मामले सीबीआई के पास हैं और उनकी जांच हो रही है। इसलिए इस तथ्य के बावजूद बैंक कुछ नहीं कर सकता था कि अधिकांश मामलों में काफी परिसंपत्तियां या परफारमेंस सिक्यूरिटीज़ जुड़ी थीं। प्रबंधन को इन पर दबाव डालने तथा बकाया धनराशि वसूल करने से डर लग रहा था।

बोर्ड की दूसरी बैठक में मैंने कहा कि सीबीआई केवल आपराधिक मामले देखेगी और वह बकाया धनराशि वसूलने में सहायक नहीं होगी। बैंक को ऐसे में परिसंपत्तियों व उपलब्ध सिक्यूरिटीज़ के आधार पर सभी एनपीए मामलों पर गौर करना चाहिए। लेकिन महिला सीएमडी इस पर हिचक रही थीं। उन्होंने पूछा, 'मेरे कॅरियर का क्या होगा? क्या सीबीआई इस पर आपत्ति नहीं करेगी?' आरबीआई प्रतिनिधि ने इस प्रस्ताव का विरोध नहीं किया। हालांकि, बाद में सीएमडी को समझाया गया कि पूरे बोर्ड की संयुक्त जिम्मेदारी होगी और केवल उनको ही सेटलमेंट निर्णय का दोषी नहीं माना जाएगा। इस बात पर जोर दिया गया कि बैंक का पुनर्जीवन बैंक की एनपीए समस्या सुलझाने से गहन रूप से जुड़ा है। सरकार से इतने अधिक एनपीए के कारण पूंजी का समर्थन प्राप्त करने की उम्मीद नहीं थी। सौभाग्य से बोर्ड के सभी लोगों ने प्रस्ताव पर सहमति जताई। अगले 6 महीनों में बैंक प्रबंधन समिति व बोर्ड का एकमात्र एजेंडा एनपीए मामलों के सेटलमेंट प्रस्ताव को मंजूरी था। सीबीआई को संदर्भित या दूसरे सभी खातों को हर मामले में उपलब्ध सिक्यूरिटी परिसंपत्तियों के आधार पर ठीक किया गया।

इससे बैंक के खाते ठीक हो गए और बैंक फिर से कर्ज देने लगा, जबकि सरकार ने भी पुनर्गठन प्रस्ताव के अंतर्गत पूंजी निवेश किया। इससे बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों में जोश भर गया और इंडियन बैंक पुनर्जीवित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। देश के एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र बैंक-इंडियन बैंक को स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया। उसकी बाजार पूंजी अनेक अन्य बैंकों की तुलना में बेहतर थी। इंडियन बैंक का पुनर्जीवन एक केस स्टडी है और उचित ही पूर्व सीएमडी महिला ने इस पर एक पुस्तक भी लिखी। इंडियन बैंक पुनर्जीवन काल में सरकार ने विशेषज्ञों की एक 'निगरानी समिति' गठित की थी जिसमें बाहरी लोग बैंक बोर्ड को निर्देशित करते थे। बोर्ड के साथ निगरानी समिति की पहली बैठक में उन्होंने सिंगापुर में कामकाज बंद करने तथा बैंक की कुछ परिसंपत्तियां बेचने का सुझाव दिया। लेकिन बोर्ड ने इन सुझावों को फौरन अस्वीकार कर दिया। निगरानी समिति ने बोर्ड के असहयोग के बारे में आरबीआई व वित्त मंत्रालय से शिकायत की। मैंने बैंक बोर्ड का दृष्टिकोण मंत्रालय और आरबीआई को बताया। सौभाग्य से इसके बाद निगरानी समिति ने बोर्ड को और सुझाव नहीं दिए।


जिस बैंक को एक समय कमजोर व बंद करने योग्य माना गया था, आज वह भारत के सफल बैंकों का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। परिणामस्वरूप एनपीए को बैंकिंग क्षेत्र का अभिन्न अंग की तरह देखना चाहिए और इसे आपराधिकता से नहीं जोड़ना चाहिए। निजी बैंकों में एनपीए का प्रबंधन किया जा सकता है, उनका पुनर्गठन हो सकता है, उनको घटाया जा सकता है या समय रहते रद्द किया जा सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए जरूरी है कि वे एनपीए संबंधित मामला विजिलेंस विभाग को भेजें। इससे सेटलमेंट प्रक्रिया में विलम्ब होता है, इसके कारण परिसंपत्तियों व सिक्यूरिटीज़ का मूल्य घटता है तथा बैंक को अंतर्निहित परिसंपत्तियों के बावजूद इसका पूरा प्राविधान करना पड़ता है। एनपीए का संबंध आर्थिक वृद्धि चक्र, तकनीकी परिवर्तनों तथा नियामक विचारों से है। बैंकों को हर मामले के आधार पर इन पर विचार करना चाहिए तथा उनके पुनर्गठन, परिवर्तन व सेटलमेंट, आदि का निर्धारण करना चाहिए। लेकिन विजिलेंस को मामला भेजने में ये अनावश्यक हैं। इस कारण बैंक को समयबद्ध तरीके से एनपीए मुद्दे निपटाने में कठिनाई होती है। इस प्रकार के सभी निर्णय प्रबंधन समिति द्वारा किए जाते हैं जिनमें स्वतंत्र निदेशक के साथ ही आरबीआई व सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। हालांकि, वर्तमान समय में आरबीआई प्रतिनिधि नहीं नियुक्त होते हैं। 1990 का दशक सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए कठिन समय था। 1969 व उसके बाद 1980 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से बैंक सरकार के आधीन हो गए। प्रबंधन के चरित्र में परिवर्तन से उनका कामकाज प्रभावित हुआ। हालांकि, अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए। बैंकों के कर्ज को समतामूलक समाज बनाने के सरकारी दृष्टिकोण से जोड़ा गया। अब तक अनदेखी वाले क्षेत्रों को 'प्राथमिकता क्षेत्र' के रूप में परिभाषित किया गया। कुल कर्ज का 40 प्रतिशत प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए रखा गया जिनमें कृषि तथा एमएसएमई क्षेत्र शामिल हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

लेकिन सरकारी नियंत्रण के कारण बैंकिंग क्षेत्र का स्वास्थ्य प्रभावित हुआ तथा आकांक्षी जनसंख्या की इच्छाओं के अनुरूप अद्यतन तकनीक व उत्पादों का समावेश बाधित हुआ। निजी क्षेत्र बैंकों के उभरने के बाद ही ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवायें मिलीं तथा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों में सुधार शुरू हुआ। बैंकों ने ग्राहक सेवा पर ज्यादा ध्यान देने के लिए तकनीकें अपनाईं। निसंदेह सार्वजनिक क्षेत्र संस्थाओं में अधिकारियों व कर्मचारियों की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीलेपन और प्रोत्साहनों का अभाव है। बैंक प्रबंधनों को एनपीए से निपटने का अवसर मिलना चाहिए तथा सीबीआई व सीवीसी को उन पर बोझ नहीं डालना चाहिए। बैंकों के पास अपने विजिलेंस विभाग हैं जो ऐसे मामलों से निपट सकते हैं। बैंकों में एनपीए को आपराधिकता से अलग कर उनको सामान्य बैंकिंग कामकाज का हिस्सा समझना चाहिए। कर्ज देने के हर चरण पर जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। समय आ गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को समान स्तर पर काम करने का अवसर दिया जाए।

# तेजी से बढ़ रहा है एनीमेशन उद्योग

"कौशल और विस्तार के लिए गहरी नजर एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइन के मूल में हैं।"

**साहिल चोपड़ा**
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)



एनिमेशन उद्योग में तेजी से विकास हुआ है। डिजिटल मीडिया के बढ़ते संपर्क और सम्मोहक दृश्य सामग्री की लगातार बढ़ती आवश्यकता के साथ, कहानी कहने, विज्ञापन और मनोरंजन के लिए एनीमेशन व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले माध्यम के रूप में उभरा है। नतीजतन, कुशल एनिमेटरों की उच्च मांग है, और उद्योग सबसे नई प्रतिभाओं की तलाश कर रहा है। यह पेशेवर विकास और उन्नति के लिए आशाजनक संभावनाओं के साथ एक एनीमेशन कैरियर को एक आकर्षक विकल्प बनाता है। दूसरी ओर, कैनवा और एडोब स्पार्क जैसे डू-इट-योरसेल्फ विज़ुअल डिज़ाइन टूल और प्लेटफ़ॉर्म के उभरने के कारण ग्राफिक डिज़ाइन क्षेत्र एक नींद में गिर गया है। ऐसे ऐप्स के लॉन्च ने व्यक्तियों को पेशेवर ग्राफिक डिजाइनरों के बिना अपने स्वयं के डिजाइन बनाने में सक्षम बनाया है। ग्राफिक डिजाइनरों की स्थायी मांग के बावजूद, यह क्षेत्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिससे उद्योग में खुद को अलग करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

एनिमेशन रचनात्मकता और कल्पना के लिए नए द्वार खोलता है। पात्रों, परिवेशों और संसारों का निर्माण करते समय एनिमेटर्स वास्तविकता से प्रतिबंधित नहीं होते हैं। ग्राफिक डिजाइनरों के विपरीत, वे अपनी अवधारणाओं में जान फूंक सकते हैं और गति और ध्वनि के माध्यम से कहानियों को व्यक्त कर सकते हैं। यह उनके काम में भावना और गहराई जोड़ता है। दूसरी ओर ग्राफिक डिजाइन, एक ब्रांड पहचान का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्थिर डिजाइन बनाने पर अधिक केंद्रित है। जबकि ग्राफिक डिजाइन निश्चित रूप से रचनात्मकता की अनुमति देता है, क्या हासिल किया जा सकता है इसकी सीमाएं



हैं। ग्राफिक डिजाइनरों को ब्रांड दिशानिर्देशों और डिजाइन सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, जो रचनात्मकता को प्रभावित करते हैं।

एनिमेशन ग्राफिक डिजाइन की तुलना में करियर विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। एनिमेटर्स फिल्म, टेलीविजन, वीडियो गेम, विज्ञापन और शिक्षा जैसे विविध उद्योगों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, वे 2डी एनिमेशन, 3डी एनिमेशन, चरित्र डिजाइन और दृश्य प्रभावों के विशेषज्ञ हैं। संभावनाओं की यह विस्तृत श्रृंखला एनिमेटरों को विभिन्न रास्तों का पता लगाने और उनके कौशल और रुचियों से मेल खाने वाली जगह की खोज करने में सक्षम बनाती है। दूसरी ओर, ग्राफिक डिजाइनर आमतौर पर विज्ञापन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में काम करते हैं, जिसमें प्रकाशन और वेब डिज़ाइन जैसे विभिन्न उद्योगों में कम विकल्प उपलब्ध हैं।

एनीमेशन एक सहयोगी उद्योग है जो आकर्षक परियोजनाओं को बनाने के लिए एनिमेटरों, लेखकों, निर्देशकों और अन्य कलाकारों की टीमों पर निर्भर करता है। यह सहयोगी प्रक्रिया विचारों और दृष्टिकोणों के विविध आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, जिससे एक परिष्कृत और पॉलिश अंतिम उत्पाद तैयार होता है। दूसरी ओर, जबकि ग्राफिक डिज़ाइन में सहयोग भी शामिल हो सकता है, इसके लिए अक्सर व्यक्तिगत ग्राहकों या छोटी टीमों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है।

ग्राफिक डिजाइन कार्य की इस प्रकृति का परिणाम कभी-कभी अधिक पृथक कार्य स्थितियों में हो सकता है, जो टीम वर्क पर पनपने वाले व्यक्तियों को चुनौती दे सकता है।

एनीमेशन की कला दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर सकती है। जैसे-जैसे ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन चैनल बढ़ते जा रहे हैं, एनिमेटेड कंटेंट में दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचने की क्षमता है। यह एनिमेटरों के लिए व्यापक पैमाने पर पर्याप्त प्रभाव डालने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। वे अपनी कृतियों के लिए विश्वव्यापी पहचान भी अर्जित कर सकते हैं। जबकि ग्राफिक डिजाइन के व्यापक दर्शक वर्ग भी हैं, इसका प्रभाव अक्सर विशिष्ट क्षेत्रों या बाजारों के लिए अधिक स्थानीय होता है। किसी विशेष उद्योग के लिए ब्रांड पहचान बनाने में विशेषज्ञता वाले एक ग्राफिक डिजाइनर की उस क्षेत्र में एक मजबूत प्रतिष्ठा हो सकती है। हालाँकि, उनकी प्रसिद्धि इससे आगे नहीं बढ़ सकती है।

अपने बढ़ते उद्योग और विविध अवसरों के कारण एनिमेशन एक पसंदीदा करियर विकल्प बनता जा रहा है। यह अधिक रचनात्मकता और सहयोग की अनुमति देता है, जिसके परिणामस्वरूप पॉलिश किए गए अंतिम उत्पाद होते हैं। एनिमेटरों की वैश्विक मान्यता और प्रभाव भी है। कुल मिलाकर कला और कहानी कहने के शौकीनों के लिए यह एक आकर्षक करियर है।

## आप की बात

### आवारा कुत्ते

**कुत्तों** का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। लेकिन कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। हालांकि आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 व अन्य नियमों के अंतर्गत संरक्षित किया जाता है। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15 प्रतिशत को ही टीका लगाया गया है। हालांकि, नियमों को अद्यतन किया जा रहा है ताकि आवारा पशुओं व कुत्तों की आबादी को सीमित किया जा सके। आवारा कुत्तों के काटने के कारण दुनिया भर में रैबीज़ से होने वाली सभी मौतों में एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। सड़क पर दौड़ते समय वे दुर्घटना का कारण बनते हैं जिससे अनेक लोगों को चोटें लगती हैं। आवारा कुत्तों से लोगों को बचाना आज जरूरी हो गया है।

**प्रियंका सौरभ,** हिसार

### भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान

**स्वयं** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार कर लिया है कि आज सारे विपक्षी एक मंच पर आकर अगला चुनाव लडने का मन बना रहे हैं। जो विपक्षी एक दूसरे को फूटी आंख नही सुहाते थे तथा जिनकी पार्टी का हर मुखिया अपने आपको प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताता था आज एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खासतौर से यह भी कहा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त रहे सारे चेहरे आज एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने इसे भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान का नाम दिया है। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भी मोदी जी ने इन सब भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टियों को ही हराकर सत्ता हासिल की थी। क्या आज आम जनता इन्हीं सब भ्रष्टाचारियों को सत्ता में आने का मौका दे देगी? हमें तो ऐसा नहीं लगता है। आज के समय में चाहे देश भर के सारे भ्रष्टाचारी नेता भी एकजुट होकर संयुक्त मोर्चा बना ले तो भी अगले आम चुनाव में आम जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को ही वोट देने वाली है। इस तथ्य को कोई अनदेखा नहीं कर सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश असाधारण प्रगति कर रहा है और विकास के लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर


### महिला मुक्केबाज

**निकहत** जरीन भारत की दूसरी महिला बॉक्सर बन गयी उन्होंने 2 विश्व चैंपियनशिप गोल्ड मेडल जीते हैं। लेकिन उन्हें वियतनामी बॉक्सर के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा। लवलीना बोरगोहेन के लिए यह स्वर्ण पदक और भी सुनहरा बन गया क्योंकि न केवल पहली बार उन्होंने कांस्य पदक से बड़ा कोई पदक बड़े मंच पर जीता है बल्कि उन्होंने 5 किलो अपना वजन बढ़ा कर नए वर्ग में मुक्केबाजी भी की। नीतू घणघस इस पूरे टूर्नामेंट में इतने शानदार फार्म में रहीं कि वह अपनी तीन बाउट रेफरी स्टॉप काउंट के आधार पर जीतीं। स्वीटी बूरा पहले राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी रही हैं उन्होंने देश के लिए पहला लाइट हैवीवेट कटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। इन चारों मुक्केबाजों के ऐतिहासिक प्रदर्शन ने एक बात साफ कर दी है कि मेरी कॉम के बाद भी देश महिला मुक्केबाजों के सुरक्षित हाथों में है। उनका यह प्रदर्शन देश की हजारों युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत साबित होगा। आने वाले एशियाई खेल व पेरिस ओलिंपिक में हम इन महिला मुक्केबाज़ों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।

**बाल गोविंद,** नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**हमारी** सरकार की हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारत** और चीन को सीमा से सटे अपने क्षेत्रों में एकतरफा सैन्य ताकत बढ़ाने पर जोर नहीं देना चाहिए।

– **अजीत डोभाल**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



**मैं** भारत के हर राजनीतिक दल से इस भाजपा सरकार को हटाने के लिए एकजुट होने का आग्रह करती हूं।

– **ममता बनर्जी**
तृणमूल प्रमुख"

# विधिवत कन्या पूजन कर मुख्यमंत्री योगी ने की मातृ शक्ति की आराधना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर गुरुवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र (नवीन भंडारा भवन) में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया ,दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। सीएम ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में सीएम योगी ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोए। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत, आदि का तिलक लगाया। दुर्वा से अभिषेक किया। चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने नौ कन्याओं का पूजन करने के बाद वहां मौजूद करीब तीन सौ की संख्या में कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से घण्टी बजाकर आरती भी उतारी। सभी को मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने तिलक लगाया। इन सभी को भी चुनरी व गमछा ओढ़ाकर दक्षिणा प्रदान किया गया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। करते रहे आत्मीय बातचीत कन्या पूजन के अनुष्ठान के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्याओं व बटुकों से निरंतर आत्मीयता से बातचीत करते रहे। भोजन व्यवस्था की कमान खुद संभालकर यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। पूजन के दौरान काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, चचाईराम मठ के महंत पंचानन पुरी, गोरखनाथ मंदिर के द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, अमित सिंह मोनू, विनय गौतम आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रात:काल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव में भी शामिल हुए। उन्होंने पालने में रखे श्रीराम के बाल छवि का विधि विधान से पूजन करने के बाद आरती उतारी।

# सभी फ्रंट लाइन वर्कर्स, सरकारी और निजी अस्पतालों को किया गया सतर्क

● जीनोम सीक्वेसिंग के लिए केजीएमयू, लखनऊ भेजे जाएंगे कोरोना पॉजिटिव पाए गए सैंपल्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** के कुछ जिलों में कोविड-19 के मामलों में आंशिक वृद्धि को देखते हुए योगी सरकार सतर्क हो गई है। सरकार की ओर से ऐसे जनपदों में तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स एवं अस्पतालों (सरकारी एवं निजी) को सतर्क रहने को कहा गया है। साथ ही सभी जनपदों में रेस्परेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (आरटीआई), इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) और सीवियर एक्यूट रेस्परेटरी इंफेक्शन (सारी) के मामलों की सघन निगरानी के भी निर्देश दिए गए हैं। सीवियर एक्यूट रेस्परेटरी इंफेक्शन (सारी) केसेज की कोविड जांच निगेटिव होने पर सीजनल इंफ्लुएंजा की जांच कराने को कहा गया है।

मुख्य सचिव के समक्ष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के विषय पर प्रस्तुतिकरण में यह निर्देश जारी किए गए। इसके अनुसार आरटीआईए आईएलआईए एसएआरआई के मामलों में वृद्धि की तत्काल सूचना देने की हिदायत दी गई है। यही नहीं कोविड-19 के सूचित होने वाले स्थानों पर कोविड-19 की सघन सैंपलिंग के भी आदेश हैं। लैब्स को कोविड.19 के पॉजिटिव नमूनों को सुरक्षित करते हुए होल जीनोम सीक्रेंसिंग (डब्ल्यूजीएस) के लिए केजीएमयू लखनऊ भेजे जाएंगे। कोविड×19 के पॉजिटिव रोगियों को आईसीसीसी के माध्यम से कॉल करना सुनिज्श्चित किया जाएगा। सरकार ने वृद्ध रोगियों की विशेष देखभाल और सावधानी बरतने को भी कहा है। इसके अतिरिक्त अस्पतालों में लॉजिस्टिक, औषधियां, पीपीई किट्स, ग्लव्स, मास्क की उपलब्धता एवं उपकरणों, ऑक्सीजन प्लांट एवं कंसंट्रेटर की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन को मामलों की गंभीरता देखते हुए तत्काल डेडिकेटेड चिकित्सालय, वार्ड एक्टिव किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। कोविड-19 से सबसे ज्यादा ग्रस्त गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, बिजनौर, ललितपुर, और सहारनपुर हैं। इन जिलों के लिए सावधानीपूर्वक वर्तमान स्थिति पर नजर रखे जाने को आवश्यक बताया गया है। वहीं प्रभावित जिलों में टेस्टिंग और ट्रीटमेंट बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। वहींए पूर्व की कोविड-19 लहरों में सबसे अधिक प्रभावित हुए जिलों में भी विशेष सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एक अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाना है। वहीं 17 से 30 अप्रैल के बीच दस्तक अभियान चलेगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई एवं जलभराव निस्तारण की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही हाई रिस्क एरिया में अंतर्विभागीय सहयोग के साथ सघन वाहक, मच्छर नियंत्रण गतिविधियां चलाई जाएंगी। स्कूलों में रोगों से बचाव तथा रोकथाम के लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा चिन्हित किए गए लक्षणयुक्त व्यक्तियों की जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

## एपीसी आज करेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लखनऊ।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश के 43242 ग्रामों को ओडीएफ प्लस बनाने के दृष्टिगत कुल 5806 करोड़ रुपए की योजना के विभिन्न स्टेक होल्डर्स यथा मंडल, जनपद व विकास खंड स्तरीय कन्सल्टेन्ट-कर्मियों, ग्राम प्रधानगणों, सचिव, पंचायत सहायक पंचायत सहायक, सफ ाई कर्मी एवं साथ ही राजमिस्त्री का प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) का आयोजन कल 31 मार्च 2023 एवं पहली अप्रैल 23 को किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कृषि उत्पादन आयुक्त/अपर मुख्य सचिव/मनोज कुमार सिंह द्वारा कल 31 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे पंचायती राज निदेशालय, लोहिया भवन, अलीगंज में किया जाएगा। यह जानकारी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के मिशन निदेशक प्रमोद कुमार उपाध्याय ने दी।

# नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति से आएगी नई क्रांति: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 मे प्राविधानित विभिन्न सुविधाओं से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही बड़ी संख्या में रोजगार सृजन भी होगा। उन्होंने कहा कि खासतौर से कृषि उपज के प्रसंस्करण को बढ़ाना एवं अन्य राज्यों और देशों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को प्रोत्साहित करना हमारा उद्देश्य है। इससे किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फ लों एवं सब्जियों का खाद्य प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने की नितान्त आवश्यकता है, जिससे प्रदेश से अधिकाधिक निर्यात स्तर के उत्पाद तैयार कराकर निर्यात कराया जा सके। उप्र सब्जी उत्पादन में देश के लगभग 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर है लेकिन प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में भागीदारी केवल 5 प्रतिशत है। इसी प्रकार फ ल उत्पादन में उत्तर प्रदेश 11 प्रतिशत के हिस्सेदारी के साथ उत्पादन में तीसरे स्थान पर है लेकिन प्रसंस्कृत फलों के निर्यात में हिस्सेदारी मात्र 0.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति और इस क्षेत्र में आए निवेश प्रस्तावों से खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। नई नीति में राज्य में नई खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना से सम्बंधित संयंत्र मशीनीकरण एवं तकनीकी सिंविल कार्यों पर किए गए व्यय का 35 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी (अधिकतम 5 करोड़ तक) प्रदान की जाएगी। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण-उन्नयन के लिए यह धनराशि एक करोड़ तक प्रदान की जायेगी।

प्रसंस्करण इकाइयों को सीधे भेजे जाने वाले कृषि उत्पाद के लिए मंडी शुल्क और उपकर में छूट प्रदान की जायेगी। राज्य के बाहर से लाए गए कृषि उत्पादों पर मण्डी शुल्क एवं सेस से छूट रहेगी। रीफर वाहनों और मोबाइल प्री-कूलिग वैन की खरीद के लिए बैंक से लिए गए ऋण पर अर्जित ब्याज के लिए ब्याज उपादान प्रतिपूर्ति अधिकतम 50 लाख, 5 वर्षों की अवधि के लिए प्रदान की जायेगी। स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि मूल्य श्रृंखला विकास, आच्छादन-उत्पादन-उत्पादकता के आंकलन और साक्ष्य आधारित निर्णय के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

# समाज में तेजी से आगे बढ़ी हैं सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की महानवमी एवं प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें धर्म को मात्र उपासना विधि मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। धर्म कर्तव्य का बोध कराता है। धर्म हमें सदाचार, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों से जोड़कर सत्मार्ग पर चलते हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करता है। मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन एवं श्रीराम जन्मोत्सव का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामनवमी पर दिख रहा उल्लास व उमंग यह प्रदर्शित करता है कि समाज में सात्विक व रचनात्मक प्रवृत्तियां तेजी से आगे बढ़ी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मकता व रचनात्मकता के कार्यक्रमों से नए भारत का निर्माण हो रहा है। पूरी दुनिया सामर्थ्यवान और शक्तिशाली भारत की ताकत का एहसास कर रही है। समर्थ भारत में रामराज्य की परिकल्पना भी साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भारत के सामर्थ्य और संवेदनशीलता को पूरी दुनिया ने देखा है। जरूरतमंदों को बिना भेदभाव आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की निशुल्क सुविधा दी गई। संकट के समय में हर गरीब को मुफ्त राशन भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने जी-20 के नेतृत्व को देश के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि जी-20 का थीम वसुधैव कुटुम्बकम धर्म के विराट स्वरूप की व्याख्या करने वाली भारतीय मनीषा की ही देन है। उन्होंने कहा कि नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ ही श्रीराम जन्मोत्सव को उत्साह व उमंग से मनाया जा रहा है। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के हर देवस्थल पर काफी उत्साह है। कल से अब तक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में पवित्र सरयू नदी में स्नान के बाद हुनमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन कर चुके हैं। सभी धर्मस्थलों पर दुर्गा सप्तशती व अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी प्रदेश सरकार की तरफ से सुनिश्चित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# शत-प्रतिशत तालाबों को भरे जाने का लक्ष्य पूरा किया जाए: स्वतंत्र देव सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिचाई के माध्यम से कम से कम 10 हजार एकड़ कृषि भूमि में सिचांई किए जाने की परियोजनाएं बनाई जाएं। उन्होंने कनहर परियाजना पर तेजी से कार्य कराकर शीघ्र पूर्ण कराया जाए एवं साइट पर कैमरा लगाकर प्रतिदिन मॉनीटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश सिंचाई एवं जलश्री स्वतंत्र देव सिंह संसाधन विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में सिचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के अवसर पर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अप्रैल, मई और जून माह में विभाग के 24231 तालाबों को शत प्रतिशत भरे जाने का लक्ष्य पूरा किया जाये। जिससे पशुओं को पानी पीने एवं कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो। टेल गूलस पर रीचार्ज बेल बनाए जाएं जिससे भूमि जल स्तर को बढाया जा सके। जल शक्ति मंत्री ने निर्देश दिया कि भारत में उत्तर प्रदेश को अग्रणीय स्थान पर पहुंचाने के लिऐ परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर कार्य किया जाए। अन्य राज्यों से अच्छे विचार एवं कार्यशैली को हम कैसे सीख सकते हैं और उसका प्रयोग उत्तर प्रदेश में किस प्रकार कर सकते हैं इस पर विचार किया जाए। विभाग की कार्यशैली को बहेतर बनाने के लिए परफोरमेंस इंडीकेटर क्या होने चाहिए इस पर विचार किया जाए।

## मेरठ-बदायूं मार्ग के चौड़ीकरण के लिए एक अरब 20 करोड़ 92 लाख 69 हजार रुपए स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने जनपद बुलंदशहर में मेरठ-बदायूं मार्ग (राज्य मार्ग संख्या- 18) के किमी 78 से 116.370 तक (लंबाई 38.370 किमी) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए एक अरब 20 करोड़ 92 लाख 69 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

लोक निर्माण मंत्री जितिन ने बताया कि राज्य व राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण के नए कार्यों की व्यवस्था योजनान्तर्गत जनपद बुलंदशहर में मेरठ- बदायूं मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए एक अरब 20 करोड़ 92 लाख 69 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में इस परियोजना के लिए 30 करोड़ 23 लाख 17 हजार रुपए की धनराशि भी उप्र शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गयी है। निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा।




रामनवमी पर कपूरथला चौराहे से निकली भगवा यात्रा में बुलडोजर रहा आकर्षण का केन्द्र

# कांग्रेस ने निकाला 'लोकतंत्र बचाओ' कैंडल मार्च

● प्रशासन के अफसरों को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन, मांगे पांच सवालों के जवाब



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष लाल जी देसाई के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल मध्य जोन द्वारा गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से 'लोकतंत्र बचाओ' कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे तथा संगठन सचिव अनिल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नकुल दुबे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने का प्रतीकात्मक विरोध है। यह लड़ाई लंबी है। हम गांधी को मानने वाले लोग हैं और हम लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान को बचाने के लिए हर स्तर पर अपनी लड़ाई को जारी रखेंगे।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से पांच प्रश्नों के जवाब मांगे हैं। जिनमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उद्योगपति गौतम अडानी के मध्य क्या रिश्ता है और कब से है। गौतम अडानी के व्यापार में विदेशों से आया 20000 करोड़ रुपया किसका है। प्रधानमंत्री सरकारी विदेश यात्राओं में कितनी बार गौतम अडानी को अपने साथ ले गए। अडानी की कम्पनी को प्रधानमंत्री द्वारा कितने और किन-किन देशों से ठेके दिलवाए गए। ईपीएफओ से अडानी कंपनी के शेयर खरीदकर कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने के क्या कारण हैं। कैंडल मार्च कार्यक्रम में मीडिया संयोजक अशोक सिंह, सुबोध श्रीवास्तव,डॉ. रेहान खान, प्रभाकर मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, रूद्र दमन सिंह, संजीव सिंह सहित सेवादल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान शुरू करेगी भाजपा

● छह से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा पार्टी के स्थापना दिवस छह अप्रैल से गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान शुरू करेगी। उत्तर प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यह संपर्क अभियान 6 अप्रैल से लेकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक चलेगा।

नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान का शुभारम्भ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के छह क्षेत्रों में अभियान का शुभारम्भ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के 15 हजार गांवों के सभी नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में जाएंगे। इस दौरान केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के साथ भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। 11 अप्रैल को ओबीसी मोर्चा सभी जिला व महानगरों में बड़े स्तर पर महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मदिन मनाएगा। इस दौरान समाज के प्रबुद्ध लोगों से संवाद किया जाएगा। इसके अलावा 14 अप्रैल को जिला व मण्डल स्तर पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस मनेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय भाई पटेल, प्रदेश सह शोध प्रमुख ऋ षि चौरसिया एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री विजय गुप्ता व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चार तस्कर गिरफ्तार, 35 लाख मूल्य की स्मैक बरामद

**लखनऊ।** भारत-नेपाल सीमा पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय गिरोह के चार तस्करों को एसटीएफ ने बहराइच से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 350 स्मैक, भारतीय व नेपाली करेंसी, एटीएम कार्ड व दो बाइक भी बरामद की गई है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 35 लाख रुपए आंकी गई है। एसटीएफ को सूचना मिली कि चार तस्कर बहराइच के थाना रामगांव क्षेत्र सोहरवा मोड़ के पास आने वाले है। जिनके पास अवैध संदिग्ध वस्तुएं हैं। इस सूचना पर एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी करके चारों तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रुपईडीहा थाने के साकेत नगर निवासी जिब्राइल, बाराबंकी जिले के रामनगर थाने के मोबीन, महादेवा निवासी सूफियान, लम्बापुर निवासी जुबैर के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त जिब्राइल ने बताया कि मेरा एक संगठित गिरोह है, जो बहराइच व उसके आस पास के जनपदों में एवं नेपाल के कैसिनों में स्मैक की सप्लाई करता है।

# यूपी पीएसी में विभिन्न जिलों में निकाली गंगा यात्रा

● आठ स्थानों से एक साथ शुरू हुई यात्रा, श्रमदान सहित विभिन्न कार्यक्रम किए गए आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** के निर्देशन में श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जीवन रेखा मां गंगा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण सम्बन्धी तथ्यों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पीएसी द्वारा 'गंगा यात्रा-2023' का आह्वान किया गया। यह गंगा यात्रा 8 स्थानों से एक ही समय प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ हुई। जनपद बिजनौर, हापुड़, बुलन्दशहर, बदायूं, कानपुर, फतेहपुर, प्रयागराज एवं वाराणसी के विभिन्न घाटों से प्रारम्भ इस यात्रा में गुब्बारों, बैनर, फ्लैक्स, झण्डों आदि से सुसज्जित कुल 71 नावों पर 456 पीएसी के अधिकारियों, कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

गंगा यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व श्रमदान सहित अन्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली बच्चों एवं हजारों की संख्या में आम जनमानस की सहभागिता रही। इस अवसर पर पीएसी बैण्ड ने अपनी मनमोहक धुन से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। साथ ही गंगा घाटों पर जागरूकता के दृष्टिकोण से प्ररणादायक लघु फिल्मों का प्रदर्शन तथा स्कूली बच्चों के लिए पेन्टिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि भी आयोजित कराई गई। इस भव्य गंगा यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता रही। जिसमें नमामि गंगे फाउंडेशन एवं नमामि गंगे सेवा समिति प्रमुख रहीं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 31 मार्च, 2023


# घटिया निर्माण देख विधायक नाराज

संवाददाता। सीतापुर

**सीएचसी रेउसा में निर्माण कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण, कहा कि पुनर्निर्माण कराया जाए**

**मौजूद काम देख रहे कर्मियों को लगायी जमकर फटकार, जिम्मेदारों से फोन पर की बात, दी चेतावनी**

**सीएचसी** रेउसा में मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे सेवता विधायक ज्ञान तिवारी का पारा उस समय सातवें आसमान पर जा पहुँचा जब उन्होंने निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी पायी। विधायक ने पहले तो वहां मौजूद लोगों से छेनी और हथौड़ियां चलवाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांची। हथौड़ी की मामूली चोट से ईंटें उखड़ने लगीं तो सेवता विधायक ने खुद फावड़ा लेकर ईंटों को उखाड़ना शुरु कर दिया। तो घटिया निर्माण की हकीकत खुलकर सामने आ गयी। भवन निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री को देखकर वह हैरान रह गये क्योंकि जो सामग्री लायी गयी थी उसका कोई मानक नहीं था। निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का अंदाजा तो उन्हे पहले ही हो गया था। विधायक सीढ़ीयां चढ़कर छत पर पहुंचे। यहाँ गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य को देख रहे ठेकेदार के कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। निर्माण कार्य देख रहे कर्मचारियों को फ्टकार लगाने के बाद सेवता विधायक ने जिम्मेदारों से फोन पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और संम्बन्धित जेई से तुरंत बात करवाने को कहा। फोन पर ही चेतावनी दी कि भवन को जमीन से खुदवाकर फिर से निर्माण कराया जाए। बताते चलें कि जर्जर हो चुके सीएचसी रेउसा मे निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सैयद इंटर प्राइजेज को ठेका दिया गया है। जिसके तहत पूरी छत पर ब्रिक कोवा कार्य के साथ ही रंगाई पुताई व संपूर्ण मरम्मत का कार्य किया जाना है लेकिन ठेकेदार द्वारा मानक विहीन काम किया जा रहा है स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीज व तीमारदार लगातार इसकी शिकायत सेवता विधायक ज्ञान तिवारी से कर रहे थे। गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक ज्ञान तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा पहुंचे यहां उन्होंने मरम्मत के तहत होने वाले कार्यों को देखा सबसे पहले विधायक सीढ़ी पर चढ़कर छत पर पहुंचे यहां ब्रिक कोवा का कार्य किया गया था। विधायक ने पाया कि बहुत ही घटिया व गुणवत्ता विहीन काम हुआ है। विधायक ने मौके पर मौजूद सैयद इंटरप्राइजेज के जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा पारदर्शी है। मोदी-योगी भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाये हैं लेकिन निचले स्तर के लोग सुधर नहीं रहे हैं। विधायक ने कहा जब स्वास्थ्य केंद्र में लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो अन्य जगह के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। कहा कि यह अक्षम्य अपराध है। इस मामले में कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। काम करने वाली फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही संपूर्ण कार्य को श्रमदान घोषित कराया जाएगा। साथ ही हुए काम की तकनीकी जांच कराकर दोषियों पर और अधिक कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी विधायक ने बताया कि शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री और राज्य मंत्री स्वास्थ्य मयकेंश्वर शरण सिंह उनके विधानसभा क्षेत्र में आ रहे हैं वे इस विषय को उनके समक्ष रखेंगे। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि भ्रष्टाचारऔर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। जो कार्य होंगे, गुणवत्ता पर होंगे इसमें जो भी लापरवाही व हीला हवाली करेगा उसको किसी भी परिस्थिति में क्षमा नहीं किया जाएगा।

## आज रामपुर मथुरा आएंगे मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह आज रामपुर मथुरा पहुंचेंगे। उनके साथ सेवता विधायक ज्ञान तिवारी और कुर्सी विधायक साकेंद्र वर्मा भी मौजूद रहेंगे। प्रभारी मंत्री के रामपुर मथुरा स्थित रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शाम 4 बजे पहुंचने की जानकारी दी गई है। विद्यालय में नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह के बाद राजा रामपुर मथुरा के राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार को बिसवां ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय परसेहरा में सीएमओ द्वारा आयोजित संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करेंगे। फिर वहीं पर बीएसए द्वारा आयोजित स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रभारी मंत्री बिसवां सिधौली मार्ग तथा शिवथाना गौशाला का निरीक्षण करने के बाद समाजसेवी शरद चौधरी के बिसवां आवास पर पहुंचकर उनसे भेंट करेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीराम-जन्मोत्सव

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी** टाउन स्थित श्री ठाकुरद्वारा पक्का तालाब पर प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बहुत ही हर्ष उल्लास ढंग से मनाया गया। मंदिर परिसर को साथ ही साथ आसपास के प्रांगण को भगवा झंडों से जय श्रीराम के बैनरों से प्रभु के अनेकों स्वागत-द्वारों से, बिजली की झालरों से, पुष्पों की लड़ियों से अद्भुत आकाशीय आतिशबाजी से घंटे शंख, घंटे - घड़ियालों- नगाड़ों की मधुर धुनों के साथ प्रभु के इस जन्म उत्सव के पावन अवसर को मनाने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से ही ताता मंदिर परिसर में लगा रहा। मंदिर के प्रबंधक राम गोपाल शेखर ने बताया प्रभु का श्रंगार रिचा, खुशबू ,रचना, रुपाली, दिव्या, रति शेखर द्वारा हुआ। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रजत शेखर ने बताया कि इस अवसर पर एक संगीतमय भजन कीर्तन का भी आयोजन चला। जिसमें डीएन मालपानी, महावीर प्रसाद लाला, मधुकर महेंद्र, इंदु नागदेव, अधिवक्ता ब्रजेश पांडे, नितेश चौबे, विशाल सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, तनमय शेखर, चेतन शेखर, प्रज्वल शेखर, शुभम शेखर, सीमा शेखर, मंगला टंडन, सुश्री शैलजा आदि ने सहभागिता की। मंदिर की मार्गदर्शन समिति के विष्णु गोपाल शेखर के कुशल निर्देशन में पूरा कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। साथ ही इस अवसर पर महावीर प्रसाद लाला जी द्वारा कन्या भोज का भी आयोजन हुआ। सार्थक शेखर एवं नव्य शेखर द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।मंदिर के पुजारी कुबेर नाथ तिवारी, हरीश, पिंकी जी द्वारा प्रभु की आरती एवं पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक संपन्न हुई।

## आपत्तियों का निस्तारण 31 मार्च व 01 अप्रैल कोः एआरसीएस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सहायक** आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उप्र सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा-29 (3) एवं उप्र सहकारी समिति नियमावली 2014 के नियम 07 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा सहकारिता विभाग की निर्वाचन योग्य समस्त गन्ना विकास समिति/चीनी मिल्स का अनन्तिम क्षेत्र अवधारण/आरक्षण एवं कार्यक्रम 20 मार्च को समाचार पत्र में प्रकाशन किया गया था। प्रकाशन तिथि से 07 दिन के भीतर अनन्तिम क्षेत्र अवधारण, आरक्षण पर आपत्तियाँ आमन्त्रित की गयी थी। आपत्तियों का निस्तारण 31 मार्च एवं 01 अप्रैल को कार्यालय जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक/ सहकारिता विकास भवन लखीमपुर खीरी के कार्यालय में होगा।

# मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे पर आई रौनक



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मम्मी** मुझे बैटरी वाली ट्राई साइकिल मिली है, अब मुझे हाथ से पैडल मार कर ट्राई साइकिल चलाने से आजादी मिल गई। खुशी में चहकते हुए यह शब्द दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम में सुनाई दिए। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से गुरुवार को ब्लॉक बिजुआ में बैटरी चालित ट्राईसाइकिल वितरण का समारोहपूर्वक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लाभान्वित 20 दिव्यांगों के चेहरे खुशी में दमकते नजर आए। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी ने भाजपा नेता प्रभाकर बाजपेई, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल के साथ 20 दिव्यांगों को ई ट्राईसाइकिल वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक अमन गिरी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाना चाहती है। केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता में दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना भी शामिल है। दिव्यांग बैटरी चालित ट्राईसाइकिल के माध्यम से न सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपने कार्य से आसानी से जा सकेंगे बल्कि ट्राईसाइकिल से वह छोटे स्तर का रोजगार भी कर सकेंगे।

## दुलारी माता मंदिर में हुआ कन्या भोज का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**मलूही** के दुलारी धाम स्थित दुलारी माता मंदिर परिसर में महाअष्टमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन होने के बाद 30 मार्च को रामनवमी के अवसर पर दुलारी माता मंदिर के संस्थापक एवं पूर्व विधायक सीतापुर सदर व अध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल,उनकी पुत्रवधू एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका सीतापुर रश्मि जायसवाल एवं उनके पुत्र सचिन जयसवाल सहित उनके पुत्र तेजस जायसवाल व माधव जायसवाल द्वारा प्रात:कालीन हवन कार्यक्रम के उपरांत कन्या भोज किया गया। तदोपरांत मंदिर में सरस्वती संगीत महाविद्यालय सीतापुर की ओर से कलाकार संदीप अग्निहोत्री, अभय श्रीवास्तव, अंबर श्रीवास्तव, सत्येंद्र, मोनिका,यशस्वी और सिया सहित तमन्ना शर्मा द्वारा कई भजन कीर्तिन प्रस्तुत किए गए। उक्त अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक सचिन जयसवाल द्वारा पूरे मंदिर परिसर को मनमोहक अंदाज में भव्यतापूर्वक सजाया गया था।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित थाना शारदानगर का शुभारम्भ




संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा जनपद खीरी में नवनिर्मित थाना शारदानगर का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए सुविधायुक्त भवन का शुभारम्भ किया गया। महोदय द्वारा थाने का शुभारंभ करने के पश्चात पूरे थाना भवन का निरीक्षण भी किया गया तथा निर्माण कार्य की सराहना भी की गई। इसके साथ ही वर्तमान में जनपद खीरी में कार्यरत थानों की कुल संख्या 26 हो गई है। इस अवसर पर महोदय द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से समस्त क्षेत्रीय संभ्रान्त व्यक्तियों एवं स्थानीय जनता को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा यह अपेक्षा की गई कि नवनिर्मित पुलिस थाना शारदानगर आने वाले समय में अपनी सार्थकता को सिद्ध करेगा तथा संपूर्ण क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण स्थापित होगा। साथ ही महोदय द्वारा थाना शारदानगर पर नियुक्त किए गए प्रभारी निरीक्षक ए श्री अशोक कुमार व अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदरए संदीप सिंहय थानाध्यक्ष फ्रधान अनिल सैनी व अन्य अधिकारीध् कर्मचारीगण एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थिति रहे।

## क्विक न्यूज

### एक किलोग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक अफीम तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया उसके पास से 1 किलोग्राम अफीम बरामद हुई गिरफ्तार तस्कर को पुलिस ने जेल भेजा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र में पुलिस और ड्रग सेल की टीम ने एक मोटरसाइकिल पर जा रहे अफीम तस्कर भमोरा थाना क्षेत्र के गांव नगरिया चांदपुर निवासी हरिओम पुत्र रामचंद्र को मुखबिर की सूचना के बाद रोक लिया और उसकी तलाशी ली हरिओम के पास तलाशी के दौरान 1 किलो अफीम बरामद हुई उसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 1000000 रुपए बताई जाती है पुलिस ने हरि ओम को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।

### दुर्घटना में घायल महिला ने दम तोड़ा

**बरेली।** मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।आंवला थाना क्षेत्र के गांव कुड़की निवासी 55 वर्षीय ओमवती पत्नी ओमप्रकाश कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे 22 मार्च की शाम घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि ओमवती 22 मार्च की सुबह अपने घर से कुछ ही दूरी पर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान गांव के रहने वाले बाइक सवार दो लड़को ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों और बाइक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया लेकिन ग्राम प्रधान उन्हें थाने से छुड़ा लाया। ओमवती को घरवाले इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उनको एक खास निजी अस्पताल भेजा गया और यहीं पर बीती रात उसने दम तोड़ दिया ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका दो बेटों की मां थी।

### पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**रमियाबेहड़-खीरी।** ग्राम पढुवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन राम सिंह मौर्य ग्रामप्रधान पढुवा द्वारा गौ माता का पूजन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया गया। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केसीसी के माध्यम से किसानों को लाभान्वित कराना पशुओं का बीमा व कुक्कुट विकास नीति की विस्तृत जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर डॉ.प्रदीप कुमार द्वारा पशुओं के टीकाकरण के बारे में खासकर गला घोटू एवं खुर पका मुंह पका की विस्तृत जानकारी दी गई। बीमारियों के लक्षण के बारे में भी पशुपालकों को अवगत कराया गया कि वह अपने पशुओं को कैसे रखें एवं ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। डॉ अवधेश पटेल पशु चिकित्सा अधिकारी सिगाही द्वारा हरा चारा विकास एवं संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी व पशुओं में होने वाले थनैला रोग के बारे में नवजात शिशुओं की देखरेख एवं रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में कुल 72 पशुपालकों के 480 पशुओं का उपचार बांझपन कृमि नाशक दवा पान एवं सामान्य चिकित्सा किया गया।

### अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन

**बरेली।** अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के तरफसे बरेली में हैल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमे बहुत से मरीजों को डॉक्टर के जरिए देखा गया और फ्री में दवा को दिया गया। कैंप का उद्घाटन बरेली के सी एम ओ और उनके साथ रॉयल सिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डाक्टर स्नेहा सिंह ने किया। उनके अलावा वहां पर एमबीबीएस डाक्टर डॉक्टर विष्णु यादव, डॉ पंकज सिंह, डाक्टर अनिल गंगवार और सुमन भी मौजूद रहे। अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन बरेली के अन्दर स्ट्रीट वेंडर पर उनके लाइवलीहुड ग्रोथ को लेकर काम कर रही है। अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के क्लस्टर मैनेजर मोहम्मद फरहान ने कैम्प के अन्दर आए सभी स्ट्रीट वेंडर को डिजिटल पेमेंट, पी एम स्वनिधि स्कीम, श्रम कार्ड, फाइनेंशियल लिट्रेसी, और हैल्थ के बारे में अवेयर किया। कैंप के अन्दर अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन कि टीम अमन सिंह, सफी अशरफ, फरहान यूसुफ, रजनी गंगवार, प्रीति, इनके अलावा बहुत सारे स्ट्रीट वेंडर मौजूद रहे।

### मेडिकल कालेज में भर्ती मरीज की लाश प्लांट के पास मिली

**शाहजहांपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज का शव परिसर में स्थित एक प्लांट के पास पड़ा मिला। रात भर परिजन मरीज को तलाशते रहे। डाक्टर समेत स्टाफसे लेकर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उनकी कोई मदद नहीं की। परिजनों ने मरीज की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने डाक्टर समेत स्टाफपर लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रोजा थाना क्षेत्र के सरही गांव निवासी 55 वर्षीय सिद्धार्थ की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उनको राजकीय मेडिकल कॉलेज में दो दिन पहले भर्ती कराया था।

### विद्यालय में निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया गया

**बरेली।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित निशुल्क त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह का शुभारंभ सूरजभान विद्या भवन ,नई बस्ती में विद्यालय के प्रबंधक कमल खंडेलवाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने कहा कि योग जीवन में हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे शरीर निरोग रह सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा योग प्रशिक्षका सर्वेश कुमारी गुप्ता विद्यालय में 35 छात्र छात्राओं को 3 माह का निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया गया इसके लिए प्रशिक्षिका और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के सभी पदाधिकारियों का बहुत-बहुत आभार एवं शुभकामनाएं।योग प्रशिक्षका सर्वेश कुमारी गुप्ता ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं को योग सिखाया गया है उनको संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। संचालन मनोज कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य रूप से संध्या मैडम , गणेश सर एवं सभी शिक्षक शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा ,अंत में प्रशिक्षिका द्वारा विद्यालय परिवार का आभार तथा संस्थान के प्रमुख सचिव जितेन्द्र कुमार , निदेशक विनय कुमार श्रीवास्तव ,एवं संस्थान के अधिकारी दिव्यरंजन , महेंद्र पाठक, शिवम गुप्ता आदि के मार्गदर्शन के लिए बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद प्रेषित किया गया।

### चोरी के माल के साथ चोर गिरफ्तार

**बरेली।** चोरी किया गया सामान एक टेंपो में रख कर बेचने जा रहे हैं चोरों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ चोरों को पुलिस ने जेल भेजा। देवरनिया थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक टेंपो को रोक लिया और उसकी तलाशी ली तब पुलिस ने 27 मार्च को कल्याणपुर जहानाबाद रोड पर स्थित एक गैस एजेंसी से चोरी किए गए पांच गैस चूल्हा, 6 रेगुलेटर, 3 पाइप एवं डीवीआर बरामद किए जिस टेंपो पर में सामान रखा था वह भी चोरी के काम में लाया गया था । पुलिस ने टेंपो में सवार पीलीभीत के सुनगढी थाना क्षेत्र के गांव रूपपुर कमालूं निवासी राजू पुत्र गंगाराम और अनिल पुत्र मेघनाथ को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनका तीसरा साथी यही का रहने वाला विकास पुत्र डुग्गू उर्फ उमाशंकर मौका देखकर फरार हो गया ।गिरफ्तार किए गए चोरों ने बताया कि वह तीनों टेंपो में बैठकर चोरी करने जाते हैं, चोरी किया गया सामान इसी में लादने के बाद इसी टेंपो में सामान को रख कर उसे बेचने जाते हैं, गिरफ्तारी के समय भी सामान बेचने के लिए जा रहे थे।

# महिलाओं ने किया 'स्वच्छता मशाल मार्च' का आयोजन,किया जागरूक

संवाददाता। शाहजहांपुर

**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में पावन नवरात्र एवं रामनवमी के अवसर पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के खिरनीबाग रामलीला मैदान से नगर निगम तक स्वच्छता मशाल मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर क्षेत्र की सम्भ्रांत महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के उद्देश्य से रामलीला मैदान से होते हुए बिस्मिल पार्क, सदर थाना होते हुए नगर निगम तक 'स्वच्छता मशाल मार्च' निकाला गया।



इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त व स्वच्छता मशाल मार्च में सक्रिय प्रतिभाग करने वाली महिलाओं द्वारा मशाल मार्च में मेरा कूड़ा-मेरी जिम्मेदारी, हम सबने ठाना है- नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाना है के नारे के साथ लोगों से अपील की गई। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती के साथ स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, तपिंदर कौर, पूनम मेहरोत्रा, शिल्पी गुप्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं नगर की अन्य सम्भ्रांत महिलाओं द्वारा सक्रिय प्रतिभाग कर स्वच्छता मशाल मार्च को सफल बनाने में अपना अहम सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर नगर निगम की टीम से डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर विनय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सैफ सिद्दीकी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दस साल पुरानी दीवार तुड़वाई गयी

संवाददाता। सीतापुर

**लखनऊ से आए एक अधिकारी के फोन से नंगे पांव भागा प्रशासन**

**ग्रामीण पंचम का बेटा राजाराम अधिकारी के यहां है रसोइया**

**लखनऊ** से आए एक अधिकारी के फोन से तहसील प्रशासन न सिर्फ हरकत में आ गया बल्कि आनन-फानन में गांव पहुंच कर दस साल पुरानी पक्की दीवार को अपनी मौजूदगी में तुड़वा दिया। यह मामला तहसील सिधौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली मजरा गौरा का है बताया जाता है कि गुरुवार को गांव के गुरु चरन पुत्र छेद्दू अपनी लगभग दस साल पुरानी दीवार पर निर्माण कार्य करा रहे थे। बताते है कि इसकी सूचना किसी ने गांव के राजाराम को दे दी। राजाराम उच्चाधिकारी के लिए रसोइया का काम करता है। ग्रामीणों का कहना है कि राजाराम ने ही अपने अधिकारी के जरिये एस डी एम सिधौली राखी वर्मा को फोन करा दिया। फिर क्या था उच्चाधिकारी का फोन आते ही एस डी एम सिधौली आनन-फानन में फोर्स के साथ सार्वजनिक अवकाश के दिन ग्राम गौरा जा पहुंची और अपनी मौजूदगी में दस साल पुरानी दीवार पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाते हुए उसे तुड़वा दिया और राजाराम व उनके घर वालों के लिए नए रास्ते का सृजन करा दिया। इस मौके पर तहसीलदार सिधौली वी के सिहं, एस ओ कमलापुर राज करन शर्मा, लेखपाल पवन राय सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### पुल से गिरे व्यक्ति की हुई मौत

**सिंगाही।** इलाके मांझा पुल से गिर कर सत्तर वर्षीय व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मांझा का रहने वाला जग्गी 70 साल मेंहदी हसन की पत्नी की अंत्येष्टि में शामिल होकर वापस लौट रहा था।

# संकटा देवी चौकी को बनाया गया मॉडर्न महिला सहायता केन्द्र



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**अल्पना** सिंह अध्यक्ष आकांक्षा समिति पत्नी महेन्द्र बहादुर सिंह जिलाधिकारी व डॉ0 कोमल अध्यक्ष वामा सारथी पत्नी गणेश प्रसाद साहा पुलिस अधीक्षक खीरी के द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में संयुक्त रुप से फीता काटकर वैधिक मंत्र उपचार के विधिविधान से मॉडर्न महिला सहायता केन्द्र चौकी संकटा देवी, थाना कोतवाली सदर का वासंतिक नवरात्र में मिशन शक्ति अभियान के क्रम में लोकार्पण किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि महिला सहायता केन्द्र बनने से क्षेत्र में होने वाले महिला संबंधी अपराधों पर सुनवाई व त्वरित कार्यवाही करते हुए सहायताध्सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी एवं अपराधियों पर सतत् निगरानी व प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा। महिला शिकायत/सुझाव पर फीडबैक लिया जा सकेगा। महिला सहायता केन्द्र 24 घंटे कार्यरत रहेगा। महिला सहायता केन्द्र पर एक सेल्फी पॉइन्ट भी बनाया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# मरीज के साथ विनम्र व्यवहार करें कम्युनिटी हेल्थ अफसर

संवाददाता। शाहजहांपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने सत्यम होटल में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की रूटीन इम्यूनाइजेशन, एमआर एलिमिनेशन व बीपीडी सर्विलांस ट्रेनिंग प्रोग्राम हेतु आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर सुभारंभ किया। जिस हेतु आज खुदागंज, पुवाया व सिंधौली मैं तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को प्रशिक्षण उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में डीएम ने सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफ्सिर से कहा कि हमें अपने कार्य को बहुत ही मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। कहा कि डॉक्टर को लोग भगवान का दूसरा रूप मानते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणरत हेल्थ ऑफिसर से कहा कि आप बहुत ही भाग्यशाली हैं कि आपको सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। हमें हमेशा अपने कार्य को सेवा भाव के साथ ही करना चाहिए। डीएम ने कहा कि सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफ्सिर यह सुनिश्चित करें कि उनके पास आने वाले पेशेंट के साथ उनका व्यवहार बहुत ही अच्छा हो। उन्होंने कहा की किसी भी रोगी पर उपचार के साथ अच्छे व्यवहार का भी बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है, इसलिए सभी के साथ हमारा व्यवहार बहुत ही सरल व विनम्र होना चाहिए। साथ ही डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ब्लॉकों में तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर आंगनबाड़ी व आशा वर्कर से भी अपना समन्वय बनाकर रखें। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाली परेशानियों तथा उनके उपचार व अन्य महिला संबंधित रोगों के संबंध में भी जागरूक करें। साथ ही जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण के विषय में भी लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। इस दौराम मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह, यूनिसेफ की जिला समन्वयक हुदा जेहरा सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**बरेली।** दोस्त के साथ पिता की दवा लेने के लिए मोटरसाइकिल पर जा रहे युवक और उसके दोस्त की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव बकैनिया स्वाले नगर निवासी 40 वर्षीय बुद्धसेन कश्यप पुत्र चेतराम और गांव के ही रहने वाले छेदा लाल पुत्र दाताराम कि कल शाम गांव से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतकों के घर वालों ने बताया की छेदा लाल कल शाम को अपने बीमार पिता दाताराम की दवा लेने के लिए दोस्त बुद्धसेन के साथ देवरनिया कस्बे गया था जहां से वापस घर लौटते समय गांव के पास ही तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की लेकिन तब तक बुद्धसेन की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पुलिस ने बाइक चोर गैंग के तीन सदस्य किये गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर



**पुलिस** ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर चोरी की गई चार मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता पाई पुलिस ने शक के आधार पर इनको उस समय दबोचा जब तीनो एक चोरी की बाईक पर घूम रहे थे। थाना सदर बाजार पुलिस ने देर रात मुखबिर की सूचना पर डबल स्टोरी में घेराबंदी करके बाइक सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी चोरी की बाईक पर बैठकर घूम रहे थे। आरोपी रूचित सिंह, अंकित कुमार और अभिषेक शाहजहांपुर के अलग अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही से खाली पड़े क्वार्टर जो खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। उसमें चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

### शौक को पूरा करने के लिए करते थे चोरी

**पूछताछ** के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, तीनो लोग आपस में दोस्त हैं। खर्च ज्यादा बढ़ गए। गलत दोस्ती हो गई थी। अपने खर्च को पूरा करने के लिए उतना कमा नही पाते हैं। ऐसे में शौक को पूरा करने के लिए वाहन चोरी करना शुरू कर दी। पिछले काफी समय से वाहन चोरी कर अपने शौक को पूरा कर रहे हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

### चार मोटरसाइकिलें बरामद

**एसपी** सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया कि, तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की चार बाईके बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# तपोभूमि चित्रकूट में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी पर्व

## प्रभु श्रीराम के प्रकट होते ही बधाई और सोहर से गूंज उठा मंदाकिनी का रामघाट, लगे जयकारे

- मठ-मंदिरों में हवन पूजन के उपरांत मनाई गयी रामनवमी
- मुसलमानों ने भाग लेकर साझी संस्कृति का परिचय दिया








संवाददाता। चित्रकूट

**बदलते** जमाने के चलते जिले में चैत्र नवरात्र पर नौ दिनों तक मां दुर्गा की श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन के बाद साझी संस्कृति के तहत रामनवमी पर्व पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक जगह-जगह कन्याओं को श्रद्धालुओं ने भोजन कराया। देवी-मन्दिरों में महिलाओं ने नेवज चढ़ाकर रामनवमी पर्व मनाया। श्रद्धालु जवारों के बीच कई स्थानों पर झूमते नजर आए। तीर्थ क्षेत्र पूरी तरह से राममय नजर आ रहा था। रामनवमी पर्व पर मुख्यालय में रामभक्तों ने जयश्रीराम के नारे लगाते हुए गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। इस बार परम्परा से हटकर रामनवमी पर्व में भारी तादाद में मुस्लिम भाइयों ने हिस्सा लेकर साझी संस्कृति का परिचय दिया है।

भगवान राम की तपोस्थली पर रामनवमी की धूम रही। तीर्थ क्षेत्र के मठ-मन्दिरों की आकर्षक सजावट की गई। सवेरे से भगवान राम के जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां होती रहीं। फ्लाहरी व पकवानों को परोसा गया। जैसे ही घड़ी में 12 बजे की घण्टी सुनायी पड़ी। वैसे ही पूरे क्षेत्र में भये प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशिल्या हितकारी की आवाज गूंज उठी। भक्तगण एक-दूसरे को भगवान राम के जन्मोत्सव की बधाई देने लगे। मन्दिरों में घण्टे घड़ियाल के साथ भक्ति गीत-संगीत गूंजता रहा। देर शाम तक मन्दिरों में भण्डारे चलते रहे। रामघाट से छोटी परिक्रमा करने को राम दल निकला। निर्मोही अखाड़ा से हाथी-घोड़ा पालकी व बैण्डबाजे के साथ भगवान राम की शोभा यात्रा परिक्रमा मार्ग पर निकली। इसका जगह-जगह पर भक्तों ने रोककर स्वागत किया। जुलूस में शामिल लोगों ने मुख्यालय को जय श्री राम के नारों से गुंजायमान कर राममय कर दिया। जुलूस में रिक्शा, ठेलिया, चाय-पान वालों ने इस कदर शिरकत की कि जुलूस भव्य हो गया।

उधर जिला प्रशासन के सहयोग से अयोध्या शोध संस्थान संस्कृत विभाग लखनऊ द्वारा मंदाकिनी के रामघाट तट पर श्री राम जन्म महोत्सव का भव्य संगीत मय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रामघाट आरती स्थल पर स्थित भरत मंदिर, दिगंबर अखाड़ा में वहां के महंत दिव्यजीवन दास जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रारंभ हुआ। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सोहर गीत बधाई गीत एवं श्री राम के भक्ति गीतों से वातावरण को भावना से पूर्ण कर दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ 10बजे श्री रामचरितमानस में वर्णित जन्म प्रसंग के गायन से प्रारंभ हुआ। श्रीरामचरितमानस के जन्म प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति डॉक्टर गोपाल कुमार मिश्र एवं डॉक्टर राजा पांडे की संयुक्त स्वरों में प्रस्तुत हुआ। इसके बाद डॉक्टर रामखेलावन पांडेयके स्वर में बधाई गीत का मंचन हुआ। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं द्वारा अत्यंत मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। जहां सोमेश सिंह सिंगर के स्वर में जन्मोत्सव गीत गाया गया।

तुलसी जन्मस्थली राजापुर में चैत्र रामनवमी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्रगटोत्सव के अवसर पर तुलसी जन्मकुटीर मानस मन्दिर के विशाल प्रांगण में यज्ञ अनुष्ठान, पूजा अर्चना का कार्यक्रम वेद मन्त्रों के साथ किया गया। नगर में जगह जगह स्वागत द्वार लगाए गए थे और पूरे नगर में जय श्रीराम के नारे से तुलसी नगरी राममय हो गई थी। कस्बे के प्रमुख मार्गों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें नगरवासियों, व्यापारियों, नर नारियों के द्वारा अपने-अपने झरोखों से पुष्पवर्षा की गई।

# शहर में चारों तरफ रही जय श्रीराम की गूंज



संवाददाता। फतेहपुर

**श्रीराम** नवमी महोत्सव आयोजक समिति के तत्वाधान में भगवान राम के जन्मोत्सव पर शहर को भगवा ध्वज से सजा कर राम भक्तों ने शहर के विभिन्न स्थानों से विशाल शोभा यात्राएं निकाली। चौक हनुमान मंदिर, पीलू तले चौराहा, मोटेश्वर महादेव मंदिर, रेल बाजार, चंदियाना, रस्तोगीगंज, आबूनगर, पटेलनगर, लखनऊ बाईपास मार्ग, पत्थरकटा चौराहा सहित विभिन्न स्थानों से भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गयी। हजारों की तादाद में एकत्र नर-नारी रामलीला मैदान से गाजे बाजे के साथ निकलकर धर्म ध्वज लहराते हुए श्रीराम के जयकारे लगाए। डीजे, बैंड, ढोल ताशों की गड़गड़ाहट में नर नारियां एवं बच्चे थिरकते रहे। वहीं धर्म की रक्षा करने एवं अधर्म का नाश के प्रतीक के रूप में अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित रामभक्त तीर, तलवार, भाले, बरछी का प्रदर्शन कर धर्म मार्ग पर हर आहूति देने का संकल्प दोहराते रहे।

रामनवमी पर कस्बे के गढ़ी मुहल्ला से पुरूषोत्तम श्रीराम की शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी। जुलूस वाले मार्गों पर लोगों ने जगह-जगह आरती उतारकर जयश्रीराम का उदघोष किया। नगर भगवामय रहा। बिजली की आकर्षक सजावट के साथ ही जगह-जगह झंडिया आकर्षण का केन्द्र रहीं। जुलूस रामतलाई मंदिर के निकट समाप्त हो गया।

## रामनवमी पर पूरी भव्यता के साथ रामभक्तों ने निकाला जुलूस



**उरई, जालौन।** गुरुवार को रामनवमी को भगवान श्रीराम के जन्म दिवस पर स्थानीय ठड़ेश्वरी मंदिर परिसर से अपरान्ह बाद भारी जनसैलाब के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें शामिल लोग अपने हाथों में केसरिया झंडा लहराते हुये नारेबाजी करते हुये चल रहे थे। जुलूस में शामिल डीजे पर श्रीराम की महिमा का गुणगान वाले भजनों की धुन पर युवक थिरकते हुये जुलूस की शोभा बढ़ा रहा थे। जब जुलूस शहीद भगत सिंह चौराहे पर पहुंचा वहां पर रामभक्तों ने सड़क पर बैठकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया और फिर जुलूस गंतव्य स्थान की ओर प्रस्थान कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल जुलूस के साथ-साथ चल रहा था। रामनवमी पर हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर के लोगों की अटूट आस्था के केंद्र ठड़ेश्वरी मंदिर परिसर से रामनवमी जुलूस की शुरूआत हुई। जो कोंच बस स्टैंड होता हुआ पीली कोठी से इलाहाबाद बैंक तिराहा से राजमार्ग होता हुआ माहिल तालाब, घंटाघर होता हुआ शहीद भगत सिंह चौराहा पर पहुंचा वहां पर जुलूस में शामिल लोगों न सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया इसके बाद जुलूस अस्पताल होता हुआ अंबेदकर तिराहा होता हुआ जिला परिषद से जेल रोड से पुनः ठड़ेश्वरी मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ।

# निकाय अधिसूचना बाद तेजी से प्रारम्भ हुई चुनावी सरगर्मियां

**उरई,** जालौन। गुरुवार की शाम जैसे ही निकायों के अध्यक्ष पदों को लेकर अधिसूचना जारी हुईं वैसे ही लंबे समय से निकाय चुनाव की सरगर्मियों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। अब राजनैतिक दल अपने-अपने तरीके से प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा करने में जुट गये। हालांकि निकाय अधिसूचना जारी होने के बाद सामान्य वर्ग की बांछें खिल हुयी तो वहीं पिछड़े वर्ग को मायूसी हाथ लगी।

निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच जैसे ही गुरुवार की शाम निकायों के अध्यक्ष पदों को लेकर अधिसूचना जारी हुयी तो उसमें जिला मुख्यालय उरई की नगर पालिका परिषद को अनुसूचित जाति महिला, जालौन नगर पालिका परिषद महिला व कोंच व कालपी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद अनारक्षित की श्रेणी में रखे गये हैं। जबकि नगर पंचायतों की घोषित अधिसूचना में पहली बार नगर पंचायत बनी एट में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के लिये आरक्षित किया गया है। जबकि रामपुरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति पुरुष के लिये आरक्षित है। इसीक्रम में नदीगांव नगर पंचायत अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग महिला, माधौगढ, कोटरा व उमरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद अनारक्षित की श्रेणी में रखे गये वहीं नगर पंचायत कदौरा में अध्यक्ष पर महिला वर्ग के लिये आरक्षित रखा गया है। जैसे ही निकायों के अध्यक्ष पदों को लेकर अधिसूचना जारी होते ही अब राजनैतिक दलों से चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के चेहरे भी बदल जायेंगे।

## प्रसूता व नवजात के लिए जीवनदायिनी बनी एंबुलेंस

**माधौगढ़,** जालौन। माधौगढ़ अस्पताल की सराहना आए दिन देखने को मिलती है तो गुरुवार को जीवनदायिनी आकस्मिक में चिकित्सा सेवा एंबुलेंस फिर से बनती दिखाई दी। बता दें कि बोहरा से प्रेमलता पत्नी भूपेंद्र उम्र करीब 24 वर्ष जोकि प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी वहीं परिजनों ने एंबुलेंस 108 को दी सूचना बगैर देर करते हुए पायलट विनोद कुमार पीएमटी पवन कुमार राठौर मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस में प्रसव पीड़ा अधिक होने की वजह से प्रेमलता पत्नी भूपेंद्र की एंबुलेंस में ही रास्ते में प्रसव करवाया गया जहां प्रेमलता ने एक बच्ची को जन्म दिया और रास्ते में ही ईएमटी पवन कुमार राठौर और पायलट विनोद कुमार की सूझबूझ से प्रसव कराया गया जो सराहनीय है अब जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं और माधौगढ़ अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया।

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों के अभाव के चलते मरीज़ परेशान

संवाददाता। उरई, जालौन

- ओपीडी में समय से नहीं बैठते चिकित्सक
- अस्पताल खुलते ही दलाल हो जाते हैं सक्रिय

**प्रदेश** सरकार एक ओर जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदेश की जनता को सुलभ कराने के लिये भरसक प्रयास कर रही है तो वहीं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को मरीजों की कोई परवाह नहीं है। आलम यह है कि जिला अस्पताल में ज्यादातर चिकित्सक अपने कक्षों में समय से बैठते ही नहीं ऐसी स्थिति में मरीज व तीमारदार घंटों चिकित्सक के बैठने का इंतजार करते देखे जा रहे हैं।

जिला अस्पताल में चिकित्सकों के समय से अपने कक्षों में न बैठने से बड़ी संख्या में मरीजों को चिकित्सा उपलब्ध नहीं हो पाती तो वह मजबूर होकर प्राइवेट चिकित्सकों के यहां उपचार कराने को विवश हो रहे हैं। दूरदराज से आने बाले मरीज डाक्टर का अस्पताल खुलने के समय से घंटों इंतजार करते है। मरीज चिकित्सक के कक्ष खाली कुर्सियों की ओर देकर टकटकी लगाकर देखते रहते हैं। लेकिन साहिब अस्पताल के खुलने के एक-दो घंटे बाद आते है और एक दो मरीज देखे और तभी उसी के कुछ समय बाद एमआर आ गए। वह अपनी दवाइयों के बारे में बताने लगे और साहेब से कमीसन फिक्स हो गया, साहिब भी उन्हीं दवाइयों को लिखना शुरू कर दिए जो सिर्फ बाहर ही मिलेंगी। इसके बाद समय से पहले ही चले गए। यह सिलसिला लगातार चलता रहता है। आपको बता दें कि जिला अस्पताल उरई में हड्डी रोग विशेषज्ञ व सर्जन सहित अन्य चिकित्सकों का 12 बजे तक इंतजार करती रही खाली कुर्सी और जिला अस्पताल प्रभारी को भी नहीं दिखाई दे रहा देर से आना जल्दी जाना, यह सब इसकी आदत सी बन गई है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अवनीश बनौधा ने कहा कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों का अभाव है और डॉक्टरों का ओपीडी में बैठने का समय सुबह 8 से 2 का है और सुबह जब डॉक्टर आते हैं तो जिन डॉक्टरों के मरीज बार्डो में भर्ती होते हैं उनको देखने व दवा लिखने के बाद ओपीडी में बैठते हैं और कुछ डॉक्टरों की आपातकालीन व पोस्टमार्टम में ड्यूटी लगी होती है। और कुछ डॉक्टरों को मेडिकल वार्डन व कैम्प में जाना होता है। जिससे वह समय से नहीं बैठ पाते हैं। वहीं दलालों के जमावड़े पर पूंछा गया तो उन्होंने कहा की सभी डॉक्टरों को लिखित में कई बार चेतावनी दे चुके हैं।

## क्विक न्यूज

### मंदिरों में हुआ दुर्गासप्तशती व सुंदरकांड का पाठ

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के क्रम में आज जनपद के समस्त तहसीलों व विकास खंडों में स्थित प्रसिद्ध मंदिरों में चैत नवरात्रि व श्री रामनवमी के पावन अवसर पर दुर्गा सप्तशती व सुंदरकांड का पाठ किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में अपने सनातन संस्कृति से अपनी पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से आज दुर्गा सप्तशती व सुंदरकांड का पाठ व गीत गायन जनपद स्तर पर मां कालिका देवी मंदिर, अकबरपुर में स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में भी किया गया। जिसमें जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा भी मां दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की तथा पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन किया एवं रामनवमी के अवसर पर अपराह्न 12 बजे भगवान श्री राम के जनमोत्स्व को मनाया गया तथा बधाई गीत का गायन भी किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा ढोल मंडली के साथ मजीरा भी बजाया व सुंदरकांड का पाठ भी पूर्ण विधि विधान से किया।

### दोसर वैश्य बाहुल्य क्षेत्रों में होगा महासमिति का गठन

**फतेहपुर।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक हुसैनगंज कस्बे में आयोजित हुई। जिसमें संगठन मजबूती पर बल दिया गया। निर्णय लिया गया कि दोसर वैश्य बाहुल्य क्षेत्रों में महासमिति का गठन किया जाये। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग संगठन से जुड़ सकें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नारायण गुप्त ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन का विस्तार बहुत आवश्यक है। मुख्य अतिथि विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि दोसर वैश्य बाहुल्य क्षेत्रों में महासमिति का गठन किया जाये। जिससे अधिक से अधिक लोग संगठन से जुड़ जायें। उन्होने कहा कि 22 अप्रैल को एक वृहद बैठक हुसैनगंज में रखी जायेगी। जिसका दायित्व रमेश जीव आनंद गुप्त को सौंपा गया। बैठक में प्रमुख रूप से आनंद गुप्त, रमेश गुप्त, अशोक गुप्त, संजय गुप्त, संदीप गुप्त, सुशील गुप्त, अशोक गुप्त, संतोष गुप्त सहित तमाम दोसर वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

### निकाय आरक्षण घोषित, फतेहपुर अनारक्षित, बिंदकी पिछड़ा वर्ग महिला

**फतेहपुर।** बहुप्रतीक्षित नगर निकाय चुनाव के लिए जनपद की नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष का आरक्षण घोषित कर दिया गया है। आज जारी अधिसूचना में नगर पालिका परिषद फतेहपुर को अनारक्षित, बिंदकी नगर पालिका परिषद को पिछड़ा वर्ग महिला, नगर पंचायतो में कारीकान धाता को अनुसूचित जाति -महिला, नगर पंचायत किशनपुर को अनुसूचित जाति, नगर पंचायत खखरेरू को अनारक्षित, नगर पंचायत असोथर अनारक्षित, जहानाबाद अनारक्षित, खागा महिला, नगर पंचायत हथगाम पिछड़ा वर्ग एवं नगर पंचायत बहुआ को पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर रेल मंत्री से मिले सांसद



**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने गुरुवार को भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंटकर संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट के लिए महत्वपूर्ण मांग उठाई है। सांसद ने रेल मंत्री से कहा कि बरगढ़ रेलवे स्टेशन पर बुंदेलखंड एवं सारनाथ एक्सप्रेस का ठहराव किया जाये। उन्होंने कहा कि अतर्रा रेलवे स्टेशन पर बरौनी एवं गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का ठहराव कर खुरहंड स्टेशन पर चित्रकूट एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेस का ठहराव किया जाये। सांसद ने रेल मंत्री से अतर्रा रेलवे क्रासिंग, खोह रेलवे क्रासिंग, मानिकपुर में सभी रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाये जाने बाबत मांग उठाई।

## जाटव समाज ने नवमी को विसर्जित किये जवारे



**राजापुर,** चित्रकूट। चैत्र नवरात्रि व शारदीय नवरात्रि में कस्बे के जाटव समाज द्वारा बिगत कई वर्षों से नवरात्रि के समय मां दुर्गा की उपासना के प्रथम दिन अनुष्ठान के रूप में जवारा बोने की परंपरा बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ चली आ रही है। इसी क्रम में चौत्र नवरात्रि के अन्तिम दिन रामनवमी को जाटव समाज की महिलाओं ने बड़े श्रद्धा पूर्वक रोहित जाटव ने अपने गाल में सांग लेकर मां के जयकारों के बीच नाचते थिरकते चल रहे थे और अपनी कुलदेवियों की मढ़ियों में जाकर पूजा अर्चना कर मां यमुना में जवारों का विसर्जन देर शाम किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के बड़े भाई सन्तोष जाटव अपने पूर्वजों की चली आ रही परम्परा को बाखूबी निभाते हुए दोनों नवरात्रियों में अपने घर पर नवरात्रि के पहले दिन विधिवत पूजा अर्चना के बाद नवमी के दिन कुलदेवी मरही माता, मढ़ी माता में पूजा अर्चना के बाद ढोल नगाड़ों के बीच कस्बे के मुख्य मार्गों में यमुना रोड, रामलीला रोड, सोनरहटी, मानस मन्दिर रोड होते हुए देर शाम आस्था प्रदर्शित करते हुए यमुना नदी में जवारे विसर्जित किए गए।

# एसपी वृंदा शुक्ला ने चौकीदारों को किया पुरस्कृत

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने सर्वप्रथम भरतकूप थाने का वार्षिक निरीक्षण में सर्वप्रथम गारद की सलामी ली। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आगन्तुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क देखा। उन्होंने रजिस्टर में अंकित महिला शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नम्बर से वार्ता कर पुलिस की की गई कार्यवाही के सम्बंध में जानकारी ली।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायतकर्ता महिलाओं ने पुलिस की कार्यवाही से सन्तुष्टता जाहिर की। डयूटी में नियुक्त महिला आरक्षी को थाने पर आने वाली पीड़ितों से सरल एवं सद्भावनापूर्वक बात कर उनकी शिकायतों को सुनने के निर्देश दिये। मालखाना का निरीक्षण कर माल मुकदमाती वाहनों का मिलान कर भौतिक सत्यापन किया। थाना कार्यालय में रजिस्टर नं 04, रजिस्टर 08, फ्लाईशीट, त्यौहार रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों को देखा। अभिलेखों का रखरखाव अच्छा मिला। बेहतर करने के निर्देश दिये। शस्त्रों का निरीक्षण कर थाने पर नियुक्त पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी ली। शस्त्रों की हैंडलिंग भी करायी। पुलिसकर्मी सफल रहे।

पुलिसकर्मियों को ब्रीफभी किया। थानाध्यक्ष भरतकूप को रोस्टर के अनुसार शस्त्रों की साफ सफाई एवं पुलिस कर्मियों को हैंडलिंग के सम्बंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। भोजनालय एवं थाना परिसर की साफ-सफाई अच्छी मिली।

## आरोपी को छोड़े जाने पर गुलाबी गैंग ने किया घेराव

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गंभीर प्रकरण को लेकर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल ने पीड़ित परिजनों व नाबालिग लड़की को लेकर संगठन की महिलाओं के साथ बहुआ पुलिस चौकी पहुंची। जहां चौकी में व्याप्त भ्रष्टाचार व गैंगरेप की कोशिश करने जैसे गंभीर प्रकरण पर चौकी प्रभारी विजय त्रिवेदी की शिथिल कार्यशैली के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। आरोपियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी कर ठोस कार्यवाही करते हुए न्याय की पुरजोर मांग की। जहां अब आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# पेज एक का शेष

## इंदौर में...

ने भोपाल में मीडिया से कहा, इंदौर में हुई दुर्घटना में नागरिकों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दु:खद और हृदय विदारक है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, दु:ख की इस घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जा चुकी है। चिकित्सा का संपूर्ण व्यय प्रदेश सरकार वहन करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया और मुख्यमंत्री चौहान से बात कर हालात की जानकारी ली। मोदी ने ट्वीट कर कहा, इंदौर में हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और ताजा स्थिति की जानकारी ली। सभी प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ मेरी प्रार्थना। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, इंदौर में हुए हादसे में कई लोगों के निधन के समाचार से मुझे गहरा दु:ख हुआ है। सभी शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## गुजरात, महाराष्ट्र...

के पास दो गुटों में झड़प होने के बाद हालात बेकाबू हो गए। इस दौरान 13 वाहनों को आग लगा दी गई। पुलिस ने आंसू गैसे के गोले छोड़ तथा प्लास्टिक की गोलियां छोड़ने के साथ हवाई फायरिंग भी की। उपद्रवियों की तलाश के लिए पुलिस ने आठ टीमें बनाई है। पुलिस आयुक्त निखिल गुप्ता ने कहा, हम नहीं जानते कि हमले में कौन लोग शामिल थे। उनकी संख्या 500 से 600 थी। कुछ युवकों के बीच झड़प के बाद यह घटना हुई। उन्हें पकड़ने के लिए तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा, राम मंदिर सुरक्षित है। छह से सात वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन के नेता एवं लोकसभा सदस्य इम्तियाज जलील, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं राज्य के मंत्री अतुल सावे तथा अन्य लोग शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करते दिख रहे हैं। जलील ने कहा, राम मंदिर सुरक्षित है। पुलिस को इस घटना में शामिल लोगों को तत्काल पकड़ना चाहिए। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि औरंगाबाद शहर में भीड़ के पुलिस कर्मियों पर कथित हमले की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और उन्होंने नेताओं से भड़काऊबयान से बचने की अपील की। वहीं पश्चिम बंगाल के हावड़ा में पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए शक्ति का इस्तेमाल किया।

## भगवान राम...

कुछ ने तो यह तक सुझाया कि कोई उद्योग लगाया जा सकता है। ये वे लोग थे जिन्होंने भगवान राम को कभी समझा नहीं और उन्हें मन से कभी आत्मसात नहीं किया। रक्षा मंत्री ने कहाकि केंद्र के प्रयासों के कारण ही पूर्वोत्तर आज दिल्ली और लोगों के दिल के करीब आ गया है। सिंह ने कहा कि आज उत्तर पूर्व में अभूतपूर्व शांति है जिसकी वजह से क्षेत्र के अनेक हिस्सों से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल नारा नहीं बल्कि जन आंदोलन बन गया है। सिंह ने कहा, मैं रक्षा मंत्री के रूप में कह सकता हूं कि आज महिलाएं सशस्त्र बलों में शामिल होकर उसे और मजबूती प्रदान कर रही हैं। वे लड़ाकू पायलट के रूप में लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हाल में, मैंने तोपखानों में महिलाओं को शामिल करने को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में महिलाओं के शामिल होने के साथ हम मिलकर महिला सशक्तीकरण और सशस्त्र बलों को मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

## ललित मोदी...

आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया और दो साल की सजा सुनाई गई। दोषी ठहराए जाने के बाद गांधी को लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया। ललित मोदी ने ट्वीट में कई कांग्रेस नेताओं पर गांधी परिवार के लिए धन जुटाने और उनके विदेश में संपत्ति होने का आरोप लगाया। ललित ने यह भी दावा किया कि वह इस संबंध में और विवरण प्रदान कर सकता है। ललित ने कहा, पिछले 15 साल में मैंने एक भी पैसा लिया हो, यह साबित नहीं हो पाया है। ए जरूर साबित हुआ है कि मैंने दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन तैयार किया जिसने करीब 100 अरब डॉलर की कमाई की है। ललित ने कहा, कांग्रेसी नेता को यह नहीं भूलना चाहिए कि 1950 के दशक की शुरूआत से ही (ललित) मोदी परिवार ने उनके लिए और अपने देश के लिए इतना कुछ किया है जिसकी वे कभी कल्पना भी नहीं कर सकते। उसने कहा, जितना वे सोच भी नहीं सकते, मैंने भी उससे कहीं अधिक किया है। इसलिए भारत के घोटालेबाज लुटेरों भौंकते रहो...। ब्रिटेन में 2010 से रह रहे ललित ने दावा किया कि देश में जैसे ही कड़े मानहानि संबंधी कानून पारित होंगे, वह भारत लौट आएगा।

## यूपी निकाय...

सूची जारी की गई है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने बताया कि कुछ मंडल में कई जातियों को पहले आरक्षण नहीं मिल रहे थे। अब ऐसी समस्या नहीं दिखेगी। कुछ ही मंडल ऐसे रह जाएंगे, जहां किसी जाति को आरक्षण नहीं मिलेगा। नगर पंचायत की बात करें तो ओबीसी में कोई परिवर्तन नहीं दिखाई देगा। पहले भी ओबीसी को 205 सीटें मिली थीं। इस बार उतनी ही सीटें मिल रही हैं। मंडल स्तर पर बैलेंस के साथ आरक्षण सूची जारी की गई है। महिलाओं को ज्यादा सीटें मिली हैं। एससी की सीटें भी इस बार बढ़ी हैं। महिलाओं के लिए कुल 288, ओबीसी को कुल 205, एससी की कुल 110, एसटी को कुल दो सीटें आरक्षित की गई है। उल्लेखनीय है कि बीते साल पांच दिसंबर को जारी अधिसूचना में महिलाओं को 255, ओबीसी को 205, एससी को 102 और एसटी को एक सीट आरक्षित हुई थी। यूपी के 17 नगर निगमों में से आठ सीटें आरक्षित रखी गई हैं जबकि 9 सामान्य हैं। 199 नगर पालिकाओं का भी आरक्षण जारी किया गया है। शर्मा ने बताया कि आगरा अनुसूचित जाति महिला, झांसी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। शाहजहांपुर पिछड़ा वर्ग महिला, फिरोजाबाद पिछड़ा वर्ग महिला, सहारनपुर पिछड़ा वर्ग, मेरठ पिछड़ा वर्ग, लखनऊ, कानपुर और गाजियाबाद महिला, वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन अनारक्षित रहेगी।

## पुरोहित को...

(दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 197 (2) के तहत मंजूरी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उन पर लगाए गए आरोप उनके किसी भी आधिकारिक कर्तव्यों से संबंधित नहीं है। इसमें कहा गया है, (उच्च न्यायालय के) आदेश के आधार पर गौर करने के बाद हमें इसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नजर नहीं आता और इसलिए विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई नहीं होगी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि निचली अदालतों को उच्च न्यायालय के आदेश की टिप्पणियों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। पुरोहित ने खुद को आरोप मुक्त किए जाने की अपील करते हुए दावा किया था कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीआरपीसी के संबंधित प्रावधानों के तहत मंजूरी नहीं ली गई है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के नासिक जिले के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील शहर मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में बंधा विस्फोटक उपकरण फटने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। मामले की प्रारंभिक जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक बांधा गया था, वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, इसलिए ठाकुर को गिरफ्तार किया गया था। बाद में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी।

## जर्मनी ने...

कर रहा है। केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रिजिजू ने दिग्विजय सिंह के ट्वीट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने की खातिर राहुल गांधी का आभार। रिजिजू ने कहा, याद रखिए, भारतीय न्यायपालिका विदेशी हस्तक्षेप से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब और विदेशी प्रभाव को सहन नहीं करेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री हैं - नरेंद्र मोदी जी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संस्थाओं पर हमले एवं उनकी डराने-धमकाने की राजनीति से देश के लोकतंत्र के समक्ष जो खतरे उत्पन्न हुए हैं, उनसे भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को स्वयं ही निपटना होगा। रमेश ने ट्वीट किया, कांग्रेस का स्पष्ट तौर पर मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संस्थाओं पर हमले एवं उनकी डराने धमकाने की राजनीति से हमारे लोकतंत्र के समक्ष जो खतरे उत्पन्न हुए हैं, उनसे भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को स्वयं ही निपटना होगा। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां निडरता से उनका मुकाबला करेंगी। रिजिजू पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, रिजिजू जी, मुख्य मुद्दे से ध्यान क्यों हटा रहे हैं? मुद्दा यह है कि प्रधानमंत्री, अडाणी मामले में राहुल गांधी के सवालों का जवाब नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि लोगों को गुमराह करने के बजाय कृपया प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

## रिश्वत मामले...

मामलों में 1,15,000 रुपये, 55,000 रुपये और 30,000 रुपये की रिश्वत बिचौलिए के माध्यम से उक्त डॉक्टर ने मरीजों के तिमारदारों से ली थी। शेष पकड़े गए आरोपी अवनेश पटेल, मनीष शर्मा, कुलदीप हैं। सीबीआई ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश आदि विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली है। इसमें आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण आदि बरामद किए गए हैं। इनकी भी जांच की जा रही है।

## एच-1बी...

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रमुख नेता एवं आयोग के सदस्य अजय जैन भुटोरिया ने न्यायाधीश के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी को काम करने की अनुमति देने के अदालत के फैसले से देशभर के हजारों परिवार राहत की सांस ले पाएंगे। यह फैसला उन परिवारों को राहत प्रदान करेगा, जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि ए परिवार एक साथ रह सकें। भुटोरिया ने कहा, एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथियों को काम करने की अनुमति देना केवल आर्थिक निष्पक्षता का मामला नहीं है, बल्कि यह पारिवारिक एकता तथा स्थिरता का भी मामला है। मैं अदालत के फैसले का स्वागत करता हूं। मुझे उम्मीद है कि यह एक अधिक दयालु व न्यायसंगत प्रवासन प्रणाली की दिशा में पहला कदम साबित होगा। एच-1बी वीजा के जरिए अमेरिकी कंपनियां खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विदेशी कर्मचारियों की नियुक्ति करती हैं। इस बीच, सेव जॉब्स यूएसए ने कहा कि वह अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करेगा।

## अजय बंगा...


रूप में कार्यरत हैं। उन्हें 2016 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। विश्व बैंक के निदेशक मंडल की मंजूरी मिलते ही बंगा दुनिया की दो शीर्ष वित्तीय संस्थाओं के प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी और अमेरिकी-सिख बन जाएंगे। बंगा इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## मुदुमलाई टाइगर...

के निवास स्थानों में से एक है। मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में स्थित थेप्पाकडू हाथी कैंप एशिया का सबसे पुराना एलिफेंट कैंप है। ये आज से लगभग 105 साल पहले स्थापित किया गया था।

# ताइवान-अमेरिका को चीन ने दी चेतावनी

## ● राष्ट्रपति के अमेरिका में रुकने पर नाराज



**भाषा।** बीजिंग

**ताइवान** की राष्ट्रपति के मध्य अमेरिका जाते समय संयुक्त राज्य अमेरिका में उतरने को लेकर चीन ने एक बार फिर चेतावनी देते हुए कहा कि ताइवान उसकी भूमि है और जरूरत पड़ी तो सैन्य बल का इस्तेमाल करके उसे अपने नियंत्रण में लेगा। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन के अमेरिका में रुकने पर आपत्ति जताते हुए चीन ने कहा कि वह घटनाक्रम पर करीब से नजर बनाए हुए है और अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की प्रतिबद्धता के साथ सुरक्षा करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बृहस्पतिवार को दोहराया कि चीन को साई इंग वे और अमेरिकी अधिकारियों के बीच किसी भी तरह की बातचीत पर घोर आपत्ति है। चीन ने विशेष रूप से चेतावनी दी है कि लॉस एंजिल्स में पांच अप्रैल को अमेरिकी संसद के स्पीकर केविन मैककार्थी के साथ होने वाली बैठक पर एक मजबूत प्रतिक्रिया होगी। साई के दौरे का मकसद यह दिखाना है कि चीन की ओर से सैन्य खतरे के बावजूद ताइवान के पास अब भी सहयोगी हैं और वह इसे राजनयिक रूप से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। ताइवान पर राजनयिक दबाव हाल में बढ़ गया है। होंडुरास ने ताइवान के साथ संबंध समाप्त करने के बाद चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए है। ताइवान को अब वेटिकन सिटी समेत केवल 13 संप्रभु देश मान्यता देते हैं। एक अन्य ताइवानी सहयोगी को लुभाने पर साई ने बीजिंग पर डॉलर कूटनीति का उपयोग करने का आरोप लगाया। साई बुधवार को न्यूयॉर्क पहुंचीं और वहां वह बृहस्पतिवार गुरुवार तक रहेंगी, लेकिन यात्रा के बारे में बहुत कम विवरण सार्वजनिक किया गया है।

## रूस में जासूसी के आरोप में वॉल स्ट्रीट जर्नल का पत्रकार गिरफ्तार

**मॉस्को।** रूस में वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए काम करने वाले एक अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रूस की शीर्ष सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी।शीत युद्ध के बाद से जासूसी के आरोपों में किसी अमेरिकी पत्रकार की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने बृहस्पतिवार को बताया कि इवान गेर्शकोविच को एकातेरिनबर्ग के यूराल माउंटेन्स शहर में कथित तौर पर गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हुए हिरासत में लिया गया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक बयान में कहा कि वह गेर्शकोविच की गिरफ्तारी से बहुत चिंतित है। यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और पश्चिमी देशों में तनाव बढ़ने के बीच उन्हें गिरफ्तार किए जाने का मामला आया है। सितंबर 1986 के बाद रूस में जासूसी के आरोपों में गिरफ्तार होने वाले गेर्शकोविच पहले संवाददाता हैं। तब यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट के मास्को संवाददाता निकोलस डेनिलॉफ को केजीबी ने गिरफ्तार किया था। निकोलस को सोवियत संघ के संयुक्त राष्ट्र मिशन में कार्यरत एक कर्मचारी की रिहाई के बदले 20 दिन बाद बिना आरोपों के छोड़ा गया। कर्मचारी को एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। सुरक्षा सेवा ने आरोप लगाया कि गेर्शकोविच अमेरिका के आदेश पर रूसी सैन्य औद्योगिक परिसर के एक उद्यम की गतिविधियों के बारे में गोपनीय जानकारी एकत्र कर रहा था। एफएसबी ने इस बात की जानकारी नहीं दी कि गिरफ्तारी कहां की गई। दोषी पाए जाने पर गेर्शकोविच को 20 साल की कैद हो सकती है।

# फिलीपीन में नौका में आग लगने से 31 लोगों की मौत, सात अन्य लापता

**भाषा।** मनीला

**दक्षिणी फिलीपीन** में एक नौका में आग लगने से 31 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य अब भी लापता हैं। नौका में करीब 250 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे।प्रांतीय गवर्नर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बेसिलन के गवर्नर जिम हाटामैन ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कई आग लगने के बाद घबराकर एम वी लेडी मैरी जॉय नौका से पानी में कूद गए थे। उन्हें तट रक्षक, नौसेना, एक अन्य नौका और स्थानीय मछुआरों द्वारा समुद्र से निकाला गया। तलाश एवं बचाव अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी है। कम से कम सात यात्री अब भी लापता हैं। गवर्नर ने बताया कि नौका एमवी लेडी मैरी जॉय 3 को बेसिलन के तट पर लाया गया। नौका में एक केबिन से 18 शव बरामद हुए। नौका के अंदर भी तलाश जारी है। हाटामैन ने कहा, इन लोगों की आग लगने के कारण नौका में ही मौत हो गई। गवर्नर ने कहा कि अभी तक की जांच में पता चला है कि नौका में अतिरिक्त यात्री सवार थे, जिनके नाम सूची में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि नौका दक्षिणी बंदरगाह शहर जाम्बोआंगा से सुलु प्रांत के जोलो शहर जा रही थी, जब आधी रात को इसमें आग लग गई। गवर्नर ने बताया कि हादसे में कम से कम 23 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गवर्नर जिम हाटामैन ने द एसोसिएटेड प्रेस से फोन पर बातचीत में कहा, आग लगने की वजह से मचे हंगामे के कारण यात्रियों की नींद खुल गई। उनमें से कुछ नौका से कूद गए।

## पाक में आतंकवादी हमलों में चार पुलिस कर्मियों की मौत, छह अन्य घायल

**पेशावर (पाकिस्तान)।** तालिबान आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार तड़के पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पुलिस वाहन को बम से निशाना बनाया, जिसमें चार पुलिस कर्मी और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आतंवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में पुलिस की मोबाइल वैन पर हमला किया, जो सदर थाने पर हमले के बाद वहां जा रही थी। हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित चार पुलिसकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस प्रमुख अख्तर हयात खान ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। लक्की मरवत के पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कि हमला बृहस्पतिवार तड़के हुआ, जिसके बाद पुलिस और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में चार पुलिस कर्मियों की मौत, छह अन्य घायल

**पेशावर।** तालिबानी आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार तड़के पश्चिमोत्तर पाकिस्तान मे पुलिस वाहन को बम से निशाना बनाया और इस हमले में चार पुलिस कर्मी मारे गए, जबकि एक थाने पर किए हमले मे छह पुलिस अधिकारी घायल हो गए। अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक कस्बे लक्की मरवत मे एक थाने पर हमले के बाद मौके पर भेजे गए अतिरिक्त बल के वाहन पर बम से हमला कर दिया गया, जिसमे चार अधिकारियो की मौत हो गई। थाने पर हुए हमले मे छह अधिकारी घायल हुए है।

## संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती पोप की हालत में हो रहा सुधार : वेटिकन सिटी

**रोम।** वेटिकन ने कहा है कि श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल मे भर्ती होने के बाद पोप फ्रांसिस ने रात भर आराम किया और बृहस्पतिवार को उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी के एक बयान के अनुसार पोप (86) ने नाश्ता किया, समाचार पत्र पढ़े और रोम के जेमेली अस्पताल मे अपने कमरे से काम कर रहे है। पोप का एक ही फेफड़ा काम कर रहा है क्योंकि एक फेफड़ा युवावस्था में ही हटा दिया गया था। बयान में कहा गया, मध्याह्न भोजन से पहले वे निजी अपार्टमेंट के छोटे गिरजाघर मे गए, जहां वे प्रार्थना मे एकत्रित हुए और एक ईसाई संस्कार यूखरिस्त मे शामिल हुए। पिछले कुछ समय से सांस लेने संबंधी दिक्कतो के बाद फ्रांसिस को बुधवार को अस्पताल मे भर्ती कराया गया और उनमे श्वसन संक्रमण की पुष्टि हुई।

## तेन्चो ग्यात्सो इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत की अध्यक्ष नियुक्त

**वाशिंगटन।** निर्वासित तिब्बती संसद की दो बार सदस्य चुनी गईं तेन्चो ग्यात्सो को इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत (आईसीटी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह माटेओ मक्कासी का स्थान लेंगी। ग्यात्सो के मुताबिक, आईसीटी का गठन तिब्बत संबंधी मामले पर कदम उठाने के लिए अंतराष्ट्रीय समुदायों को एकजुट करने के मकसद से किया गया था। उन्होने कहा कि यह काम आज पहले से भी अधिक आवश्यक है।अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने आईसीटी के अध्यक्ष के रूप मे ग्यात्सो की नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी।ग्यात्सो ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मौजूदा मित्रो और समर्थको की बात सुनना और उनसे जुड़ना है तथा अपने समूह को और व्यापक एवं मजबूत करना है ताकि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक प्रभावी ताकत बन सकें।

## महाराज चार्ल्स तृतीय जर्मन संसद को करेंगे संबोधित, चांसलर शोल्ज से की मुलाकात

**बर्लिन।** ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय ने जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से मुलाकात की और अब वह जर्मनी की संसद बुंडेस्टैग को बृहस्पतिवार को संबोधित करने की तैयारी कर रहे है। वह ब्रिटेन के पहले शासक होंगे जो जर्मनी की संसद को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि चार्ल्स तृतीय दोनों यूरोपीय शक्तियों के संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लक्ष्य के साथ जर्मनी की यात्रा पर है। चार्ल्स (74) ब्रिटेन की राजगद्दी पर आसीन होने के बाद बुधवार को पहली विदेश यात्रा पर बर्लिन पहुंचे और उनके साथ रानी कैमिला भी है। जर्मनी के राष्ट्र प्रमुख राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टेनमीयर और लोगों की भीड़ ने राजधानी स्थित ऐतिहासिक ब्रांडेनबर्ग गेट पर उनका स्वागत किया। इसके बाद चार्ल्स तृतीय के सम्मान में राष्ट्रपति महल में शाही भोज का आयोजन किया गया। गौरतबल है कि यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद ब्रिटेन की सरकार यूरोप के साझेदारों के साथ संबंधो को नए सिरे से प्रगाढ़ बनाने की कोशिश कर रही है।

# पाक संसद ने प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती संबंधी विधेयक को मंजूरी दी

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान में** विपक्ष की आलोचना के बीच संसद के उच्च सदन सीनेट ने देश के प्रधान न्यायाधीश के स्वत: संज्ञान लेने और संवैधानिक पीठ गठित करने संबंधी अधिकारों में कटौती के लिए पेश विधेयक को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। कानून एवं न्याय मंत्री आजम नजीर तरार ने उच्चतम न्यायालय (कार्य एवं प्रक्रिया) विधेयक-2023 को बृहस्पतिवार को सीनेट में पेश किया। यह विधेयक एक दिन पहले ही नेशनल असेंबली में पारित हुआ था। इस विधेयक के पक्ष में 60 और विरोध में 19 मत पड़े। विधेयक को अब मंजूरी के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के पास भेजा जाएगा। अगर, राष्ट्रपति 10 दिन के अंदर विधेयक को अपनी मंजूरी नहीं देते हैं, तो माना जाएगा कि उन्होंने मंजूरी दे दी है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के खिलाफ उल्लंघन है क्योंकि उच्चतम न्यायालय से जुड़े मामलों में बदलाव संविधान संशोधन के जरिए किया जाना चाहिए और उसे दो तिहाई बहुमत से पारित कराया जाना चाहिए। पीटीआई के सीनेटर अली जफर ने बहस के दौरान कहा, आप उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था में साधारण बहुमत से कानून पारित कर बदलाव नहीं कर सकते हैं। उन्होंने विधेयक को मतदान से पहले संसद की संयुक्त समिति को भेजने की मांग की। हालांकि, उनकी चिंताओं को दरकिनार कर विधेयक को मंजूरी दे दी गई जिसके बाद यह विधेयक कानून बनने के एक कदम और करीब पहुंच गया और अब केवल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की जरूरत है। पीटीआई सीनेटरों ने विधेयक को पारित कराने के कदम का विरोध किया और अली जफर ने चेतावनी दी कि इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है और यह तय है कि शीर्ष अदालत इसे खारिज कर देगी। विधेयक में प्रावधान किया गया है कि उच्चतम न्यायालय में लंबित किसी भी मामले या अपील की सुनवाई और निस्तारण प्रधान न्यायाधीश एवं दो वरिष्ठतम न्यायमूर्तियों की समिति द्वारा तय पीठ करेगी। उच्चतम न्यायालय के स्वत: संज्ञान के मूल न्यायाधिकार क्षेत्र के बारे में विधेयक में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 184(3) से जुड़ा कोई भी मामला पहले संबंधित समिति के समक्ष रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि मौजूदा व्यवस्था में प्रधान न्यायाधीश स्वत: संज्ञान अधिकार पर फैसला लेते हैं और वही मामलों की सुनवाई के लिए विभिन्न पीठों का गठन करते हैं।

## बाजवा का दावा, पूर्व सेना प्रमुख ने तीन साल का विस्तार मांगा था

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ एक खबर को लेकर शुरू हुए राजनीतिक विवाद का फायदा उठाने की कोशिश की थी और खुद के लिए तीन साल का विस्तार मांगा था। स्थानीय मीडिया में बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक खबर में यह दावा किया गया है। खबर के अनुसार, 2013 से 2016 तक पाकिस्तान के सेना प्रमुख के रूप में सेवा देने वाले जनरल राहील शरीफ अपने पूर्ववर्ती अशफाक परवेज कयानी और उत्तराधिकारी बाजवा की तरह ही विस्तार पाने के इच्छुक थे। बाजवा के कार्यकाल के अंत में समाचार पत्र डॉन में एक खबर छपी थी, जिसमें दावा किया गया था कि सरकार ने सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ कार्वाई करने के लिए कहा है, वरना देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर दिया जाएगा।

# कारगर नहीं रही खातों को चिह्नित करने की टिक टॉक की योजना

**भाषा।** वाशिंगटन

एक साल पहले यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद, सोशल मीडिया मंच टिक टॉक ने रूस की सरकारी प्रचार एजेंसियों द्वारा संचालित खातों को चिह्नित करने की शुरुआत की थी, ताकि उपयोगकर्ताओं को यह बताया जा सके कि क्रेमलिन की गलत सूचना उन तक पहुंच सकती है। एक साल बाद के विश्लेषण से पता चलता है कि उस नीति को असंगत रूप से लागू किया गया और लाखों फॉलोवर वाले दर्जनों खातों की उपेक्षा की गई। उपयोग किए जाने के बाद भी, युद्ध के बारे में जनमत बनाने के अपने प्रयास के तहत टिक टॉक के शक्तिशाली एल्गोरिदम का उपयोग करने की रूसी क्षमता पर बहुत प्रभाव नहीं पड़ा। जर्मन मार्शल फंड द्वारा संचालित गैर-लाभकारी संगठन एलायंस फॉर सिक्योरिंग डेमोक्रेसी के शोधकर्ताओं ने करीब 80 टिक टॉक खातों की पहचान की। इन खातों का संचालन आरटी या स्पुतनिक जैसे रूसी सरकारी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा था। टिकटॉक द्वारा एक साल पहले खातों को चिह्नित करने की नीति की घोषणा के बावजूद, एक तिहाई से अधिक खातों की पहचान नहीं की गई। खातों के नाम के ठीक नीचे लिखा दिखता है -रूसी सरकार द्वारा नियंत्रित मीडिया। वहां क्लिक करने से अधिक जानकारी सामने आती है और लिखा मिलता है कि खाते की संपादकीय सामग्री पर सरकार का नियंत्रण है। चिह्नित खातों पर यह भी लिखा मिलता है कि इन खातों ने यूक्रेन पर रूसी हमले के साथ ही अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के बारे में रूस के गलत और भ्रामक दावों का प्रसार किया है।

### चीनी सरकार प्रायोजित हैकिंग समूह अब भी अत्यधिक सक्रिय: रिपोर्ट

**बैंकॉक।** अमेरिका सरकार के कंप्यूटरों पर हमलों से जुड़ा एक चीनी हैकिंग समूह अभी भी अत्यधिक सक्रिये है और ऐसे लक्ष्यो पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो रणनीतिक हित के हो सकते हैं। समूह संभवत: चीन सरकार द्वारा प्रायोजित है। एक निजी अमेरिकी साइबर सुरक्षा फर्म ने बृहस्पतिवार को एक नई रिपोर्ट मे यह बात कही।

# गर्भावस्था के दौरान कारोना वायरस से संक्रमित हुई मां के बच्चे में मोटापे का खतरा अधिक: अध्ययन

**भाषा।** वाशिंगटन

**गर्भावस्था के दौरान** कोरोना वायरस से संक्रमित हुईं महिलाओं के बच्चों में मोटापे की समस्या अधिक होने की आशंका है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिका में 2019 के बाद से कोविड-19 के 10 करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं और स्वास्थ्य पर इस संक्रमण के दीर्घकालिक असर के बारे में जानकारी सीमित है। बोस्टन स्थित मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक लिंडसे टी फोरमैन ने कहा, हमारे अध्ययन के निष्कर्ष में पता चला है कि गर्भ में ही कोरोना वायरस के संपर्क में आने वाले बच्चों में मोटापा, मधुमेह और हृदय संबंधी रोग का खतरा अधिक होता है। उन्होंने कहा, गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों पर कोविड-19 के असर को समझने के लिए अब भी काफी अनुसंधान किए जाने की जरूरत है। अनुसंधानकर्ताओं ने अध्ययन में उन 150 नवजात शिशुओं को शामिल किया जिनकी माताएं गर्भावस्था के दौरान कोविड-19 से ग्रसित थीं। इस तुलनात्मक अध्ययन में उन 130 बच्चों को भी शामिल किया गया, जो गर्भ में संक्रमण के संपर्क में नहीं आए थे। अध्ययन में पाया गया कि गर्भ में संक्रमण के संपर्क में आए शिशुओं में जन्म के समय अपेक्षाकृत वजन कम था, लेकिन एक साल में उनका वजन अपेक्षाकृत अधिक बढ़ा। यह अध्ययन एंडोक्राइन सोसाइटीज जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रायनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म में प्रकाशित हुआ है।

## नेपाल में शुक्रवार को हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल में** 10 दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन बृहस्पतिवार को सत्ता में साझेदारी को लेकर समझौते पर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहा, जिससे प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल के विस्तार में फिर देरी हुई। प्रधानमंत्री के प्रेस समन्वयक सूर्य किरण शर्मा ने कहा कि प्रचंड शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच मंत्रालयों के बंटवारे पर सहमति बनाने के लिए शीर्ष नेताओं ने यहां प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर बैठकें कीं। अधिकारियों ने कहा कि सत्ता में हिस्सेदारी और मंत्रालयों का वितरण सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच प्रमुख अड़चन बनी हुई है, क्योंकि मंत्रालयों की संख्या के मुकाबले दावेदार अधिक हैं।

# भारत के साथ मिलकर देश में संयुक्त रूप से सौर बिजली संयंत्र का निर्माण करेगा श्रीलंका

**भाषा।** कोलंबो



**नवीकरणीय** ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ मिलकर श्रीलंका देश के पूर्वी बंदरगाह जिले त्रिंकोमाली में संयुक्त रूप से दो चरण में 135 मेगावाट सौर बिजली संयंत्र का निर्माण करेगा। श्रीलंका की कैबिनेट ने इस परियोजना के लिए मंजूरी दी है क्योंकि देश ने 2030 तक अपनी बिजली की जरूरत का 70 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इस सप्ताह हुई कैबिनेट की बैठक को लेकर जारी नोट में कहा गया है, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने दो चरणों में एक सौर बिजली परियोजना को संयुक्त रूप से लागू करने के संबंध में एक समझौता किया है। इस परियोजना के पहले चरण में कुल 4.25 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से 50 मेगावाट की सौर बिजली परियोजना को लागू किए जाने और 2.36 करोड़ अमेरिकी डॉलर के खर्च से सम्पूर से कप्पलथुरे तक 40 किलोमीटर लंबी 220 किलोवाट पारेषण लाइन के निर्माण की संभावना है। उम्मीद है कि यह चरण 2024 से 2025 के बीच दो साल में पूरा हो जाएगा। नोट में कहा गया है कि इस परियोजना के दूसरे चरण में कुल 7.20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से अतिरिक्त 85 मेगावाट के साथ एक सौर बिजली संयंत्र के निर्माण की संभावना है।

# मस्तिष्क में भी होते हैं रक्त आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे

## ● न्यूरॉन्स करते है मनमानी

**भाषा।** नैशविल (अमेरिका)



**न्यूरोसाइंटिस्ट्स** ने लंबे समय से माना है कि न्यूरॉन्स लालची, भूखी इकाइयां हैं जो अधिक सक्रिय होने पर अधिक ऊर्जा की मांग करती हैं, और परिसंचरण तंत्र उनकी गतिविधि के लिए उनकी जरूरत के अनुसार आवश्यक रक्त प्रदान करके अनुपालन करता है। दरअसल, जैसे-जैसे किसी कार्य के जवाब में न्यूरोनल गतिविधि बढ़ती है, मस्तिष्क के उस हिस्से में रक्त का प्रवाह ऊर्जा के उपयोग की दर से भी अधिक बढ़ जाता है, जिससे अधिशेष हो जाता है। यह वृद्धि सामान्य कार्यात्मक इमेजिंग तकनीक का आधार है जो मस्तिष्क गतिविधि के रंगीन मानचित्र बनाती है। वैज्ञानिक रक्त प्रवाह और ऊर्जा की मांग में इस स्पष्ट बेमेल की व्याख्या यह दिखाने के लिए करते थे कि मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। एक गैर-सीमित आपूर्ति का विचार इस अवलोकन पर आधारित था कि मस्तिष्क के प्रत्एक भाग को वितरित ऑक्सीजन का लगभग 40 प्रतिशत ही उपयोग किया जाता है - और यह प्रतिशत वास्तव में कम हो जाता है जब मस्तिष्क के हिस्से अधिक सक्रिय हो जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मस्तिष्क ने रक्त प्रवाह में जरूरत से ज्यादा वृद्धि की इस प्रवृति का विकास यह सुनिश्चित करने के लिए किया कि उसे हर समय पर्याप्त ऑक्सीजन वितरण सुनिश्चित हो सके। लेकिन क्या मस्तिष्क में रक्त वितरण वास्तव में मांग आधारित प्रणाली का समर्थन करता है? एक न्यूरोसाइंटिस्ट के रूप में, मैंने पहले दिमाग के बारे में सबसे बुनियादी तथ्यों के बारे में कई अन्य धारणाओं की जांच की थी और पाया कि वे सही नहीं थे। कुछ की बात करें तो: मानव मस्तिष्क में 100 अरब न्यूरॉन्स नहीं होते हैं, हालांकि उनके पास किसी भी प्रजाति के सबसे कॉर्टिकल न्यूरॉन्स होते हैंअ सेरेब्रल कॉर्टेक्स के तह की डिग्री इंगित नहीं करती है कि कितने न्यूरॉन्स मौजूद हैंअ और वह बड़े जानवर नहीं होते हैं जो लंबे समय तक जीवित रहते हैं, बल्कि वह होते हैं, जिनके कोर्टेक्स में अधिक न्यूरॉन्स होते हैं। मेरा मानना है कि यह पता लगाना कि मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति क्या निर्धारित करती है, यह समझने के लिए आवश्यक है कि दिमाग स्वास्थ्य और बीमारी में कैसे काम करता है।

### राजमार्ग या नदियों के रूप में संसाधन

लेकिन मै कैसे परीक्षण कर सकता हू कि मस्तिष्क मे रक्त प्रवाह वास्तव मे मांग आधारित है या नही? मेरे फ्रीजर संरक्षित, मृत दिमाग से भरे हुए थे। आप उस मस्तिष्क मे ऊर्जा उपयोग का अध्ययन कैसे करेंगे, जो अब ऊर्जा का उपयोग नही कर रहा है? सौभाग्य से, मस्तिष्क उन धमनियो के पैटर्न के माध्यम से अपनी ऊर्जा के उपयोग के निशान पीछे छोड़ देता है जो उसे रक्त वितरित करती है। मुझे लगा कि मै केशिकाओ के घनत्व को देख सकता हू - पतली, एक-कोशिका-चौड़ी वाहिकाएं जो मस्तिष्क और रक्त के बीच गैसो, ग्लूकोज और मेटाबोलाइट्स को स्थानांतरित करती है। ए केशिका नेटवर्क मेरे फ्रीजर के दिमागो मे संरक्षित रहेंगे। मांग आधारित मस्तिष्क की तुलना सड़क व्यवस्था से की जानी चाहिए। यदि धमनियां और नसे प्रमुख राजमार्ग है जो मस्तिष्क के विशिष्ट भागो के शहर मे माल ले जाती है।


**सूचना**

उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्द्धित कर नियम 56 के उपनियम (9) के अन्तर्गत सूचनायें देते हुए हम नाथ ब्रदर्स एग्जिम इन्टरनेशनल लि. (CIN: U52110DL1971PLC005626) (TIN: 09765900191) सी-51, सेक्टर-57, नोएडा, निम्नलिखित सूची में खो गये हैं। आयात घोषणा पत्र फार्म 38 (पुराना फार्म 31) जिसकी कुल संख्या 158, के विवरण निम्नवत प्रकाशित करते हैं:-

| S. No. | Form 38 No | S. No. | Form 38 No |
|---|---|---|---|
| 1. | 0068453 | 35. | 4164704 |
| 2. | 1644458 | 36. | 4164705 |
| 3. | 2870084 | 37. | 3540105 |
| 4. | 2870098 | 38. | 3540120 |
| 5. | 0158513 | 39. | 574844 |
| 6. | 0158515 | 40. | 2912905 |
| 7. | 0158601 | 41. | 3540071 |
| 8. | 0158641 | 42. | 5688594 |
| 9. | 0158686 | 43. | 5688597 |
| 10. | 1813902 | 44. | 5688605 |
| 11. | 1813903 | 45. | 5689346 |
| 12. | 1813904 | 46. | 5689350 |
| 13. | 1813910 | 47. | 5689361 |
| 14. | 1813926 | 48. | 6083819 |
| 15. | 1813929 | 49. | 6083845 |
| 16. | 1813953 | 50. | 6083871 |
| 17. | 0222065 | 51. | 6083873 |
| 18. | 0222088 | 52. | 6083874 |
| 19. | 1857414 | 53. | 6083877 |
| 20. | 1857468 | 54. | 6083878 |
| 21. | 1857475 | 55. | 6083939 |
| 22. | 1857480 | 56. | 8588826 |
| 23. | 1857492 | 57. | 8727598 |
| 24. | 1857505 | 58. | 8727554 |
| 25. | 1727925 | 59. | 2429258 |
| 26. | 1727948 | 60. | 2429263 |
| 27. | 1910822 | 61. | 2429266 |
| 28. | 4164589 | 62. | 2429267 |
| 29. | 4164601 | 63. | 2429275 |
| 30. | 4164613 | 64. | 2429277 |
| 31. | 4164645 | 65. | 2429281 |
| 32. | 4164648 | 66. | 2429290 |
| 33. | 4164686 | 67. | 2429306 |
| 34. | 4164687 | 68. | 2429307 |

| S. No. | FORM 38 No |
|---|---|
| 69. | 18014301287242 |
| 70. | 18012900058015 |
| 71. | 18016500362447 |
| 72. | 18016600362443 |
| 73. | 18016400712967 |
| 74. | 18014900828567 |
| 75. | 18011600862020 |
| 76. | 18017400943800 |
| 77. | 18019801368254 |
| 78. | 18011501454213 |
| 79. | 18013001454211 |
| 80. | 18017601818398 |
| 81. | 18013701960021 |
| 82. | 18019401960022 |
| 83. | 18011402060966 |
| 84. | 18011902060968 |
| 85. | 18013502060960 |
| 86. | 18017202060965 |
| 87. | 18018002060963 |
| 88. | 18011102179920 |
| 89. | 18011102179929 |
| 90. | 18012902179921 |
| 91. | 18014002179928 |
| 92. | 18014602179925 |
| 93. | 18014802179922 |
| 94. | 18016202179924 |
| 95. | 18017502179923 |
| 96. | 18018502179926 |
| 97. | 18019302179927 |
| 98. | 18011902060968 |
| 99. | 18011102179929 |
| 100. | 18019302179927 |
| 101. | 18019202042319 |
| 102. | 18016302307888 |
| 103. | 18017902307887 |
| 104. | 18018902418094 |
| 105. | 18014801964917 |
| 106. | 18017600626803 |
| 107. | 18011100352737 |
| 108. | 2013-2014/18011200030574 |
| 109. | 2013-2014/18011300030576 |
| 110. | 2013-2014/18011400030573 |
| 111. | 2013-2014/18011800030572 |
| 112. | 2013-2014/18017400030575 |
| 113. | 2013-2014/18012000086089 |
| 114. | 2013-2014/18018200116498 |
| 115. | 2013-2014/18013100439143 |
| 116. | 2013-2014/18014800840420 |
| 117. | 2013-2014/18014900890368 |
| 118. | 2013-2014/18017301075937 |
| 119. | 2013-2014/18011301262821 |
| 120. | 2013-2014/18012001262813 |
| 121. | 2013-2014/18013101262818 |
| 122. | 2013-2014/18014101262814 |
| 123. | 2013-2014/18015101262815 |
| 124. | 2013-2014/18016801262820 |
| 125. | 2013-2014/18017701262812 |
| 126. | 2013-2014/18018501262817 |
| 127. | 2013-2014/18018601262816 |
| 128. | 2013-2014/18019401262819 |
| 129. | 2013-2014/18013901366898 |
| 130. | 2013-2014/18012301404995 |
| 131. | 2013-2014/18016101614845 |
| 132. | 2013-2014/18018201854700 |
| 133. | 2013-2014/18012901906875 |
| 134. | 2013-2014/18011100021640 |
| 135. | 2013-2014/18011200021636 |
| 136. | 2013-2014/18011700021638 |
| 137. | 2013-2014/18014000021632 |
| 138. | 2013-2014/18015000021634 |
| 139. | 2013-2014/18015800021639 |
| 140. | 2013-2014/18017200021637 |
| 141. | 2013-2014/18017400021641 |
| 142. | 2013-2014/18017700021635 |
| 143. | 2013-2014/18018700021633 |
| 144. | 2013-2014/18011202319629 |
| 145. | 2013-2014/18012102319631 |
| 146. | 2013-2014/18014202319628 |
| 147. | 2013-2014/18019802319630 |
| 148. | 2013-2014/18019102475536 |
| 149. | 2013-2014/18014102812394 |
| 150. | 2013-2014/18018602812393 |
| 151. | 2013-2014/18011402952581 |
| 152. | 2013-2014/18019500116496 |
| 153. | 2013-2014/18011200281060 |
| 154. | 2014-15/18019700220527 |
| 155. | 2014-15/18016000397313 |
| 156. | 2014-15/18014400499184 |
| 157. | 2014-15/18016400499183 |
| 158. | 2014-15/18019700499185 |

**Public Notice**

This is to inform general public that Smt. Raj Wanti has acquired the Left Side Portion Third Floor With Roof Rights "said Floor" area measuring 50 Sq. Yds., Out of Total area measuring 100 Sq. Yds., Built- on Plot No. B-461, Ahata No. 47, Out of Khasra No. 630 Situated in the area of Village- Basai Darapur Colony Known as Sudershan Park Extension, New Delhi- 110015 vide Relinquishment Deed dated 06.10.2022, Doc no. 12742. Now, Smt. Rajwanti is intending to sell above said property to Mr. Rahul Kumar and further Mr. Rahul Kumar is mortgaging the above said property with RBL Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of our client RBL Bank Ltd. that (1) Mr. Ashok Kumar, (2) Mrs. Kanika Chadha, (3) Mrs. Seema Sachdeva, (4) Mrs. Rajshri Vinayak, (5) Mr. Anupam Mathur, (6) Mr. Shyam Arora are the joint owners of Property Bearing no. 30/17, area measuring 100 Sq. Yds., Situated at West Patel Nagar, New Delhi "the said property", by virtue of various sale deeds executed in the years of 2021-2022. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell Second floor without roof rights, of the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from our client, if anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / sale and mortgage, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

This is to bring to the notice of general public that I, Ashok Anand S/o Late Shri Dharam Pal Anand R/o House No.K-32, Lajpat Nagar II, South Delhi, New Delhi-110024 have Lost Original Share Certificates of Hindustan Unilever Ltd bearing folio No. HLL2802445. That I, Ashok Anand is the Legal Successor of Late Shri Dharam Pal Anand, would like to Claim the 190 number of shares under the above said folio held with the Company.

**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**

आंचल AANCHAL

किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552 ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक : C-107/निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 30 मार्च, 2023

**ई-प्रोक्योरमैन्ट नोटिस**

**निविदा सूचना संख्या-24 Raw Material/Bhusa/2022-23, Date - 31/03/2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा के द्वारा Two Bid System के अन्तर्गत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल एवं काम्पैक्ट फीड ब्लाक हेतु भूसा आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक **15/04/2023** के सांय **05.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक **17/04/2023** की प्रातः **11.00** बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पड़ाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

तालिका क्रम संख्या 01

| क्र0 सं0 | विवरण | कुल मात्रा | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क GST सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डी0ओ0एम0सी0 | 2650 मै0टन | 12,45,000.00 | 4720.00 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 02 | एम0ओ0सी0 | 700 मै0टन | 3,97,000.00 | 4720.00 | |
| 03 | मक्का | 600 मै0टन | 2,70,000.00 | 4720.00 | |
| 04 | नमक | 300 मै0टन | 33,500.00 | 1770.00 | |
| 05 | कैलासाईट पाउडर | 250 मै0टन | 26,500.00 | 1180.00 | |
| 06 | एस.आर.एन.(slow-release-non-Protein nitrogen 23%) | 320 मै0टन | 1,57,000.00 | 4720.00 | |
| 07 | भूसा (भण्डारण) माह अप्रैल, मई में | 8000 कु0 | 2,06,600.00 | 4720.00 | |
| 08 | भूसा प्रतिमाह उत्पादन हेतु | 10000 कु0 | 2,72,800.00 | 4720.00 | |

नोट- निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एवं प्रस्तुतीकरण का तरीका-


निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। ई-निविदा वेबसाइट पर दिनांक **01/04/2023** की अपरान्ह **02.00** बजे से उपलब्ध रहेगी।

सामान्य प्रबन्धक

# भारत की सीमाएं पूर्णतः सुरक्षित : राजनाथ

## ● सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकियों की कमर टूट गई

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और भारत द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवादियों की कमर तोड़ दी है। सिंह ने यहां आयोजित एक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि चीन के साथ गतिरोध हो या पाकिस्तान का कोई नापाक इरादा भारतीय सशस्त्र बल उचित जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद जैसे मुद्दों पर विश्व का नेतृत्व किया है और इस समस्या के सफाए के लिए समर्थन जुटाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा, ैहमारी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। चाहे चीन के साथ गतिरोध हो या पाकिस्तान के नापाक इरादे, जरूरत पड़ने पर, हमारे सशस्त्र बल उचित जवाब देते रहे हैं। सिंह ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकियों की कमर तोड़ दी है। विश्व को सख्त एवं स्पष्ट संदेश गया है कि भारत के पास सामर्थ्य है और वह अपनी धरती पर (आतंकवाद के खिलाफ) हमला कर सकता है और जरूरत पड़ने पर उनकी (विदेशी) जमीन पर भी हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने जोर देकर कहा कहा कि जो देश आतंकवाद को एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, वे इस तथ्य से भलीभांति वाकिफ हैं कि भारत कभी किसी को अनावश्यक रूप से नुकसान नहीं पहुंचाता है और न ही वह किसी को छोड़ता है जो उसकी एकता, अखंडता और संप्रभुता को चोट पहुंचाने की कोशिश करता है। वह एक प्रमुख टेलीविजन मीडिया नेटवर्क द्वारा आयोजित इंडिया राइजिंग कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, यह बढ़ते भारत पर एक कॉन्क्लेव है, और, बढ़ते भारत के विचार को अलग-अलग लोगों ने अलग-अलग तरीके से वर्णित किया है। कुछ अर्थशास्त्री इसे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर देखते हैं, जबकि कुछ समाजशास्त्री इसे सामाजिक जीवन में बेहतरी बताते हैं। कुछ राजनीति वैज्ञानिक इसे देश में राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती बताते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके विपरीत बोलने वाले भी कुछ लोग सक्रिय हैं, और उनके लिए, भारत में लोकतंत्र खत्म होता दिख रहा है लेकिन ऐसे लोग बहुत कम हैं। सिंह ने कहा कि सुरक्षित सीमाओं और आत्मनिर्भरता के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था और बदलती वैश्विक छवि के बीच भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ैसबसे मजबूत देशों में से एक के रूप में सामने आया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में संविधान की धारा 370 हटाए जाने को सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का एक और उदाहरण बताया और कहा कि इस फैसले के कारण केंद्र शासित प्रदेश में शांति और प्रगति के एक नए युग की शुरुआत हुई है। इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। यात्रा बिना किसी परेशानी के कश्मीर से गुजर गई। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की दृष्टि को आगे बढ़ा रही है, जिनके नेतृत्व में 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया गया था। उन्होंने कहा, आज हम अपनी धरती पर मिसाइलें, टैंक, हथियार और गोला-बारूद बना रहे हैं। यह भी एक मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का नतीजा है। सिंह ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि सुंदरता और प्राकृतिक संसाधनों से भरा वह क्षेत्र देश के दिल से अच्छी तरह से जुड़ा हो। सिंह ने कहा कि केंद्र के प्रयासों से पूर्वोत्तर क्षेत्र दिल्ली और लोगों के दिल के करीब आ गया है।

# बम विस्फोट मामले में उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार को अपील करनी चाहिए: पायलट

**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को कहा कि जयपुर में सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में चार आरोपियों को उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाना गंभीर मुद्दा है और राजस्थान सरकार को इसके खिलाफ अपील करनी चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मामले की जांच के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच की जानी चाहिए। पायलट ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ा विषय है, इसकी जांच होनी चाहिएअ जो भी सम्बद्ध विभाग है उसकी जांच होनी चाहिए व जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए। सरकार को तुरंत अपील करनी चाहिए ताकि प्रभावित लोगों को न्याय मिले। राजस्थान उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में निचली अदालत का फैसला पलटते हुए उन चार आरोपियों को बरी कर दिया जिन्हें विशेष अदालत ने 2019 में फांसी की सजा सुनाई थी। खराब जांच के लिए भी जांच एजेंसी को फटकार लगाई। सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने पर पायलट ने जयपुर में संवाददाताओं से कहा, इतनी फुर्ती से काम करने की जो मंशा दिख रही है, उसमें मुझे कहीं न कहीं राजनीतिक एजेंडा नजर आता है। (अदालत का) फैसला आना, (राहुल गांधी को) लोकसभा से निकाल देना और (सरकारी) मकान खाली करवाना... ए सभी राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से भरे हुए कदम नजर आते हैं। पायलट ने उदाहरण पेश करने की कोशिश की गई है कि भारत सरकार के खिलाफ जो भी आवाज बुलंद करेगा, संसद में बोलने की कोशिश करेगा, उसे दबाया जाएगा। राहुल गांधी अडाणी मुद्दे को लेकर जितने मुखर रूप से बोल रहे हैं... उसे देखते हुए लगता है कि सरकार उनकी आवाज दबाना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने पहली बार देखा है कि केंद्र सरकार ने बिना चर्चा के 45 लाख करोड़ रुपए का बजट पारित करवा दिया। सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्य सदन को चलने नहीं दे रहे हैं, क्योंकि वे चर्चा चाहते ही नहीं हैं। वे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) चाहते ही नहीं हैं। मुझे लगता है कि ए जो पूरा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है, वह देश के लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा सवाल है और जनता इस बात को समझ रही है। स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक के खिलाफ निजी चिकित्सकों के आंदोलन पर पायलट ने कहा कि किसी भी पक्ष को अड़ियल रवैया नहीं अपनाना चाहिए। मुझे लगता है कि सरकार की मंशा सही हो सकती है कि हम सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य पर खरे उतरें। लेकिन आज जो हालात बने हैं, उसमें मुझे लगता है कि सरकार को हड़ताली चिकित्सा कर्मियों की बात सुनकर कहीं न कहीं ऐसा रास्ता भी निकालना चाहिए कि आम जनता प्रभावित न हो।

# कुछ अल्पसंख्यक समूहों ने समलैंगिक विवाह का विरोध किया

**नई दिल्ली।** कुछ अल्पसंख्यक समूहों ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर समलैंगिक विवाह का विरोध जताने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का हवाला दिया है। इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय सुनवाई कर रहा है। एक अन्य निकाय कम्युनियन ऑफ चर्च इन इंडिया ने भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे एक पत्र में इसी तरह के विचार व्यक्त किए हैं। केंद्र ने भी उच्चतम न्यायालय में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा है कि यह पर्सनल लॉ और स्वीकृत सामाजिक मूल्यों के नाजुक संतुलन को तहस-नहस करने के साथ पूर्ण विनाश का कारण बनेगा। चिश्ती फाउंडेशन, अजमेर के सैयद सलमान चिश्ती ने प्रधान न्यायाधीश को अपनी चिंताओं और आपत्तियों से अवगत कराया है, जिसमें दावा किया गया है कि समलैंगिक विवाह के लिए कोई भी कानूनी मान्यता भारत के धार्मिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों के प्रतिकूल होगी तथा पर्सनल लॉ और स्वीकृत सामाजिक मूल्यों के नाजुक संतुलन को प्रभावित करेगी। कम्युनियन ऑफ चर्च इन इंडिया के प्रकाश पी थॉमस ने ऐसी याचिका पर हैरानी जताई। राष्ट्रपति से विवाह पर यथास्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए दावा किया कि ईसाई मान्यताओं के अनुसार, विवाह ईश्वर द्वारा बनाई गई एक पवित्र संस्था है और दो समलैंगिकों के मिलन को विवाह के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जैन गुरु आचार्य लोकेश ने कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी भारत के प्राचीन मूल्यों पर आधारित समाज के मूल्यों के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में, विशेष रूप से जैनियों के बीच, विवाह वंश के विस्तार के लिए आधार है। पसमांदा (पिछड़े) मुस्लिम समूह के परवेज हनीफ ने भी इन समूहों के समान विचार व्यक्त किए हैं।

## पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान सेना के दो जवानों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान हुई दुर्घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। पूर्वी कमान के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार को असॉल्ट रिवर क्रासिंग अभ्यास के दौरान हुई। इस दौरान बैरकपुर के अधिसूचित प्रशिक्षण क्षेत्र सरोबर झील में एक रस्सी टूट गई और तीन जवान पानी में गिर गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक को बचा लिया गया। मृतकों में नगालैंड के निवासी नायक लेंगखोलाल और मिजोरम के सिपाही एल्ड्रिन हमिंगथनजुआला शामिल हैं। पूर्वी कमान ने ट्वीट किया, सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता और सभी सैन्यकर्मियों ने बैरकपपुर में असॉल्ट रिवर क्रॉसिंग अभ्यास के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले नायक लेंगखोलाल और सिपाही एल्ड्रिन हमिंगथनजुआला को श्रद्धांजलि अर्पित की।



बंगलुरू में रामनवमी के अवसर पर श्रीराम और हनुमान बनकर लोगों को प्रसाद वितरण करते हुए कलाकार।

## क्विक न्यूज

### बिहार में मिला महत्वपूर्ण खनिजों का भंडार, खनन अधिकारों ने की नीलामी की तैयारी

**पटना।** बिहार सरकार राज्य के विभिन्न गैर-वन क्षेत्रों में मिले चूना पत्थर, वैनेडियम युक्त मैग्नेटाइट इल्मेनाइट, मैग्नेटाइट और ग्लूकोनाइट जैसे खनिजों की नीलामी करने की तैयारी कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, गया में पातालगंगा, रोहतास जिले के कुछ हिस्सों और जमुई जिले के मजोस के पास अन्वेषण में लाखों टन खनिज भंडार की मौजूदगी का पता चला है। पीटीआई-भाषा ने भी यह आधिकारिक दस्तावेज देखे हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं खान संबंधी मामलों की आयुक्त हरजोत कौर बमराह ने पीटीआई-भाषा से कहा, राज्य सरकार नीलामी के लिए लेन-देन सलाहकार के रूप में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स (एसबीआईकैप्स) के साथ काम करेगी और उन नियमों तथा शर्तों का भी सुझाव देगी जिनके आधार पर नीलामी की जा सकती है। निस्संदेह, राज्य के गैर-वन क्षेत्रों में ऐसे महत्वपूर्ण खनिजों की खोज अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अन्वेषण गतिविधियों को शुरू करने से पहले संबंधित अधिकारियों से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि ए भंडार वन क्षेत्रों में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, खान एवं भूविज्ञान विभाग ने जमुई जिले में 6,000 करोड़ रुपए के लौह अयस्क की नीलामी करने का फैसला भी किया है।

### रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं को मिली नई सौगात

**नई दिल्ली।** स्टार्ट अप ऐप्स फॉर भारत द्वारा धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए लॉन्च किया गया भारत का पहला ऐप, मंदिर राम नवमी की तैयारी में जुटा है। यह ऐप विभिन्न धार्मिक प्रथाओं और परंपराओं पर सत्यापित और गहन जानकारी देने वाले एक आस्था-प्रवर्तक के रूप में काम करेगा। देश भर में एक करोड़ से भी अधिक उपभोगकर्ताओं की सुविधा के लिए इस ऐप को बहुभाषी बनाया गया है जिसमें हिंदी गुजराती, मराठी, भोजपुरी, हरियाणवी और राजस्थानी जैसी कई भाषाएँ शामिल है। राम नवमी भारत के प्रमुख त्याहारों में से एक है, कंपनी अपने ऐप पर लाइव दर्शन समेत कई और कार्यक्रम भी चला रही है जिसमें अयोध्या राम मंदिर और राम परिवार की पूजा के बारे में शुरू से अंत तक जानकारी दी जाएगी। देश के विभिन्न स्थानों पर राम नवमी का त्यौहार कैसे मनाया जा रहा है, यह भी एक न्यूज़ के फॉर्मेट में दिखाया जाएगा। इतना ही नहीं इस ऐप पर भगवान श्रीराम से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध होंगी। साथ ही भक्तों के लिए भजनए कीर्तन, राम,कृष्ण स्तोत्र तथा समय-समय पर रामायण का पाठ भी किया जाएगा।

### भाजपा विधायक राजा सिंह पर भाषण देने का मामला दर्ज

मुंबई। तेलंगाना से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक टी राजा सिंह के खिलाफ 29 जनवरी को मुंबई में एक रैली में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दादर थाने के अधिकारी ने बताया कि शिवाजी पार्क और लेबर बोर्ड कार्यालय के बीच हिंदू सकल समाज द्वारा आयोजित रैली में सिंह के भाषण की जांच के बाद चार दिन पहले मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में गोशामहल से विधायक सिंह पर रैली में एक समुदाय के खिलाफ भड़काऊ बयान देने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (1) (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। रैली का आयोजन हिंदू समुदाय, विशेषकर महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए किया गया था।

### एनिमल एम्बुलेंस से जानवरों को मिलेगा सहारा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश सरकार और ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड के बीच एक सार्वजनिक निजी साझेदारी में अत्याधुनिक मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स को लॉन्च करके पशु कल्याण की ओर एक कदम बढ़ाया है। ये यूनिट्स टोल फ्री नंबर 1962 के तहत संचालित होंगी। जो पूरे भारत के जिलों में पशुओं को शीघ्र और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सकीय देखभाल प्रदान करेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 जिले शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के पशु पालन विभाग की इस नायाब पहल के तहत कुल 92 मोबाइल वेटरनरी यूनिट पालतू और आवारा पशुओं, चिड़ियाओं और अन्य प्राणियों को चिकित्सकीय सेवा प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सांसद प्रदीप चौधरी, सीवीओ, एसएसपी और डीएम ने इवेंट को संबोधित किया।

### केंद्र ने आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारियों से उनके शेयरों में लेनदेन का विवरण मांगा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों से कहा है कि यदि किसी कैलेंडर साल में उनका शेयर बाजार, शेयर या अन्य निवेश में कुल लेनदेन छह महीने के मूल वेतन से अधिक है तो वे इसकी जानकारी मुहैया कराएं। यह जानकारी अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमावली, 1968 के नियम 16(4) के तहत उनके द्वारा दी जाने वाली इसी प्रकार की सूचनाओं से अतिरिक्त होगी।

## केंद्र के खिलाफ रातभर धरने पर बैठीं ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शहर के बीचों-बीच स्थित रेड रोड पर डॉ. बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने टीएमसी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को रातभर धरने पर बैठी रहीं। ममता पश्चिम बंगाल के प्रति केंद्र के कथित भेदभावपूर्ण रवैए के विरोध में कोलकाता में बुधवार से दो दिवसीय धरने पर बैठी हैं। बुधवार को अपने रुख में बदलाव करते हुए सभी राजनीतिक दलों से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा से लड़ने का आग्रह किया था। इससे पहले, ममता ने कांग्रेस एवं भाजपा दोनों से समान दूरी बनाए रखने का फैसला किया था, लेकिन बुधवार का उनका बयान उनके पुराने रुख से अलग है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो के साथ फरहाद हकीम और अरूप बिस्वास सहित पार्टी के कई नेता धरने में शामिल हुए। ममता का 30 घंटे का यह धरना प्रदर्शन संभवतः बृहस्पतिवार को शाम करीब सात बजे समाप्त होगा।

# पुलिस ने अमृतपाल की तलाश के लिए होशियारपुर के गांव में ड्रोन तैनात किया

**होशियारपुर।** पंजाब पुलिस ने अलगाववादी अमृतपाल सिंह को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत होशियारपुर जिले के एक गांव में बृहस्पतिवार को ड्रोन तैनात किया जहां दो दिन पहले कुछ संदिग्धों ने पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के बाद अपनी कार छोड़ दी थी। सूत्रों के मुताबिक मरनैन गांव और उसके आस-पास तैनात पुलिसकर्मी भी कट्टरपंथी अमृतपाल की तलाश में वाहनों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने इलाके में अपना तलाशी अभियान फिर से शुरू किया और गांव में एक ड्रोन तैनात किया। इस पर पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। मरनैन गांव और उसके आस-पास अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को भी तैनात किया गया है। इससे पहले, पंजाब पुलिस ने होशियारपुर के इस गांव और उसके आस-पास के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया था। पुलिस को यह खुफिया जानकारी मिली थी कि सिंह और उसके सहयोगी इलाके में हो सकते हैं। होशियारपुर की यह कार्रवाई तब शुरू हुई जब पुलिस ने मंगलवार रात एक कार का पीछा किया, जिसके बारे में कुछ सूत्रों ने कहा कि उस कार में अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के होने की आशंका है। वे लोग वाहन को गांव में छोड़कर गायब हो गए। पुलिस ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान भी चलाया है लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। अमृतपाल और उसके सहयोगियों ने एक गिरफ्तार व्यक्ति की रिहाई की मांग को लेकर अमृतसर के निकट अजनाला थाने पर धावा बोल दिया था। इस घटना के करीब तीन सप्ताह बाद 18 मार्च को पुलिस ने उसके और उसके खालिस्तान समर्थक वारिस पंजाब दे संगठन के सदस्यों के खिलाफ कार्वाई शुरू की थी। अमृतपाल उसके बाद से फरार है। वह 18 मार्च को जालंधर जिले से भाग निकला था। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें कथित तौर पर वह अलग-अलग इलाकों में दिखा है। इस बीच एक नवीनतम वीडियो में, अमृतपाल सिंह अकाल तख्त के जत्थेदार से सरबत खालसा (सिख समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक सम्मेलन)आयोजित करने का आग्रह करता दिख रहा है। अमृतपाल ने समुदाय के सदस्यों से बड़ी संख्या में इसमें हिस्सा लेने को कहा। उसने अपनी अपील में कहा, अगर हमें नौजवानों और पंजाब को बचाना है तो हमें सरबत खालसा का हिस्सा बनना चाहिए। हम जानते हैं कि हम किस रास्ते पर चल रहे हैं, हमें इन सबका सामना करना होगा। इसके खिलाफ आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।

# द्रमुक ने चेन्नई में सामाजिक न्याय के विषय पर विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा के लिए सोमवार को चेन्नई में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि बैठक में कांग्रेस समेत करीब 20 विपक्षी दलों के नेता चेन्नई में प्रत्यक्ष रूप से या ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। बैठक में भारत में सामाजिक न्याय को आगे ले जाना विषय पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में भाग लेने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. केशव राव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता सीताराम एचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता डी राजा, आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के डेरेक ओ ब्रायन ने सहमति दे दी है।

बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के ए सुरेश के भी इसमें भाग लेने की संभावना है। वाईएसआर कांग्रेस और बीजद पहली बार इस तरह की बैठक में शामिल होंगे। हालांकि दोनों दलों ने द्रमुक को अपनी भागीदारी की पुष्टि अभी नहीं की है। हालांकि, विपक्षी नेताओं ने कहा कि बीजद और वाईएसआर कांग्रेस नेताओं के बैठक में भाग लेने की संभावना है क्योंकि यह केवल विपक्षी दलों की राजनीतिक बैठक नहीं है बल्कि सामाजिक मुद्दे पर चर्चा के लिए बुलाई गई है। हाल में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद नेता नवीन पटनायक से मुलाकात की थी। विपक्षी नेताओं ने यह भी कहा कि जहां पार्टियों ने उपस्थिति की पुष्टि की है, वहीं उनके प्रतिनिधियों के नाम पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

# राजनीतिक विवाद के बीच एफएसएसएआई ने दही पर क्षेत्रीय नामों के लेबल की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं नियामक प्राधिकरण ने बृहस्पतिवार को अपने आदेश में संशोधन किया तथा तमिलनाडु और कर्नाटक में राजनीतिक विवाद के बीच दही के पैकेट के मुद्रित लेबल में क्षेत्रीय नामों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी। एफएसएसएआई ने बयान में कहा, खाद्य कारोबार परिचालकों (एफबीओ) को अब लेबल पर कोष्ठकों में किसी अन्य प्रचलित क्षेत्रीय सामान्य नाम के साथ दही शब्द का उपयोग करने की अनुमति है। उदाहरण के लिए, हिन्दी में दही या कन्नड़ में दही (मोसरू), तमिल में दही (थायिर), तेलुगू में दही (पेरुगु),(ज़ामुतदौद) का उपयोग किया जा सकता है। किण्वित (फर्मेन्टेड) दुग्ध उत्पादों के मानकों से दही शब्द को हटाने पर हाल ही में प्राप्त विभिन्न अभ्यावेदन के बाद आदेश को संशोधित किया गया है और केवल दही शब्द का उल्लेख किया गया है।

एफएसएसएआई ने कहा, किण्वित दुग्ध उत्पादों के मानकों से दही शब्द को हटाने पर हाल ही में कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। यह निर्णय लिया गया है कि एफबीओ किसी अन्य पदनाम (प्रचलित क्षेत्रीय सामान्य नाम) के साथ लेबल पर कोष्ठक में दही शब्द का उपयोग कर सकते हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु में स्थित दुग्ध सहकारी समितियों और निजी डेयरी को जारी किए गए 10 मार्च के अपने निर्देश में, एफएसएसएआई ने कोष्ठक में प्रचलित क्षेत्रीय नामों के साथ दही शब्द का उपयोग करने के लिए कहा था। उन्हें उत्पाद की लेबलिंग करते समय दही के लिए विभिन्न राज्यों में इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रीय नामकरण का उपयोग करने के लिए कहा गया, जैसे दही (दही), दही (मोसरू), दही (ज़ामुतदौद), दही (थाईर), दही (पेरुगु)। यह निर्देश कर्नाटक कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स फेडरेशन (केएमएफ), बेंगलुरु रूरल एंड रामनगर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड, तमिलनाडु कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स फेडरेशन और हैटसन एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड को जारी किया गया था। विवाद तब शुरू हुआ जब तमिलनाडु सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ - जो आविन ब्रांड नाम से डेयरी उत्पाद बेचता है - ने एफएसएसएआई के निर्देशानुसार अपने मुद्रित पाउच में हिंदी शब्द दही का उपयोग करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह केवल तमिल शब्द थाइर तक ही सीमित रहेगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस कदम को हिंदी थोपने के प्रयास के रूप में बताया। डेयरी विकास मंत्री एस एम नसर ने कहा कि सरकार को अगस्त से पहले निर्देश लागू करने के लिए एक पत्र मिला था। स्टालिन ने ट्वीट में कहा, हिंदी थोपने की जिद हमें एक दही के पैकेट पर भी हिंदी में लेबल लगाने के लिए निर्देशित करने की हद तक पहुंच गई है, हमारे अपने राज्यों में तमिल और कन्नड़ शब्द को हटा दिया गया है।

# निजी चिकित्सकों की हड़ताल से मरीज परेशान, इलाज के लिए दूसरे राज्यों की ओर रुख

**जयपुर।** राजस्थान में स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) विधेयक के खिलाफ निजी अस्पतालों व चिकित्सकों की हड़ताल के कारण कई मरीज परेशान हैं और इलाज के लिए हड़ताल खत्म होने का इंताजर कर रहे हैं जबकि कई दूसरे राज्यों का रुख करने को मजबूर हैं। ऐसे ही मरीजों में मधुमेह और फेफड़े की बीमारी से पीड़ति 70 वर्षीय सरकारी पेंशनभोगी रामावतार गुप्ता भी हैं जो हर महीने जयपुर के टोंक रोड स्थित एक निजी अस्पताल में राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के तहत डॉक्टर से दवा लेने के लिए जाते थे। तीन दिन पहले उनकी दवाएं खत्म हो गईं और निजी अस्पतालों की हड़ताल खत्म होने का इंतजार करने लगे। कोई उम्मीद न देखकर गुप्ता ने डॉक्टर के पर्चे के बिना कुछ समय के लिए एक दवा की दुकान से दवाएं खरीदीं। इसी तरह, 65 वर्षीय प्रमिला देवी का गोपालपुरा बाईपास के एक निजी अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया था और डॉक्टर ने उन्हें एक महीने बाद जांच के लिए आने को कहा था। आंखों की दवा (ड्रॉप) खत्म हो गई है और उनके और परिवार के सदस्यों के पास डॉक्टरों से परामर्श लेने के लिए हड़ताल खत्म होने का इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वे इस बात को लेकर भी असमंजस में हैं कि ड्रॉप डालते रहें या बंद कर दें।

ऐसे अनगिनत मरीज हैं, जो स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) विधेयक के खिलाफ निजी अस्पतालों व चिकित्सकों की हड़ताल के कारण परेशान हो रहे हैं। निजी चिकित्सक राज्य विधानसभा में पारित आरटीएच विधेयक को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस कानून से निजी अस्पतालों के कामकाज में नौकरशाही का दखल बढ़ेगा। विधेयक को पूरी तरह से वापस लेने की मांग को लेकर राज्य में निजी अस्पताल पूरी तरह से बंद हैं- न ओपीडी है, न आपाता सेवा चल रही है। निजी डॉक्टरों की हड़ताल बृहस्पतिवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गई। विधेयक के अनुसार, राज्य के प्रत्एक निवासी को किसी भी ैसार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान और नामित स्वास्थ्य केंद्रै में ैबिना पूर्व भुगतानै के आपातकालीन उपचार और देखभाल का अधिकार होगा।

इस हड़ताल की वजह से निजी अस्पतालों के मरीजों का एक हिस्सा सरकारी अस्पतालों में स्थानांतरित हो गया है जबकि कई मरीज, जो मानते हैं कि उन्हें किसी आपात स्थिति का सामना नहीं करना पड़ रहा है, वे सरकारी अस्पतालों में जाने के बजाय हड़ताल खत्म होने का इंतजार कर रहे हैं। अनेक ऐसे मरीज भी हैं जो इलाज के लिए पड़ोसी गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में जा रहे हैं। सरकारी कर्मचारी यशवंत कुमार ने कहा, ैहर कोई देख सकता है कि चिकित्सक इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं और सरकार इसका बचाव कर रही है। मरीजों की सुविधा के लिए कुछ भी नहीं हैै

शेयर ब्रोकर ओमप्रकाश ने कहा कि उनकी गर्दन में दर्द हो रहा है लेकिन सरकारी अस्पतालों में लंबी कतारों को देखते हुए उन्हें निजी चिकित्सकों की हड़ताल खत्म होने का इंतजार है। उन्होंने कहा, मुझे बहुत कम समय मिलता है इसलिए मैं सरकारी अस्पताल नहीं जा सकता और डॉक्टर को दिखाने के लिए मारामारी नहीं कर सकता बशर्ते कोई आपात स्थिति न हो। मैंने कुछ योग और व्यायाम किया। कुछ हद तक राहत मिली, लेकिन मुझे दर्द है और इसलिए मैं फार्मेसी (दुकान) पर दर्द निवारक दवा लेने आया हूं।

मानसरोवर स्थित फार्मेसी के मालिक ने कहा कि हड़ताल के कारण ओमप्रकाश की तरह अनेक लोग लक्षणों के आधार पर दवा खरीदने आ रहे हैं। वहीं पड़ोसी राज्यों के करीबी इलाकों के लोग जो पैसा खर्च कर सकते हैं या जिन्हें आपात स्थिति है वे दूसरे राज्यों के निजी अस्पतालों में जा रहे हैं। कई मरीज ऐसे हैं जो उदयपुर संभाग से गुजरात गए हैं। इसी तरह कोटा संभाग के लोग मध्य प्रदेश में विकल्प तलाश रहे हैं। अलवर और भरतपुर के लोगों के लिए एम्स जैसे दिल्ली के अस्पताल पसंदीदा विकल्प हैं। कोटा के शोभित सक्सेना ने कहा कि उनकी पत्नी के गले में ट्यूमर का पता चला है और डॉक्टरों ने जल्द से जल्द सर्जरी की सलाह दी है। सरकारी अस्पतालों में भीड़ है, इसलिए वह इसके लिए गुजरात जाने की योजना बना रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि काम का बोझ संभालने के लिए सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था की जा रही है। मंगलवार और बुधवार को दो दिनों में वॉक-इन इंटरव्यू (सीधे साक्षात्कार) के माध्यम से लगभग 300 जूनियर रेजीडेंट डॉक्टरों का चयन किया गया है जबकि 700 और जूनियर रेजीडेंट डॉक्टरों का चयन जल्द ही किया जाएगा। इससे मेडिकल कॉलेजों से जुड़े सरकारी अस्पतालों में दबाव कम करने में मदद मिलेगी। सरकार के पास अपना बड़ा बुनियादी ढांचा है और इसे कोरोना के दौरान मजबूत किया गया है।

# लखनऊ में दम दिखाने को लोकेश तैयार

● राजधानी के लोग आईपीएल मैचों को देखने को बेताब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ।

**राजधानी लखनऊ** आईपीएल मुकाबले को तैयार है। इकाना स्टेडियम टीमों की मेजबानी के फिट है। पिछले कु छ दिन से लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम पूरे जोश के साथ अभ्यास कर रही है। लखनऊ के लोग भी मैचों को देखने को बेताब हैं। वहीं लखनऊसुपर जाइंट्स के कप्तान लोकेश राहुल के लिए 2023 अंतरराष्ट्रीय सत्र अब तक निराशाजनक रहा है और वह आईपीएल 2023 में इस हताशा को दूर करना चाहेंगे। राहुल कप्तानी में प्रभावित नहीं कर पाए हैं और उनकी बल्लेबाजी शैली पर भी सवाल उठे हैं। लखनऊ की टीम संतुलित है और गौतम गंभीर के रूप में उसके पास कुशल रणनीतिकार है। टीम के पास कृणाल पंड्या, दीपक हुड्डा और आयुष बडोनी जैसे खिलाड़ी हैं जो मध्य क्रम को गहराई प्रदान करते हैं। टीम के पास मार्क वुड जैसा गेंदबाज भी है जो अपनी 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाली गेंदों से विरोधी बल्लेबाजों को परेशान कर सकता है। सनराइजर्स की ओर से पिछले सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले निकोलस पूरन को लखनऊ ने 16 करोड़ रुपए में खरीदा और वह इस दांव को सही साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे।



## मोहसिन की गैरमौजूदगी बड़ा झटका: फ्लावर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने मोहसिन खान के चोटिल होने को टीम के लिए बड़ा झटका करार देते हुए गुरुवार को कहा कि उन्होंने इस युवा तेज गेंदबाज को चयन विकल्प से बाहर कर दिया है। फ्लावर ने कहा कि बाएं हाथ का यह गेंदबाज अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में वापसी करने में सफल रहा तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा। मोहसिन ने पिछले साल आईपीएल के पहले सत्र में अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। वह कंधे की चोट के कारण 2023 सत्र के अधिकांश मैचों में नही खेल पाएंगे। फ्लावर ने कहा, उसके नही होने से झटका लगा है, इसमें कोई शक नही है। हम उम्मीद कर रहे है कि वह टूर्नामेंट के आखिरी मैचों में वापसी कर सकता है। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान को हालांकि संदेह है कि वह पूरे सत्र लिए उपलब्ध नही होंगे। मैंने काफी हद तक उसे चयन विकल्प के रूप में खारिज कर दिया था, और अगर वह टूर्नामेंट के दौरान फिट हो जाता है, तो मै इसे एक बोनस के रूप में देखता हूं। लेकिन मै निश्चित रूप से इसकी उम्मीद नही कर रहा हूं।

## एफएम रेडियो पर भी मैचों का लुत्फ लेंगे

**लखनऊ।** भारत का प्रमुख एफएम रेडियो नेटवर्क रेडियो सिटी, इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे प्रॉमिसिंग टीम लखनऊ सुपरजायंट्स एलएसजी के साथ एक्सक्लूसिव रेडियो पार्टनर के रूप में जुड़ा है। इस कोलैब्रेशन के माध्यम से रेडियो सिटी का उद्देश्य पूरे क्षेत्र को एक साथ लाना और टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एक बेहतर रिलेशन बनाना है, जबकि उत्तर प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों का अपनी पसंदीदा टीम के साथ इमोशनल बांड मजबूत करना है। इस पार्टनरशिप के साथ रेडियो सिटी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स और इसके मैचों के लिए इनोवेटिव कैम्पेन का आयोजन करके भरपूर उत्साह पैदा करेगी। जिसमें कॉन्टेस्ट, फैन इंगेजमेंट इनीशिएटिव, मस्ती से भरे जिंगल और बहुत कुछ शामिल हैं। इस पार्टनरशिप के बारे में बात करते हुए रेडियो सिटी के सीईओए आशित कुकियन ने कहा प्रत्येक शहर की नब्ज को समझने के लिए जाना जाता है और विशेष रूप से यूपी की पसंदीदा आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड़ने से बेहतर क्या हो सकता है! एलएसजी के साथ हमारे जुड़ाव का यह दूसरा साल है और हम उनके एक्सक्लूसिव रेडियो पार्टनर बनकर रोमांचित हैं।

# पंडित के कोचिंग कौशल की बदौलत फिर आईपीएल खिताब जीतने उतरेगा केकेआर

**भाषा।** कोलकाता

*दो बार का चैंपियन* कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नौ साल बाद दोबारा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा तो उसे कोच चंद्रकांत पंडित की रणनीतिक दक्षता से काफी उम्मीदें होंगी लेकिन टीम को चोटों की समस्या और बल्लेबाजी क्रम में स्तरीय खिलाड़ियों की कमी से पार पाना होगा। पिछले साल दिसंबर में आईपीएल की नीलामी में केकेआर ने आठ खिलाड़ियों को खरीदा था जिसमें बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन डेढ़ करोड़ रुपए के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे। केकेआर ने साथ ही नामीबिया के ऑलराउंडर डेविड वाइसी को एक करोड़ रुपए जबकि तमिलनाडु के फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को 90 लाख रुपए में खरीदा था। बांग्लादेश के स्टार बल्लेबाज लिटन दास भी केकेआर का हिस्सा हैं।

**मौके:** केकेआर की टीम पिछले कुछ आईपीएल में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है और पिछले साल तो वह 10 टीम में सातवें स्थान पर रही थी। आगामी सत्र में टीम के पास अपने आलोचकों को गलत साबित करने का मौका होगा। टीम के पास नया कोच है जो जानता है कि सकारात्मक नतीजे कैसे हासिल किए जाते हैं। सुझावों की कोई कमी नहीं होगी लेकिन खिलाड़ियों को इसे



**मजबूती:** केकेआर का सबसे मजबूत पक्ष टीम में स्तरीय ऑलराउंडरों की मौजूदगी है। वर्षों से कोलकाता की टीम ने अपने ऑलराउंडर विभाग को मजबूत करने पर ध्यान दिया है और इस बार भी ऐसा ही है।आंद्रे रसेल और सुनील नारायण की वेस्टइंडीज की जोड़ी ने अतीत में अपनी छाप छोड़ी है लेकिन कई बार इनमें प्रदर्शन में निरंतरता की कमी नजर आती है।

**कमजोरी:** श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी से केकेआर का शीर्ष क्रम कमजोर होगा जो टीम के लिए चिंता का विषय है। अय्यर के पीठ की चोट के कारण इस साल पूरे आईपीएल से बाहर रहने की संभावना है। पिछले साल केकेआर अपनी सलामी जोड़ी से सफलता हासिल नही कर पाया था जो उसके जूझने का मुख्य कारण था।अब यह देखना होगा कि इस साल पंडित इस विभाग में कैसे सुधार करते है।केकेआर लिटन और नारायण की दाएं और बाएं हाथ की जोड़ी के साथ पारी का आगाज करा सकता है जबकि कप्तान नितीश राणा, जगदीशन, शाकिब और रसेल मध्य क्रम में भूमिका निभाएंगे। शीर्ष क्रम में वेंकटेश भी पंडित के लिए विकल्प हो सकते हैं लेकिन नया कोच टीम में अधिक बदलाव से बचना चाहेगा।

## पिस्टोरियस इस सप्ताह पेरोल पर हो सकते है रिहा

**केप टाउन।** पूर्व ओलंपिक धावक ऑस्कर पिस्टोरियस ने पेरोल के लिए आवेदन किया है और उम्मीद की जा रही है इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। पिस्टोरियस अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकैंप की 2013 में गोली मारकर हत्या करने का आरोप साबित होने के बाद 13 साल पांच महीने जेल की सजा काट रहे है। वह इस घटना के 10 साल बाद जेल से रिहा हो सकते है। रीवा के माता-पिता बैरी और जून स्टीनकैंप ने कहा है कि वे पिस्टोरियस की रिहाई का विरोध करेंगे। बैरी ने बेटी की हत्या की 10वी बरसी पर पिछले महीने प्रकाशित ब्रिटेन के डेली मेल अखबार के साथ एक साक्षात्कार मे कहा था, वह एक हत्यारा है। उसे जेल में रहना चाहिए। सुधार विभाग ने पिस्टोरियस की सुनवाई से जुड़ी जानकारी यह कहते हुए देने से इनकार कर दिया कि यह किसी अन्य पेरोल सुनवाई की तरह एक आंतरिक मामला है।

## टाईडब्ल्यूएल के ग्रुप की घोषणा हुई

**नई दिल्ली।** इंडियन वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) का गुरुवार को यहां फुटबॉल हाउस में ड्रॉ हुआ जिसके बाद ग्रुप की घोषणा की गई। ड्रॉ के दौरान अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरन भी मौजूद थे। आईडब्ल्यूएल 25 अप्रैल से शुरू होगा जिसमें 16 टीम हिस्सा लेगी जिन्हे दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष चार टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। शीर्ष आठ टीम को साथ ही अगले सत्र के आईडब्ल्यूएल मे सीधे प्रवेश मिलेगा जो अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मुकाबलों के प्रारूप में खेला जाएगा।

## एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में भारत को जापान के साथ जगह मिली

**नई दिल्ली।** भारत को 15 जून से दो जुलाई तक थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को ग्रुप डी में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ जगह मिली। ड्रॉ समारोह का आयोजन बैंकॉक मे किया गया। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीम नॉकआउट चरण मे जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल मे पहुंचने वाली चार टीम पेरू मे होने वाले 2023 फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## आईओसी ने आईओए से बिना विलंब किए सीईओ नियुक्त करने को कहा

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से बिना किसी विलंब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को नियुक्त करने को कहा है। आईओसी ने इसके साथ ही 140वे सत्र के इस साल मुंबई में आयोजित होने की पुष्टि की। आईओसी ने बुधवार रात यहां अपने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान औपचारिक रूप से आईओए चुनावों के परिणामों को स्वीकार किया।।

## डेविस कप में स्पेन की भिड़ंत सर्बिया से, क्रोएशिया से खेलेगा अमेरिका

**लंदन।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज और दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की डेविस कप में भिड़ंत देखने को मिल सकती है क्योंकि स्पेन और सर्बिया को इस टीम टेनिस टूर्नामेंट के ग्रुप सी में रखा गया है। स्पेन सितंबर में वेलेंसिया में ग्रुप सी की मेजबानी करेगा जिसमें उसके और सर्बिया के अलावा चेक गणराज्य और दक्षिण कोरिया को भी रखा गया है। ग्रुप डी में अमेरिका का सामना दो बार के चैंपियन क्रोएशिया से होगा।

# दिल्ली की उप कप्तानी मेरी कड़ी मेहनत का इनाम : अक्षर पटेल

**भाषा।** नई दिल्ली

**अक्षर पटेल दिल्ली** कैपिटल्स के उप कप्तान की अपनी नई भूमिका को लेकर रोमांचित हैं और उनका कहना है कि पिछले कुछ सत्र में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए जो कड़ी मेहनत की है यह उसका पुरस्कार है। ऑलराउंडर अक्षर ने दिल्ली के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कहा, मेरे नजरिए से अगर आपको यह भूमिका मिली है तो इसका मतलब है कि सीनियर खिलाड़ी के रूप में आपने प्रगति की है। यह आपने टीम के लिए जो भी किया है उसके पुरस्कार की तरह हैं। मैं इस भूमिका को लेकर रोमांचित हूं। उन्होंने कहा, हमारी अधिकांश टीम पहले वाली है, पिछले तीन-चार साल से वही खिलाड़ी खेल रहे हैं। हम अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह जानते हैं और यह महत्वपूर्ण बिंदू है। दिसंबर में कार दुर्घटना में चोटिल हुए ऋषभ पंत के स्थान पर दिल्ली की टीम ने मौजूदा सत्र में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर को कप्तान नियुक्त किया है। वह नए कप्तान वार्नर का पूरा समर्थन करेंगे। डेविड प्रतिभावान खिलाड़ी है। मैं उसे ऐसा माहौल दूंगा जिसमें वह अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल कर सके। जब आप दिल्ली कैपिटल्स के शिविर से जुड़ते हैं तो यह पूरी तरह से अलग अहसास होता है। तीन-चार साल से फ्रेंचाइजी के साथ हूं और यह घर की तरह लगता है। दिल्ली की टीम अपने अभियान की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उसी के मैदान पर करेगी और फिर चार अप्रैल को अपने मैदान पर गत चैंपियन गुजरात टाइटंस से खेलेगी।



ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से सलाह लेंगे।

## भुवनेश्वर शुरुआती मैच में सनराइजर्स की अगुवाई करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मुकाबले में टीम की अगुआई करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान एडेन मार्कराम दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मौजूदा सत्र शुक्रवार को अहमदाबाद में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस और चार बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के मैच के साथ शुरू होगा। सनराइजर्स हैदराबाद अपना पहला मैच रविवार को हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

## आईपीएल मेजबान के रूप में पदार्पण करेगा पूर्वोत्तर

**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद से पूर्वोत्तर पहली बार इस लुभावनी टी20 लीग के मेजबान के रूप में पदार्पण करेगा जब राजस्थान रॉयल्स के दो घरेलू मुकाबले अगले महीने यहां खेले जाएंगे। असम क्रिकेट संघ (एसीए) स्टेडियम शुक्रवार से शुरू हो रहे आईपीएल में रॉयल्स के घरेलू स्थलों में से एक है और टीम यहां पांच अप्रैल को पंजाब किंग्स जबकि आठ अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। एसीए सचिव त्रिदिब कंवर ने पीटीआई से कहा, हमें 2020 में भी राजस्थान रॉयल्स के दो मैच आवंटित हुए थे लेकिन कोविड-19 के प्रकोप के कारण ए मुकबले नही हो पाए। हमें खुशी है कि इस साल यहां दो मैच के आयोजन का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि तैयारियां जोर-शोर से चल रही है और एसीए राजस्थान रॉयल्स टीम के लगातार संपर्क मे है।

## दिल्ली कैपिटल्स के साथ बीकेटी की मजबूत साझेदारी

**नई दिल्ली।** बालकृष्ण इंडस्ट्रीज -बीकेटी दिल्ली कैपिटल्स के साथ आधिकारिक टायर पार्टनर के रूप में अपनी दीर्घकालिक साझेदारी जारी रखने के लिए तैयार है। आगामी क्रिकेट लीग 2023। इस साल बीकेटी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सहयोग का चौथा सीजन है, जिससे उनकी साझेदारी और मजबूत हुई है। बहुप्रतीक्षित टी20 क्रिकेट लीग 31 मार्च 2023 से शुरू होने वाली है। इस दीर्घकालिक साझेदारी पर टिप्पणी करते हुएए बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजीव पोद्दार ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स क्रिकेट को परिभाषित करने वाली लड़ाई की भावना का प्रतीक है। बीकेटी टायर्स में हम अपने ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली कैपिटल्स के साथ हमारी साझेदारी जो अब अपने चौथे वर्ष में है, कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के हमारे साझा मूल्यों का प्रमाण है। हम टीम के आधिकारिक टायर पार्टनर बनने के लिए उत्साहित हैं और देश भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए नवाचार और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए तत्पर हैं। 160 देशों में बीकेटी की उपस्थिति और क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो वैश्विक दर्शकों तक पहुंच गया हैए हमें दिल्ली कैपिटल्स का समर्थन करने पर गर्व है क्योंकि वे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे हेजलवुड, मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शुक्रवार से अहमदाबाद में शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट.कॉम.एयू की एक रिपोर्ट के मुताबिक हेजलवुड को टी20 टूर्नामेंट के बाद के चरण में खेलने की उम्मीद है। यह 32 वर्षीय तेज गेंदबाज पैर की चोट से उबर रहा है जिसके कारण वह भारत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेजलवुड आईपीएल में भाग लेने का फैसला करने से पहले क्रिकेट

# गुजरात व चेन्नई के मुकाबले में दिखेगा रोमांच

● इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सत्र का आगाज आज से

**भाषा।** अहमदाबाद

**हार्दिक पंड्या की** अगुवाई में अपने पहले अभियान में चैम्पियन बनी गुजरात टाइटन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सत्र के शुरूआती मुकाबले में जब करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के सामने शुक्रवार को यहां मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछली सफलता को जारी रखने की होगी। पंड्या कई बार धोनी को अपना मेंटोर (मार्गदर्शक या गुरु) बता चुके हैं और पिछले सत्र में शिष्य पंड्या की टीम दो बार गुरु धोनी की टीम को हराने में सफल रही थी। शुभमन गिल अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दौर से गुजर रहे है और राशिद खान की निरंतरता में कोई कमी नहीं आई है। खुद पंड्या ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और पिछले आईपीएल में चोट से वापसी के बाद गेंद और बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन कर रहे है। टीम को इस मैच में अनुभवी डेविड मिलर की कमी खलेगी लेकिन पिछले कुछ समय से राहुल तेवतिया ने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस कमी को पूरा करने की कोशिश करेंगे। टीम में न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन भी है। वह हालांकि इस प्रारूप में ज्यादा खतरनाक नहीं माने जाते है लेकिन कम स्कोर वाले मैच में वह टीम के संकटमोचक बन सकते है। दूसरी ओर चार बार की चैम्पियन टीम चेन्नई के लिए पिछला सत्र काफी खराब रहा था और टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर थी। पिछले सत्र में भी उनकी योजनाएं कारगर थी लेकिन उसके कार्यान्वयन में कमी रह गई थी। शुक्रवार को जब 16वें सत्र का आगाज होगा तो प्रतियोगिता में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण मैच में 12 खिलाड़ी खेलेंगे।



## धोनी ने बाएं घुटने में चोट के कारण नहीं किया अभ्यास, सीएसके के सीईओ ने कहा खेलेगा कप्तान

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बाएं घुटने की चोट ने शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले मैच में उनके खेलने पर संदेह की स्थिति बना दी लेकिन टीम के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) ने ऐसी किसी भी संभावना से इनकार किया है। भारत के पूर्व कप्तान 41 साल के धोनी को चेन्नई में अभ्यास सत्र के दौरान बाएं घुटने पर चोट लगी थी। उन्होंने गुरुवार को यहां मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे अभ्यास के दौरान बल्लेबाजी नही की। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन से जब पूछा गया तो उन्होने पीटीआई-भाषा से कहा, जहां तक मेरा सवाल है तो कप्तान 100 प्रतिशत खेलेंगे। मुझे किसी और घटनाक्रम की जानकारी नही है।

## क्रिस्टिया ने मियामी में सबालेंका को हराया

**भाषा।** मियामी गार्डन्स


सोरेना क्रिस्टिया ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को मियामी ओपन में सीधे सेट में हराकर एक दशक में पहली बर डब्ल्यूटीए 1000 टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई।क्रिस्टिया ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेका को 6-4, 6-4 से हराया। सबालेंका शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं जिन्हें क्रिस्टिया ने शिकस्त दी है। क्रिस्टिया ने इससे पहले इसी महीने इंडियन्स वेल्स में चौथे नंबर की खिलाड़ी कैरोलिन गार्सिया को हराया था और फिर मियामी में भी दूसरे दौर में गार्सिया को शिकस्त दी।अपने करियर में दो एकल खिताब जीतने वाली रोमानिया की दुनिया की 74वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टिया अगले दौर में पेत्रा क्वितोवा और एकाटेरिना एलेक्सांद्रोवा के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

# सिंधू और श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में

● मैड्रिड मास्टर्स

**भाषा।** मैड्रिड

**भारतीय खिलाड़ी** पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों को सीधे गेम में जीत कर मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू इस साल पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंची। उन्होंने महिला एकल के आधे घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वारदानी को 21-16 21-14 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने दूसरे दौर के मैच में 49वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हमवतन बी साई प्रणीत को 21-15, 21-12 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त 27 साल की सिंधू चोट से वापसी के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। वह 2023 में पहली बार दूसरे दौर की बाधा को पार करने में सफल रही। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण नवंबर 2016 के बाद पहली बार रैंकिंग में शीर्ष 10 खिलाड़ियों की सूची से बाहर होने वाली सिंधू के सामने अंतिम आठ में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट की चुनौती होगी। पुरुष एकल में श्रीकांत के सामने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोतो की कड़ी चुनौती होगी। निशिमोतो को दूसरे दौर के मैच में फ्रांस के अर्नोद मर्केल ने वाकओवर दे दिया। किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत दूसरे दौर में हारकर पुरुष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए। जॉर्ज को डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन ने 31 मिनट में 17-21 12-21 से हराया जबकि राजावत को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव ने 14-21 15-21 से हराया।





## मुकुंद शशिकुमार मैसुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**मैसुरु।** भारत के शशिकुमार मुकुंद ने गुरुवार को यहां हमवतन टेनिस खिलाड़ी फैसल कमर को 6-। 6-2 से हराकर आईटीएफ मैसूर ओपन 2023 के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह शशिकुमार का दिन का दूसरा मैच था क्योंकि चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय को इससे पहले सर्बिया के बोरिस बुटुलिजा के खिलाफ बुधवार शाम के अंतिम 32 दौर के मैच को पूरा किया। शशिकुमार पहले सेट में 2-। से आगे चल रहे थे तब बारिश ने मैच को बाधित कर दिया था और उन्होंने गुरुवार को इस मुकाबले को 6-3 3-6 6-3 से अपने नाम किया। करण सिंह ने सातवीं वरीयता प्राप्त हमवतन सिद्धार्थ को 7-6 (3) 3-6 6-4 से जबकि स्थानीय खिलाड़ी एसडी ने हमवतन विष्णु को 6-4 7-6 (6) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। युगल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त बी रित्विक चौधरी और निकी पूनाचा की भारतीय जोड़ी ने नितिन और बैक्स को 6-3 7-6 (3) से पछाड़ कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

# सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियन्स प्रबल दावेदार

● आईपीएल 2023: धोनी व रोहित पर नजर

**भाषा।** नई दिल्ली

**महेंद्र सिंह धोनी** के भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलबाजी, विराट कोहली का खिताब के लिए लगातार लंबा होता इंतजार और रोहित शर्मा की फॉर्म पर शुक्रवार से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान सभी की नजरें रहेंगी। धोनी, कोहली और रोहित ने पिछले 15 साल में आईपीएल को रोमांचक बनाने में अहम भूमिका निभाई है जिससे भारत के क्रिकेट के दीवाने प्रशंसक हर साल लगभग दो महीने चलने वाले इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आईपीएल अपने 16वें सत्र में प्रवेश कर रहा है और इस टूर्नामेंट में कुछ ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं जो बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं। इस बार इंपेक्ट प्लेयर नियम शुरू किया जाएगा जबकि वाइड और कमर से ऊपर की नोबॉल के लिए डीआरएस का सहारा लिया जा सकेगा। इसके अलावा दो बड़े प्रसारणकर्ता भी इस बार मीडिया अधिकारों की टीवी बनाम डिजिटल की लड़ाई में शामिल हो रहे है। धोनी लगभग 42 साल के हो गए हैं लेकिन सीएसके के प्रशंसकों के बीच उनकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। ए प्रशंसक चेपक पर अपने थाला को लंबे छक्के जड़ते हुए देखने के लिए बड़ी संख्या में जुटते हैं। लोगों का कहना है कि चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की जर्सी में यह धोनी का अंतिम साल होगा लेकिन इस दिग्गज क्रिकेटर के भविष्य पर अटकलबाजी करना कभी आसान नहीं रहा। रोहित भी इससे सहमत हैं और उन्हें हैरानी नहीं होगी अगर भारतीय टीम का उनका कप्तान 45 साल की उम्र तक खेलता रहे। सीएसके की टीम 2022 में प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाई थी और इस बार धोनी की नजरें मुंबई के पांच खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर टिकी होंगी। टीम ने बेन स्टोक्स को अपने साथ जोड़ा है जो अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी से मैच का नक्शा पलट सकते हैं। डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ पारी का आगाज कर सकते हैं जबकि अंबाती रायुडू बल्ले और दीपक चाहर गेंद से खुद को साबित कर चुके हैं। सिमरजीत सिंह और मथीसा पथिराना ने पिछले सत्र में प्रभावित किया था। सीएके की टीम अगर स्टोक्स, मोईन अली और कॉनवे के रूप में तीन विदेशी खिलाड़ियों के साथ उतरती है तो पथिराना इंपेक्ट प्लेयर की भूमिका निभा सकते हैं। दूसरी तरफ आईपीएल के सबसे सफल कप्तान रोहित को अपनी और टीम की फॉर्म में वापसी की उम्मीद होगी। टी20 प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे में पहली गेंद पर आउट होने की हताशा के बाद नए प्रारूप में नई शुरुआत करना चाहेंगे। जोफ्रा आर्चर की मौजूदगी से तेज गेंदबाजी विभाग मजबूत होगा लेकिन निश्चित तौर पर जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी का असर पड़ेगा। मुंबई की नजरें हालांकि भविष्य की टीम तैयार करने पर टिकी हैं जो टीम में शामिल डेवाल्ड ब्रेविस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा, ऋतिक शौकीन और कुमार कार्तिकेय जैसे युवा खिलाड़ियों को देखकर साबित होता है। धोनी और रोहित की तरह कोहली भी सभी आईपीएल में खेले हैं लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे हैं।





## उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वाण्डो में उम्दा प्रदर्शन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सब जूनियर ताइक्वाण्डो टीम ने कटक ओडिशा में आयोजित 36वीं राष्ट्रीय सब जूनियर और 11वी पूमसे राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में उम्दा प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण सहित 8 पदक जीतते हुए अपने नाम किये। 25 से 27 मार्च 2023 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने पूमसे में एक स्वर्ण पदक जीता और क्योरगी के विभिन्न भार वर्गों में 5 रजत व 2 कांस्य पदक जीते। उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओ की वापसी पर उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू एवं सचिव राजकुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खेलों से मन को कर सकते हैं शांत

**नई दिल्ली।** गेम व इंटरटेनमेंट से मन को शांत करने की योजना और मजबूत होगी। सबसे बड़े रेक्रीऐशन और एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स स्मैश ने दिल्ली में स्पेक्ट्रम और जनकपुरी में दो नए सेंटर के साथ विस्तारित किया। यह अपने अत्याधुनिक और भव्य अनुभवों के साथ-साथ अपने आकर्षक और शानदार माहौल के साथ गेमप्ले और एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित डोज देता है। यह आधुनिक एम्यूजमेंट स्पेस स्पेक्ट्रम के ऐसे द्वार के रूप में कार्य करता है, जहां कोई भी व्यक्ति प्रसन्न और संतुष्ट हो सकता है। स्मैश प्रतिस्पर्धी माहौल के साथ एंटरटेनमेंट देता है और मन को शांत करता है। स्मैश के फाउंडर श्रीपाल मोराखिया ने कहा कि दोनों लोकेशन पर स्मैशन एक मनोरंजन और गेमिंग स्थान है जिसमें एक सेटिंग है जो हमारे मज़ेदार खेलों के माध्यम से उनके मनोरंजक अनुभवों को नए तरीके से डिफाइन करने की अवधारणा का प्रतिनिधित्व करती है। इसके अट्रैक्टिव गेम्स और नए जोड़े गए खेलों के कारण ये स्थान अपने परिवार और दोस्तों के साथ एंजॉय करने के लिए मजेदार जगह है। गेमप्ले सेक्शन एलईडी और अल्ट्रावायलेट लाइट से जगमगाते हैं। ये और अच्छी तरह से ट्रेंड स्टॉफआपको गेम चुनने में मदद करेंगे और आप खेलते समय ही ऐपेटाइजर ऑर्डर कर सकते हैं। इसमें एक आकर्षक और लुभाने वाला वातावरण है जो एक एंटरटेनमेंट हब के रूप में कार्य करता है और लोगों को अपनी रूटीन लाइफस्टाइल से निकलने का मौका देता है।